# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : शनिवार, 25 जुलाई, 2026 ■ वर्ष -01 ■ अंक-159 ■ पृष्ठ-14 ■ मूल्य : 01 रु. ■ ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com

## संक्षिप्त खबरें

### प्रधान के इस्तीफे पर आज जवाब देगी सरकार: सीजेपी

**नई दिल्ली।** कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और जितेंद्र सिंह की कॉकरोच जनता पार्टी के साथ बैठक हुई। बैठक में शामिल पार्टी के मुख्य प्रवक्ता सौरव दास और राष्ट्रीय प्रवक्ता आशुतोष रांका ने मीडिया से बातचीत में कहा कि मंत्रियों के साथ करीब 10 मिनट तक बैठक हुई। हमने सरकार के सामने तीन मांगें रखीं। पीड़ितों के परिजनों को एक करोड़ मुआवजा, धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा और छात्रों पर दर्ज किए गए केस को वापस लिया जाए।

### पूर्णिया में वार्ड पार्षद के बेटे और भाई को मारी गोली

**पूर्णिया ।** पूर्णिया शहर में देर रात गोलीबारी की बड़ी घटना सामने आई है. मरंगा थाना क्षेत्र के नेवालाल चौक पर बदमाशों ने नगर निगम की वार्ड नंबर 24 की पार्षद राखी देवी के बेटे शुभम कुशवाहा और उनके भाई सागर पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी. इस हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए. शुभम की हालत सबसे ज्यादा नाजुक बताई जा रही है. दोनों का इलाज पूर्णिया के एक निजी अस्पताल में चल रहा है. घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

### मुजफ्फरपुर में इंटरनेट व औरंगाबाद में स्कूल बंद

**पटना।** नीट पेपर लीक और धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर बिहार में शुक्रवार को भी छात्रों का प्रदर्शन जारी रहौ। बेतिया, बक्सर, सुपौल, जमुई और समस्तीपुर में छात्र पोस्टर-बैनर लेकर सड़कों पर उतरे हैं। वैशाली में बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी सड़क पर उतरकर नारेबाजी की। इस दौरान पीएम मोदी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला फूंका। समस्तीपुर-मधुबनी में भी प्रदर्शन किया गया। खगड़िया और दरभंगा में हजारों की संख्या में छात्र सड़कों पर उतरकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री के खिलाफ नारेबाजी की। मुजफ्फरपुर में 26 जुलाई तक इंटरनेट सेवा और औरंगाबाद में 26 जुलाई तक सभी स्कूल, कॉलेज और शैक्षणिक संस्थान और इंटरनेट सेवा बंद किया गया है।

### बाढ़ में परिवार को बंधक बनाकर 15 लाख लूटे

**बाढ़।** बाढ़ थाना क्षेत्र के बुढ़नउद्दीन चक गांव में शुक्रवार की सुबह हथियारबंद बदमाशों ने एक घर में घुसकर पूरे परिवार को बंधक बनाते हुए लाखों रुपये की डकैती की वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। सूचना मिलते ही बाढ़ थानाध्यक्ष ब्रजकिशोर सिंह के नेतृत्व में मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पीड़ित जयचंद्र चौधरी ने बताया कि सुबह करीब 7:30 बजे वह पूजा करने के लिए छत पर गए थे। इस दौरान उन्होंने देखा कि स्टोर रूम का दरवाजा खुला हुआ है। संदेह होने पर जैसे ही उन्होंने दरवाजा खोला, अंदर पहले से मौजूद करीब पांच हथियारबंद बदमाशों ने उन्हें दबोच लिया और एक कमरे में बंधक बना दिया।

### पेपर लीक : नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के 47 अफसर बर्खास्त

**नई दिल्ली।** नीट पेपर लीक मामले में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 47 अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया है। न्यूज एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से यह खबर दी। बर्खास्त अधिकारियों के खिलाफ क्रिमिनल केस दर्ज किया जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक यह कदम एनटीए में बड़े पैमाने पर हो रहे बदलाव के तहत उठाया गया है। एनटीए में सुधार के लिए जल्द ही और एक्शन लिए जाएंगे। एक दिन पहले सरकार ने गुरुवार को शिक्षा मंत्रालय के दो सचिवों को बदला था।अधिकारियों के अनुसार, आउटसोर्सिंग व्यवस्था में बदलाव किया जाएगा।

## वांगचुक का टूटा दिल, बोले-अनशन पर सवाल उठाने वालों पर धिक्कार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नीट पेपर लीक विरोध और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर 26 दिनों तक अनशन पर बैठे रहे सोनम वांगचुक का दिल टूट गया है। अनशन खत्म करने के बाद लोगों के सवालों का जवाब दे रहे सोनम ने शुक्रवार रात को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो शेयर कर अपनी बात रखी।



वीडियो में सोनम वांगचुक ने कहा कि फिजिकली, लड़कर झगड़कर, हड़ताल के अंदर एक और हड़ताल करके, जमीन पर लेटकर जो ताकत 20वें दिन मुझमें बची थी, वो ताकत लगाकर मुझे बाहर निकलना पड़ा। दोस्तों, ये वीडियो मैं थोड़ा दुख और हैरानी के साथ बना रहा हूं। अपने भाइयों-बहनों और छात्रों के लिए 26 दिन भूखा रहने के बाद, जिसमें कि मेरा 11 किलो शरीर खत्म हो गया है, मसल्स चले गए हैं, बॉडी के ऑर्गन्स और दिमाग लगभग डैमेज हो चुके हैं, लद्दाख की कड़कड़ाती ठंड से निकलकर दिल्ली की तपती धरती पर अनशन करने के बाद, क्या मुझे किसी से चरित्र प्रमाणपत्र लेना होगा कि मेरा अनशन कितना पवित्र था, मैंने अनशन तोड़ा तो क्यों तोड़ा और किसके हाथों तोड़ा और किसके हाथों से नहीं तोड़ा। अब मैं थोड़ा तरल पदार्थ ले रहा हूं।

## मोदी कैबिनेट से रवनीत सिंह बिट्टू का इस्तीफा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पीएम मोदी की कैबिनेट से रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने इस्तीफा दे दिया है. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सलाह पर केंद्रीय मंत्रिपरिषद से रवनीत सिंह का इस्तीफा तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया है।



यह निर्णय भारतीय संविधान के आर्टिकल 75(2) के तहत लिया गया है. राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी आधिकारिक जानकारी के अनुसार, इस्तीफा तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है.बता दें रवनीत सिंह बिट्टू का राज्यसभा कार्यकाल 21 जून को ही समाप्त हो गया था। भाजपा ने 18 जून को हुए राज्यसभा चुनाव में रवनीत बिट्टू को दोबारा उम्मीदवार नहीं बनाया था।

### पेपर लीक पर सख्त कानून को कैबिनेट की मंजूरी

## 10 साल की जेल व 10 करोड़ जुर्माना का प्रावधान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऐलान के कुछ ही घंटों बाद, केंद्रीय कैबिनेट ने शुक्रवार को पेपर लीक के लिए सख्त सजा पक्का करने वाले एक ड्राफ्ट बिल को मंजूरी दे दी.केंद्र ने 2024 में भी एक नया कानून लाया था, जब उसे पेपर लीक के बड़े विवादों का सामना करना पड़ा था. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पब्लिक एग्जामिनेशन (गलत तरीकों की रोकथाम) एक्ट, 2024 को मंजूरी देने के लगभग चार महीने बाद, बिल को जून 2024 में नोटिफाई किया गया था, जब कथित नीट और नेट पेपर लीक की वजह से गुस्सा बहुत ज्यादा था.इस कानून से पहले, केंद्र सरकार और उसकी एजेंसियों द्वारा पब्लिक एग्जामिनेशन कराने में शामिल अलग-अलग संस्थाओं द्वारा



अपनाए गए गलत तरीकों या किए गए अपराधों से निपटने के लिए कोई खास ठोस कानून नहीं था.इस एक्ट का मकसद संघ लोक सेवा आयोग (वढरउ), कर्मचारी चयन आयोग (ररउ), रेलवे, बैंकिंग रिक्रूटमेंट एग्जाम और राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (ठळअ) वगैरह द्वारा आयोजित पब्लिक एग्जाम में गलत तरीकों के इस्तेमाल को रोकना है.पहले के बिल में नकल रोकने के लिए कम से कम तीन से पांच साल की जेल का प्रावधान था और नकल के संगठित अपराध में शामिल लोगों को पांच से 10 साल की जेल और कम से कम 1 करोड़ रुपये का फाइन लगेगा.बिल में "सार्वजनिक परीक्षा प्राधिकरण द्वारा दूसरी सरकारी एजेंसियों की सर्विस लेना", "मानदंड, मानक और दिशानिर्देश तैयार करना" और "गलत तरीकों या अपराधों की घटनाओं की रिपोर्टिंग" वगैरह के प्रावधान थे.बताया जाता है कि संबंधित विभागों के अधिकारियों को तुरंत आवश्यक कार्रवाई शुरू करने के निर्देश भी दिए थे।

# नीट पेपर लीक को लेकर बिहार बंद आज, पटना में हाई अलर्ट

**पटना (एनएसबी)।** नीट पेपर लीक और धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर शुक्रवार को पुलिस हाई अलर्ट पर है। पटना के शहरी इलाके में छात्रों के प्रदर्शन और सुरक्षा के मद्दे नजर फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च की शुरूआत गांधी मैदान से हुई। \

गांधी मैदान से कारगिल चौक, अशोक राजपथ, बीएन कॉलेज, पटना यूनिवर्सिटी, एनआईटी मोड़ कदमकुआं

### वाटर कैनन, डंडे-हेलमेट लेकर सड़कों पर डटी पुलिस

इलाका होते हुए अधिकारियों ने शहर का एक राउंड लगाया। पटना डीएम, एसएसपी, वेस्ट एसपी, पूर्वी व सेंट्रल व एसडीपीओ समेत लगभग सभी थानेदार मौजूद रहे। फ्लैग मार्च में तकरीबन 50 पुलिस गाड़ी एक साथ निकली। जेपी गोलंबर पर वाटर कैनन के साथ 200 जवानों की तैनाती की गई है। पटना पुलिस की ओर से रैपिड एक्शन शुरू किया गया है। पटना डीएम, एसएसपी

## 50 गाड़ी लेकर निकले डीएम-एसएसपी



### छात्र अगर कुछ करेंगे तो विधि सम्मत कार्रवाई होगी : एसएसपी

पटना एसएसपी कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि सामान्य और सुचारू रूप से सब कुछ चल रहा है। आगे भी चले, इसके लिए जगह-जगह डिप्लॉयमेंट भी किए हैं। साथ में फोर्स भी रहेगी। जो भी असामाजिक तत्व हैं, उनके लिए एक मैसेज भी है। अगर कुछ करेंगे तो विधि सम्मत कार्रवाई होगी। उन्होंने आगे बताया कि सोशल मीडिया पर भी हमारी नजर है। जिन लोगों के भड़काने पर इस तरीके की घटना हुई, उन्हें भी चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी। आपत्तिजनक कंटेंट शेयर करने वालों की भी पहचान हो रही है, उन पर भी कार्रवाई होगी।

समेत सभी थाने के थानेदार इसमें मौजूद रहे। विधानसभा, रेलवे स्टेशन की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इस दौरान सड़क पर जो भी छात्र नजर आए, उन्हें रोक कर हिदायद दी गई।

**शहर में सुरक्षा के व्यापक के इंतजाम :** सेंट्रल इलाके के डाक बंगला चौराहा, जेपी गोलंबर, कारगिल चौक, कोतवाली टी पॉइंट, इनकम टैक्स चौराहा, वीर चंद पटेल पथ, पटना हाई कोर्ट, अशोक राजपथ में सुरक्षा के व्यापक के इंतजाम किए गए हैं। स्थानीय पुलिस के साथ सीआईएसएफ, बीएसएफ, एसएसबी, सीआरपीएफ के बल मौजूद हैं। छात्र संगठन आइसा ने 25 जुलाई को बिहार बंद का ऐलान किया है। छात्रों के प्रदर्शन को देखते हुए बिहार में सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टी रद्द कर दी गई है। वहीं आइसा ने 22 जुलाई को ब्लैक डे मनाने का ऐलान किया है। आइसा का कहना है कि 22 जुलाई को ब्लैक डे के रूप में देखते हुए 23 और 24 जुलाई को 'प्रतिरोध दिवस' मनाया जाएगा। इसके तहत सभी जिलों में विरोध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। संगठन ने बिहार के छात्रों और न्यायप्रिय नागरिकों से 25 जुलाई के बिहार बंद को सफल बनाने की अपील की है।

## जहानाबाद में फायरिंग विवाद को लेकर सदन में हंगामा

### राजद विधायक बोले- सरकार छात्र विरोधी

**पटना (एनएसबी)।** बिहार विधानमंडल के मानसून सत्र का शुक्रवार को 5वां और आखिरी दिन था। आज भी हंगामा देखने को मिला। सुबह 5 मिनट में सदन स्थगित हुआ। जिसके बाद 12 बजे से फिर कार्यवाही शुरू हुई। सदन में आरक्षण से जुड़े सवाल पर जदयू विधायक श्याम रजक और मंत्री बिजेंद्र यादव आपस में उलझते दिखे। सवाल के जवाब से असंतुष्ट सत्ता पक्ष के विधायक अपनी सीट पर खड़े हो गए। जिसके बाद मंत्री बिजेंद्र यादव ने श्याम रजक से कहा, आप भी मंत्री रह चुके हैं। इस तरह खड़ा होने से क्या हो जाएगा।



फिर स्पीकर के समझाने पर विधायक शांत हुए। इससे पहले सुबह विधानसभा की कार्यवाही शुरू होते ही राजद विधायक आलोक मेहता ने जहानाबाद में गुरुवार को प्रदर्शन के दौरान फायरिंग का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि छात्रों पर गोली चलाई गई। आलोक मेहता के बयान पर बीजेपी विधायकों ने विरोध शुरू कर दिया। बीजेपी विधायकों ने कहा कि हमलोगों पर जानलेना हमला करने वाले छात्र नहीं हो सकते। प्रदर्शन के दौरान गुंडागर्दी की गई है। इस पर निंदा प्रस्ताव लाना चाहिए।

### गाड़ी का झंडा हटाकर विधानसभा पहुंचे विधायक

विधानसभा की सुरक्षा बेहद कड़ी कर दी गई थी, केंद्रीय सुरक्षा बलों ने मोर्चा संभाला। तेजस्वी के विधानसभा की कार्यवाही में शामिल नहीं होने पर मंत्री श्रवण कुमार ने तंज कसा। उन्होंने कहा है कि अगली बार जनता नेता विपक्ष भी नहीं बनाएगी। छात्रों के प्रदर्शन के ऐलान के बीच सत्ता पक्ष और विपक्ष के कई विधायक गाड़ी से झंडा हटाकर विधानसभा पहुंचे हैं। अब तक सत्र के चारों दिन विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी अनुपस्थित रहीं।

## राजद के मृत्युंजय तिवारी ने भाजपा का दामन थामा

**पटना (एनएसबी)।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले राष्ट्रीय जनता दल को बड़ा झटका लगा है। दरअसल लालू यादव के पुराने सिपाही और आरजेडी के वरिष्ठ नेता और प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। उन्हें बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने पार्टी की सदस्यता दिलाई. इस मौके पर बिहार सरकार के पूर्व मंत्री मंगल पांडे भी मौजूद रहे। मृत्युंजय तिवारी के साथ-साथ अरविंद कुमार अशोक, मुकेश शुक्ला, संजीव दुबे, अमन कुमार, मनीष कुमार, अमित चौबे ने भी बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की। मृत्युंजय तिवारी लंबे समय से आरजेडी के प्रमुख प्रवक्ताओं में शामिल रहे



## हिमाचल में चलती कार पर चट्टानें गिरीं, तेरह की मौत

**नई दिल्ली/भोपाल (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पीति के पांगी-उदयपुर मार्ग पर बड़ा हादसा हुआ है। यहां पर एक टाटा सूमो गाड़ी के ऊपर पहाड़ गिरा है और 13 लोगों की मौत हो गई है. लाहौल स्पीति पुलिस ने हादसे की पुष्टि की है। फिलहाल, लाहौल स्पीति पुलिस की टीम मौके के लिए रवाना हुई है.भरमौर-पाँगी के विधायक जनक राज ने बताया कि उदयपुर मार्ग पर हुई दुर्घटना में गाड़ी में यात्रा कर रहे 15 लोगों में से 13 की मृत्यु की सूचना है। इसमें मृतकों में छह महीने का बच्चा भी शामिल है. दो लोग पूर्णतः स्वस्थ हैं। जानकारी के अनुसार, लाहौल घाटी से करीब 60-70 किमी दूर कुडूनाला के पास यह घटना



पेश आई है. यहां पर चलती टाटा सूमो पर पहाड़ी से बड़ी बड़ी चट्टानें गिरी हैं. बताया जा रहा है कि टाटा सूमो टैक्सी में कुल 15 लोग सवार थे. मलबे से एक व्यक्ति को घायल अवस्था में निकाला गया है। हादसे के बाद गाड़ी के पिछले हिस्से में आग भी लग गई। इसका वीडियो भी आया है. मृतकों की पहचान की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है।

## नवादा में वज्रपात से 4 लोगों की दर्दनाक मौत

**नवादा (एनएसबी)।** नवादा में दर्दनाक घटना घटी है। आकाशीय बिजली गिरने से चार लोगों की जान चली गई है। वहीं दो महिलाएं बुरी तरह झुलस गईं हैं। जिन्हें इलाज के लिए नारदीगंज स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है. मामला नारदीगंज के सांगोवर गांव की है। परिजनों ने बताया कि सभी लोग बारिश से बचने के लिए बरगद के पेड़ के नीचे शरण लिए हुए थे, तभी अचानक तेज गर्जना के साथ बिजली गिर गई और यह दर्दनाक हादसा हो गया। आनन-फानन में सभी घायलों को स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज में भर्ती कराया गया लेकिन डॉक्टरों ने चार लोगों को मृत घोषित कर दिया, जबकि दोनों घायलों का इलाज चल रहा है। मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## सुप्रीम कोर्ट किसी मामले की सुनवाई से इनकार नहीं कर सकता, यह मेरा वादा है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने शुक्रवार को छात्र प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कथित पुलिस कार्रवाई से संबंधित याचिकाओं पर तत्काल सुनवाई की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट की पिछली टिप्पणियों के पीछे के संदर्भ को स्पष्ट किया। इसमें वकीलों से कहा गया था कि वे शीर्ष अदालत का समय 'बर्बाद' न करें। उन्होंने कहा कि शीर्ष अदालत ने कभी भी मामले की सुनवाई से इनकार नहीं किया था और उस समय उसके समक्ष कोई उचित रूप से दायर याचिका नहीं थी।एनडीटीवी से बात करते



हुए सीजेआई ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट किसी भी याचिकाकर्ता की सुनवाई से कभी इनकार नहीं कर सकता। उन्होंने बताया कि ठीक से दायर की गई रिट याचिका के बजाय शीर्ष अदालत के सामने सिर्फ एक पेज का आवेदन रखा गया था। उन्होंने कहा, "यह गलत खबर थी कि सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट किसी भी मामले की सुनवाई से कभी इनकार नहीं कर सकता। यह मेरा वादा है। हम 24 घंटे उपलब्ध हैं।" सीजेआई ने कहा, "अगर मुझे याचिका मिली ही नहीं, तो मैं सुनवाई कैसे कर सकता हूं?

# हर पंचायत में विशेष अभियान चलाकर होगी खेल प्रतिभा की खोज : सम्राट

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुकवार को ऊर्जा ऑडिटोरियम में खेल विभाग द्वारा आयोजित बिहार के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को मेडल लाओ नौकरी पाओ योजना के तहत नियुक्ति पत्र एवं खेल छात्रवृत्ति हेतु चयन पत्र वित्रण समारोह का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री कार्यक्रम के दौरान मेडल लाओ, नौकरी पाओ योजना के तहत अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों आकाश दीप एवं मुकेश कुमार सहित कुल 19 खिलाड़ियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया और उन्हें शुभकामनाएं दी।

सीएम ने कहा कि यह बिहार के लिए गौरव का विषय है कि पहली बार किसी खिलाड़ी को डीएसपी जैसे उच्च

### मेडल लाओ, नौकरी पाओ योजना के तहत उत्कृष्ट खिलाड़ियों के बीच नियुक्ति-पत्र वितरित



पद पर नियुक्ति प्रदान की गई है। इससे राज्य के युवा खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ेगा तथा वे खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए और अधिक प्रेरित होंगे। राज्य सरकार खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने तथा उन्हें सम्मानजनक अवसर उपलब्ध कराने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। कहा कि राज्य सरकार खिलाड़ियों के प्रशिक्षण, आधुनिक खेल सुविधाओं और खेल अवसंरचना के विकास पर विशेष बल दे रही है। उन्होंने कहा कि 15 सितंबर से पंचायत स्तर पर खेल प्रतिभाओं की पहचान एवं खोज अभियान प्रारंभ किया जाएगा। चयनित प्रतिभाओं को व्यवस्थित प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को भी अपनी प्रतिभा निखारने का समान अवसर मिल सके। पिछले दो वर्षों में राज्य सरकार ने पूरे बिहार में 5,000 खेल मैदानों के निर्माण का कार्य शत-प्रतिशत पूरा किया है। इसका उद्देश्य गांव-गांव तक खेल संस्कृति का विस्तार करना तथा युवाओं को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराना है। सीएम ने कहा कि बिहार में विश्वस्तरीय खेल अवसंरचना विकसित करने की दिशा में कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर तेजी से कार्य हो रहा है। मोइनुल हक स्टेडियम का पुनर्विकास कराया जा रहा है तथा इसके संचालन की जिम्मेदारी भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को सौंपी गई है। लगभग 40 हजार दर्शकों की क्षमता वाला यह स्टेडियम विश्वस्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित होगा और राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी करने में सक्षम होगा। सीएम ने आगे कहा कि बिहार में खेलों को नई पहचान देने के लिए अनेक ऐतिहासिक पहल किये गये हैं। नालंदा में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की स्थापना की गई है तथा राज्य में तीन अलग-अलग खेलों के विश्व कप स्तर के आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न कराए गए हैं, जिसमें बिहार की धरती पर भारत ने तीनों विश्व कप जीता। उन्होंने कहा कि इन पहलों से बिहार की खेल क्षमता को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिली है। राष्ट्रीय स्तर के खेलों में बिहार नम्बर-1 बने, हमलोगों को ऐसी तैयारी करनी है।

### राष्ट्रीय स्तर के खेलों में बिहार बने नंबर-1, ऐसी तैयारी करनी है

# आज शैक्षणिक संस्थान बंद करने का ऐलान

### जंतर मंतर की तर्ज पर जिला मुख्यालयों पर अनिश्चितकालीन आंदोलन का ऐलान

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** 24 जुलाई 2026 को ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन , ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन, स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया की संयुक्त प्रेस वार्ता जनशक्ति भवन, अदालतगंज, पटना में आयोजित की गई।

प्रेस वार्ता को ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रौशन कुमार सिन्हा, एसएफआई राज्य सचिव देवदत्त कुमार वर्मा एआईएसएफ राज्य संयुक्त सचिव तौसीफ आलम, डीवाईएफआई राज्य अध्यक्ष मोहम्मद आसिफ अली, डीवाईएफआई राष्ट्रीय परिषद सदस्य मनोज कुमार चंद्रवंशी तथा एआईएसएफ राज्य नेता प्रकाश प्रियदर्शी, एआईवाईएफ के अध्यक्ष प्रभु देवा ने संबोधित किया।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि 25 जुलाई 2026 को पूरे बिहार में चारों छात्र-युवा संगठनों के संयुक्त आह्वान पर सभी शैक्षणिक संस्थान को बंद किया जाएगा। यह बंद दिल्ली के जंतर-मंतर पर संसद मार्च के दौरान छात्र-छात्राओं पर हुए पुलिस के बर्बर लाठीचार्ज, पटना, कटिहार एवं बेगूसराय में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज, तथा जहानाबाद में छात्रों पर पुलिस फायरिंग के विरोध में किया जा रहा है।

वक्ताओं ने कहा कि यह आंदोलन केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे, नीट पेपर लीक कांड के सभी दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा, तथा आत्महत्या करने वाले छात्र-छात्राओं के परिजनों को 1 करोड़ मुआवजा देने की मांग को लेकर आयोजित किया जा रहा है।

चारों संगठनों ने बिहार के सभी सरकारी एवं निजी शैक्षणिक संस्थानों के छात्र-छात्राओं से अपील की कि वे 25 जुलाई को कक्षाओं का बहिष्कार करें, शैक्षणिक संस्थानों को बंद कराने के अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं तथा बिहार बंद को सफल बनाएं।

प्रेस वार्ता में यह भी घोषणा की गई कि 25 जुलाई से बिहार के सभी जिला मुख्यालयों पर जंतर-मंतर आंदोलन की तर्ज पर अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू किया जाएगा। यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान अपना इस्तीफा नहीं देते और नीट पेपर लीक कांड के सभी दोषियों के विरुद्ध कठोर एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित नहीं की जाती।

### आइसा नेताओं की गिरफ्तारी निंदनीय, 25 जुलाई के बिहार बंद को माले का नैतिक समर्थन

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** भाकपा माले राज्य सचिव कुणाल ने बिहार के विभिन्न जिलों में नीट पेपर लीक के विरोध में आंदोलनरत छात्र छात्राओं पर पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज, फायरिंग, गिरफ्तारी और बर्बर दमन की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि लोकतांत्रिक अधिकारों का इस तरह दमन किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि अब तक बिहार के 18 जिलों में छात्रों के शांतिपूर्ण आंदोलनों पर पुलिसिया कार्रवाई की गई है, जिससे स्पष्ट है कि सरकार अपनी विफलताओं को स्वीकार करने के बजाय दमन का रास्ता अपना रही है। उन्होंने कहा कि पटना में आइसा के राज्य सचिव दीपंकर मिश्र और राज्य उपाध्यक्ष सबा आफरीन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन अभी तक यह नहीं बताया गया है कि उन्हें कहाँ रखा गया है। यह कानून के शासन और नागरिक अधिकारों का खुला उल्लंघन है। पुलिस तत्काल उनकी गिरफ्तारी की जानकारी सार्वजनिक करे, उन्हें बिना शर्त रिहा करे तथा सभी गिरफ्तार छात्रछात्राओं को भी तुरंत रिहा किया जाए। कहा कि भाकपामाले की विधान परिषद सदस्य शशि यादव, विधायक संदीप सौरभ सहित आइसा के अनेक नेतृत्वकारी साथियों पर फर्जी मुकदमे दर्ज कर दिए गए हैं। सरकार लोकतांत्रिक आंदोलन को अपराध की तरह पेश करने की कोशिश कर रही है, जो पूरी तरह अस्वीकार्य है।

### स्वास्थ्य मंत्री का आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल जारी, इस पर जारी सूचना मान्य होगी

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** स्वास्थ्य मंत्री निशांत से संबंधित सूचनाओं, वक्तव्यों, कार्यक्रमों एवं जनहित से जुड़े संदेशों की प्रमाणिक जानकारी प्राप्त करने के लिए आमजन, मीडिया प्रतिनिधियों तथा संबंधित सभी पक्षों से अनुरोध है कि वे केवल स्वास्थ्य मंत्री के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर जारी सूचनाओं को ही आधिकारिक एवं प्रामाणिक मानें। सोशल मीडिया पर प्रसारित किसी भी अपुष्ट, भ्रामक अथवा फर्जी सूचना पर विश्वास करने से पूर्व कृपया आधिकारिक हैंडल पर उपलब्ध जानकारी का अवश्य सत्यापन करें।

स्वास्थ्य मंत्री कार्यालय समय-समय पर विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों, विभागीय गतिविधियों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा महत्वपूर्ण घोषणाओं की जानकारी इन्हीं आधिकारिक माध्यमों से साझा करता है। सभी नागरिकों एवं मीडिया प्रतिनिधियों से आग्रह किया गया है कि वे इन्हीं आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफर्म का अनुसरण करें तथा केवल इन्हीं पर जारी सूचनाओं को अधित एवं विश्वसनीय मानें।

## खबरें खास-खास

### बिहार विधानसभा में कांटी विधायक अजीत कुमार ने एनटीपीसी कांटी में 800 मेगावाट की नई यूनिट की स्थापना की उठाई मांग

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार विधानसभा में मुजफ्फरपुर जिले के कांटी विधायक सह पूर्व मंत्री ई अजीत कुमार ने एनटीपीसी कांटी में 800 मेगावाट की नई यूनिट की स्थापना की मांग उठाई है। कांटी विधायक अजीत कुमार ने सदन के पटल पर अपनी बात पुरजोर तरीके से रखते हुए कहा कि एनटीपीसी कांटी में दो यूनिट डिस्मेंटल हो जाने से वहां पर्याप्त संख्या में जगह हो गई है और उसी जगह पर नई यूनिट की स्थापना होने से स्थानीय स्तर पर लोगों को फायदा होगी एवं बिजली के क्षेत्र में राज्य और अग्रणी भूमिका निभायेगी। विधायक अजीत कुमार ने आगे अपनी बात मजबूती से



कांटी विधायक सह पूर्व मंत्री ई अजीत कुमार।

रखते हुए कहा कि राज्य बिजली के क्षेत्र में भी आगे बढ़ रही है और उनकी मांग है कि राज्य सरकार एनटीपीसी कांटी में नई यूनिट की स्थापना को लेकर केंद्र सरकार को अपनी सिफारिश भेजे। वहीं, विधानसभा के उपाध्यक्ष ने इस मामले को लेकर सदन में उपस्थित ऊर्जा मंत्री से जवाब प्रस्तुत करने की निर्देश दिया जिसके आलोक में ऊर्जा मंत्री ने इस मामले को सदन में रखने के लिए कांटी विधायक अजीत कुमार का धन्यवाद भी दिया और अपनी कई बात तर्कसंगत पूर्वक सदन में रखा लेकिन कांटी विधायक अजीत कुमार अपनी मांग पर अड़े रहे। इधर, विधायक अजीत कुमार ने बताया कि कांटी विधानसभा क्षेत्र के विकास एवं युवाओं के रोजगार को ध्यान में रखते हुए बिहार विधानसभा में एनटीपीसी कांटी में 800 मेगावाट की नए यूनिट की स्थापना की माँग उठाई है। उन्होंने कहा कि नया यूनिट स्थापित होने से बिजली उत्पादन क्षमता बढ़ेगी, स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और क्षेत्र के औद्योगिक एवं आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी। श्री कुमार ने कहा कि जनहित और क्षेत्र के विकास से जुड़े मुद्दों को सदन में मजबूती से उठाते रहना हमारी प्राथमिकता में है।

## खबरें : एक नजर में

### बांकीपुर उपचुनाव : साहित्यकारों ने चलाया जनजागरण अभियान, 30 जुलाई को मतदान करने की मतदाताओं से अपील, एनडीए प्रत्याशी के समर्थन में किया प्रचार

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर शहर के साहित्यकारों और प्रबुद्धजनों ने शुक्रवार को मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। बोरिंग रोड स्थित विवेकानंद मार्ग के कोकिल कैंपस में


मतदाता जागरूकता अभियान चलाया।

आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बुद्धिजीवी शामिल हुए। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने मतदाताओं से 30 जुलाई को अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की। कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर नागरिक का मतदान आवश्यक है। बाद में साहित्यकारों ने एनडीए प्रत्याशी के समर्थन में जनसंपर्क और प्रचार अभियान भी चलाया। इस अवसर पर पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद, कमलनयन श्रीवास्तव, डा. शशिभूषण सिंह, डा. किशोर सिन्हा, मो. नसीम अख्तर, मधुरेश नारायण, प्रमोद कुमार, शिवेश प्रसाद, रवि श्रीवास्तव, दीवान चंद्र, ऋचा वर्मा, पूनम कटरियार, अनुपमा सिंह, संगीता वर्मा, कमल किशोर वर्मा, विनोद कुमार पंकज सहित कई साहित्यकार, शिक्षाविद् एवं प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी ने अधिक से अधिक मतदान की अपील करते हुए कहा कि जागरूक मतदाता ही मजबूत लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत हैं।

### बांकीपुर विधानसभा से राजद प्रत्याशी के प्रचार में प्रदेश अध्यक्ष मैदान में उतरे



**पटना/ एनएसबी।** बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र के राजद प्रत्याशी रेखा गुप्ता के समर्थन में राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल भी मैदान में उतर गए। उन्होंने वार्ड नंबर 30 के प्रगति नगर इलाके में गहन जन संपर्क अभियान चलाया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश के युवा एवं महिला वर्ग के लोग भारतीय जनता पार्टी के सरकार से नाखुश है उन्हें उखाड़ फेंकने के लिए बाकी पूर विधानसभा से पटना की जनता शुरुआत करें । उनके साथ राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता अशोक महतो ने भी हिस्सा लिया वहीं दूसरी ओर वार्ड नंबर 21 में विधायक गौतम कृष्ण के द्वारा कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर विधान पार्षद अशोक पांडे एवं इंजीनियर अशोक यादव उपस्थित थे। एक दूसरी बैठक महिलाओं की आभालता के अध्यक्षता में हुई जिसे संबोधित करते हुए भाई अरुण ने कहा कि इस इस राज्य के दो दुश्मन है एक नागनाथ है जो कि बीजेपी है दूसरा सांप नाथ है जो की जन सुराज है इसलिए महिला सशक्तिकरण के लिए महिला उम्मीदवार को वोट देकर विजय बनाएं । इस अवसर पर महिला नेत्री पूजा शेखर यादव सुनीता कुशवाहा तनुश्री समता देवी गुड़िया यादव ने भी संबोधित किया। शाम के 6 बजे गांधी मैदान गेट नंबर 7 से एक रोड शो का आयोजन किया गया जिसमें प्रत्याशी रेखा गुप्ता के अलावा पूर्व विधायक एवं बकीपुर का प्रभारी रामानंद यादव विधायक रणविजय साहू पूर्व विधायक डा रामानुज प्रसाद राष्ट्रीय महासचिव विनु यादव महिला सेल के अध्यक्ष अनीता भारती पटना महानगर अध्यक्ष महताब आलम बल्ली यादव आभालता गणेश यादव प्रमोद राम विक्रांत यादव सहित हजारों लोगों ने रोड शो में हिस्सा लिया । जो की एग्जीबिशन रोड रामगुलाम चौक होते हुए मौर्य परिसर में समाप्त हो गया ।

## बच्चों की शिक्षा विद्यालय, परिवार और समाज की साझी जिम्मेदारी : शिक्षा मंत्री

दैनिक नवसंदेश

**पटना।** शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा है कि बच्चों की शिक्षा सिर्फ विद्यालय की नहीं, परिवार और समाज की भी साझी जिम्मेदारी है। वैसे राज्य सरकार हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण, समान और सम्मानजनक शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि इसी उद्देश्य से शनिवार को राज्य के सभी प्रारंभिक विद्यालयों में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। इस वर्ष संगोष्ठी की थीम समावेशी शिक्षा : हमारा हर बच्चा महत्वपूर्ण रखी गई है।

शिक्षा मंत्री ने सभी अभिभावकों से संगोष्ठी में अधिकाधिक संख्या में भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि उनकी सक्रिय भागीदारी से बच्चों के सीखने की गुणवत्ता और विद्यालयों का शैक्षणिक वातावरण दोनों बेहतर होंगे।

### बोले-समावेशी शिक्षा हमारी प्रतिबद्धता, हर बच्चे को मिले उचित अवसर

### राज्य के सभी प्रारंभिक विद्यालयों में आज अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी

शिक्षा विभाग के मार्गदर्शन में आयोजित होने वाली इस संगोष्ठी की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस दौरान विद्यालयी गतिविधियों में अभिभावकों की भूमिका तथा बच्चों के मानसिक एवं भावनात्मक विकास जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। साथ ही अभिभावकों के सुझाव भी प्राप्त किए जाएंगे, ताकि विद्यालयों की कार्यप्रणाली और शिक्षा की गुणवत्ता को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

## लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार नीरज कुमार सिन्हा के पक्ष में निरंतर जनसंपर्क अभियान चला रहा


**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार नीरज कुमार सिन्हा के पक्ष में निरंतर जनसंपर्क अभियान चला रहा है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी के निर्देशन में आज पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डा सत्यानंद शर्मा, युवा लोजपा-(रा) के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार पासवान, पिछड़ा-अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष शंकर शर्मा, पिछड़ा-अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव महेश कुमार, प्रकोष्ठ के पटना महानगर अध्यक्ष कवि रंजन कुमार, प्रकोष्ठ के पटना पश्चिमी जिलाध्यक्ष गुड़िया शर्मा, प्रकोष्ठ के पटना पूर्वी जिलाध्यक्ष माया प्रजापति, लोजपा नेता सूरज कुमार गुप्ता सहित अनेकों पार्टी जनों ने आज पीर मोहिनी, कदम कुआं, खेतान मार्केट में जनसंपर्क अभियान के तहत प्रत्येक दुकान और घरों में जाकर भाजपा उम्मीदवार को कमल छाप चुनाव चिन्ह पर बटन दवा कर वोट देने का अपील किया।


लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार नीरज कुमार सिन्हा के पक्ष में निरंतर जनसंपर्क अभियान चला रहा ।

## खगड़िया में मध्याह्न भोजन मामले में त्वरित कार्रवाई, शिक्षा मंत्री के निर्देश पर हेडमास्टर निलंबित, चार रसोइया चयनमुक्त

### बीआरपी के मानदेय में कटौती, एमडीएम के डीपीओ के विरुद्ध आरोप पत्र गठित होगा

### लापरवाही बर्दाश्त नहीं, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी : शिक्षा मंत्री


शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ।

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** खगड़िया के चौथम प्रखंड स्थित कन्या मध्य विद्यालय, भूतौली में गुरुवार को मध्याहन भोजन के दौरान कीड़ा मिलने की घटना को शिक्षा विभाग ने गंभीरता से लिया है। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी के त्वरित निर्देश और प्राथमिक जांच के आधार पर विद्यालय की हेडमास्टर संजुला कुमारी को निलंबित कर दिया गया है। विद्यालय की चारों रसोइया सह सहायक की सेवा समाप्त कर नए रसोइया के चयन का निर्देश दिया गया है। चयनमुक्त की गई रसोइयों में सुलेखा देवी, मनोरमा देवी, अनिला देवी और नीलम देवी शामिल हैं। इसके अलावा प्रखंड साधनसेवी वचनदेव कुमार के मानदेय में 25 फीसदी कटौती कर जिला मुख्यालय में योगदान देने का निर्देश दिया गया है। एमडीएम के डीपीओ के विरुद्ध आरोप पत्र गठित करने का आदेश दिया गया है। प्रारंभिक जांच में लापरवाही की शिकायत सही पाई गई है। शिक्षा मंत्री ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि मध्या भोजन की गुणवत्ता और बच्चों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। लापरवाही के मामलों में दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## छात्रों पर क्रूरता एवं बर्बरता बंद करे सरकार : अजय कुमार

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के विभूतिपुर विधायक अजय कुमार बिहार विधान सभा में प्रदर्शन करते हुए कहा कि नीट पेपर लीक के खिलाफ पूरे देश में अपनी मांगों को लेकर छात्र, शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन कर रहे थे। छात्रों का केवल इतना ही मांग था कि नीट पेपर लीक के दोषी को सजा मिले एवं केन्द्र के शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान इस्तीफा दे, जो सरकार को बर्दास्त नहीं हुआ और गुण्डई पर उतर आयी। आंदोलन को बढ़ता देख, बेचौन भाजपा सरकार ने आंदोलन को दबाने, कुचलने के लिए दमन और क्रूरता का सहारा लेते हुए छात्रों पर पुलिस द्वारा बर्बर लाठीचार्ज करवाया, जो भाजपा के छात्र विरोधी चेहरा को उजागर करता है। इतना ही नहीं छात्राओं के साथ दुव्यवहार भी किया गया, जो घोर निन्दनीय है। सरकार, छात्रों से बात करना ही नहीं चाहती, बल्कि आंदोलन को जबरदस्ती कुचलना चाहती, जो भाजपा सरकार के फासीवादी चरित्र को उजागर करता है। छात्रों की मांगे जायज। छात्र लाखों रूपये लगागर अपनों से दूर घर-द्वार छोड़कर नीट की तैयारी करते हैं, जब उन्हें पता चलता है कि नीट का पेपर लीक हो गया है, तो अन्दर से टूट जाते हैं। यह एक बार नहीं हुआ कई बार हुआ, लेकिन दोषियों को अभीतक सजा नहीं मिली है और इन सबके लिए जिम्मेवार केन्द्र के शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान है। उन्हें मुखिया होने के नाते इस्तीफा देना चाहिये। मैं छात्रों द्वारा जारी आंदोलन एवं उनकी मांगों को पूरजोर समर्थन करता हूँ एवं सरकार से मांग करता हूँ कि छात्रों पर हुए केस वापस लें एवं गिरफ्तार छात्रों को अविलम्ब रिहा करें।

## बांकीपुर में भाजपा हराओ-लोकतंत्र और बिहार बचाओ : संयुक्त किसान मोर्चा

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** संयुक्त किसान मोर्चा बिहार के नेताओं ने कहा- बांकीपुर विधानसभा के प्रबुद्ध मतदाता भाइयों आप अपने एक-एक कीमती मतों का इस्तेमाल भाजपा हराओ बिहार बचाओ के लिए करें। दूधमुहें बच्चे एवं बच्चियों के साथ हुए घोर अनैतिक एवं निंदनीय कार्रवाई से देश एवं दुनियाभर के लोग शर्मिन्दा है। अपने बाल बच्चों का देशभर में बहाए गए हर खून के कतरा का बदला आप मतदाता बंधु बांकीपुर उपचुनाव में एक-एक बहुमुल्य वोट से लेंगे।

इस चुनाव अभियान का नेतृत्व संयुक्त किसान मोर्चा बिहार के नेता दिनेश कुमार, अशोक प्रसाद सिंह, देव कुमार सिंह ,कल्लू सिंह, मिथलेश सिंह, मनीष कुमार, रमेश सिंह, संजय कुमार अरुण कुमार सिंहा,विनय कुमार लाला एवं शंभू नाथ सिंह आदि ने की। इस अवसर पर मतदाताओं के नाम एक मार्मिक अपील भी बाँटे गए।

हिंदुस्तान की राजनीति में हाँसिए पर खड़ी भारतीय जन संघ पार्टी सन 1974 के छात्र आंदोलन से देश की राजनीति के मुख्य धारा की पार्टी बनी और उनके नेता पहलीबार केंद्र में मंत्री बने। आज वही पार्टी छात्र आंदोलन को आतंकी कह कर कुचलने के लिए हर कुकर्म कर रही हैं।



संयुक्त किसान मोर्चा बिहार के नेता।

संयुक्त किसान मोर्चा,बिहार के बैनर तले किसानों का एक विशाल जत्था आज पटना जं़ महावीर मंदिर से आक्रोशपुर्ण नारेबाजी के साथ आगे बढ़ी।जमीन हमारा हुकुम तुम्हारा नहीं चलेगा, जान देंगे जमीन न देंगे, लैंड बैंक वापस लो, झूठा प्रलोभन देकर किसानों से जमीन ठगना बंद करो,बांकीपुर उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार हराओ- बिहार बचाओ आदि गगन भेदी नारों के साथ किसानों का हल्ला बोल मार्च प्रस्थान किया। सेटेलाइट टाउनशिप के नाम पर सैकड़ो वर्षो से बसे गांवों को उजार कर अंबानी अडानी को जमीन सौंपने वाली भाजपा को बांकीपुर उपचुनाव में पराजित करो।

## आरएसएस द्वारा छात्र आंदोलन को विदेशी ताकतों से जोड़ना लोकतांत्रिक अधिकारों का अपमान है : अरुण यादव

**पटना / एनएसबी।** राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के वरिष्ठ नेता इंद्रेश कुमार द्वारा छात्र-युवा आंदोलन के पीछे विदेशी ताकतों का हाथ होने संबंधी दिए गए बयान की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि जब भी देश का छात्र, युवा, किसान, मजदूर या आम नागरिक अपनी जायज मांगों को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से सड़क पर उतरता है, तब भाजपा और आरएसएस के नेताओं की पहली प्रतिक्रिया उसे बदनाम करने की होती है। कभी आंदोलनकारियों को देशद्रोही कहा जाता है, कभी आतंकवादी, कभी बंगलादेशी, कभी विपक्ष का एजेंट और अब विदेशी ताकतों का मोहरा बताया जा रहा है। यह लोकतंत्र की आत्मा पर सीधा प्रहार है। आंदोलन से जब जब मोदी सरकार असहज होता है, तब तब भाजपा-आरएसएस और सरकार में बैठे लोग मोदी सरकार की नाकामियों को छुपाने के लिए आंदोलनकारियों के विरुद्ध अनर्गल प्रलाप करते हैं। राजद प्रवक्ता ने कहा कि देश के आंदोलनकारी छात्र और युवाओं की मांगों को पूरा करने के बजाय सरकार और उसके वैचारिक संगठन हर असहमति को राष्ट्रविरोध का रंग देने में लगे रहते हैं। यह लोकतांत्रिक मूल्यों और भारतीय संविधान की भावना के विपरीत है। असहमति लोकतंत्र की ताकत होती है, अपराध नहीं।

## वेतन-पेंशन भुगतान होने तक आन्दोलन जारी रहेगा, डा नवल किशोर यादव का हुआ घेराव : फैक्टनेब

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** पटना उच्च न्यायालय का न्यायादेश एवं बिहार विधान परिषद की शिक्षा समिति की अनुशंसा के आलोक में वेतन - पेंशन भुगतान होने तक संबद्ध डिग्री महाविद्यालय के शिक्षाकर्मी आन्दोलन जारी रखेंगे। इस संकल्प के साथ बिहार विधान मंडल सत्र के दौरान विधान पार्षदों का घेराव कार्यक्रम आज तीसरे दिन भी जारी रहा । बिहार राज्य संबद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ (फैक्टनेब) के आह्वान पर पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय एवं नवादा जिला के सैकड़ों शिक्षाकर्मियों ने पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के विधान पार्षद डा नवल किशोर यादव का घेराव किया ।

संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों के 25 हजार शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों को परीक्षा परिणाम आधारित अनुदान के बदले नियमित वेतन पेंशन भुगतान करने एवं शैक्षणिक सत्र 2015-18 से 2022-25 कुल आठ वर्षो का बकाया अनुदान राशि बढ़े हुए मंहगाई दर से अधिसीमा बंधेज समाप्त कर एकमुश्त भुगतान शिक्षाकर्मियों के बैंक खाते में करने


डा. नवल किशोर यादव का घेराव।

आदि मांगों को लेकर आज 24 जुलाई शुक्रवार को पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के विधान पार्षद डा नवल किशोर यादव का घेराव करते हुए उनके सरकारी आवास के समक्ष धरना दिया।

आन्दोलनकारियों ने डा नवल किशोर यादव को घंटों घेरें रहे, और अपने मांगों के समर्थन में नारे लगाए। विधान पार्षद ने शिक्षाकर्मियों से अपील किया कि शिक्षा पर विधान परिषद में चर्चा होनी है, मुझे विधान परिषद जाने दिजिए आपके मुद्दे को भी उठाया जायेगा तब उन्हें विधान परिषद जाने दिया गया।

पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के विधान पार्षद डा नवल किशोर यादव ने अपने निवास पर पहुंचे बड़ी संख्या में शिक्षकों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी मांग बिल्कुल जायज एवं बिहार सरकार की जरूरत है , राज्य सरकार आप के साथ अन्याय कर रही है यह हमें बर्दाश्त नहीं है। आपके संघर्ष एवं मांग का भरपुर समर्थन करते हैं, वेतन पेंशन भुगतान होने तक आपके आन्दोलन के साथ पुरी मजबूती से खड़े रहेंगे।

बिहार राज्य संबद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ (फैक्टनेब ) मीडिया प्रभारी प्रो अरुण गौतम ने बताया कि घेराव का नेतृत्व राज्य महासंघ के अध्यक्ष डा. शंभुनाथ प्रसाद सिन्हा, महासचिव प्रो राजीव रंजन एवं पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के महासचिव ड रविकांत सिंह ने संयुक्त रूप किया । इस अवसर पर फैक्टनेब उपाध्यक्ष प्रो नसीम रेजा खान, सचिव प्रो श्रवण कुमार , डा मणिन्द्र कुमार, डा सुमंत कुमार सिन्हा, डा दिलीप कुमार, डा गोपाल कृष्ण यादव, डा पितृ कुमार, डा प्रमोद कुमार सिन्हा, डा कौशलेंद्र कुमार, डा राजकिशोर प्रसाद, डा उमेश प्रसाद, डा ब्रह्मानंद प्रसाद, डा शशि भूषण कुमार, बाल्मीकि सिंह, डा सत्येन्द्र कुमार, प्रो संतोष कुमार चौधरी, डा यादवेंद्र कुमार, प्रो इजाज हुसैन, डा शारदा कुमारी, डा उर्मिला कुमारी, डा रेखा कुमारी आदि मौजूद रहे।

## पटरंगम 2026 के दूसरे दिन शिक्षा और व्यवस्था पर केंद्रित नाटकों ने दर्शकों को किया विचारमग्न

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार के सौजन्य से तथा विश्वा, पटना (वाईटल इन्वेशन औफ सोशल हारमोनी विथ आर्ट) द्वारा आयोजित तीन दिवसीय लोक नाट्य महोत्सव पटरंगम 2026 पटना रंग महोत्सव के दूसरे दिन प्रेमचंद रंगशाला, राजेन्द्र नगर, पटना में नुक्कड़ नाटक एवं रंगमंचीय प्रस्तुतियों के माध्यम से शिक्षा व्यवस्था, सामाजिक परिवर्तन और प्रशासनिक व्यवस्था जैसे समकालीन विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। शाम 5 : 30 बजे आयोजित नुक्कड़ नाटक सत्र में संस्था लोक बाग प्रस्तुति, पटना द्वारा सिक्योरिटी गार्ड की बहाली का मंचन किया गया। नाटक के लेखक एवं निर्देशक कुमार उदय सिंह हैं तथा कलाकार पप्पू ठाकुर एवं कुमार उदय सिंह हैं। यह प्रस्तुति सरकारी व्यवस्था और भर्ती प्रक्रिया पर आधारित एक सशक्त हास्य-व्यंग्य थी, जिसमें प्रशासनिक विसंगतियों और आम नागरिक की समस्याओं को तीखे लेकिन मनोरंजक अंदाज में मंचित किया गया। इसके उपरांत शाम 6: 30 बजे सुगम साहित्य संचार समिति द्वारा मृत्युंजय शर्मा लिखित नाटक मास्टरनी साहिबा का मंचन किया गया। नाटक का निर्देशन युवा रंगकर्मी सरिता कुमारी ने किया। नाटक की कहानी कंजौरी नामक एक अति पिछड़े गाँव के विद्यालय की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जहाँ एकमात्र शिक्षक पूरे विद्यालय की जिम्मेदारी संभाल रहा होता है। नई शिक्षिका मास्टरनी साहिबा के आगमन के बाद विद्यालय, बच्चों और पूरे गाँव की सोच में धीरे-धीरे सकारात्मक परिवर्तन आने लगता है। सामाजिक चुनौतियों, महिला शिक्षिका के संघर्ष, शिक्षा के महत्व और ग्रामीण समाज में बदलाव की इस यात्रा को नाटक ने अत्यंत मार्मिकता के साथ मंच पर प्रस्तुत किया। अंततः शिक्षा की शक्ति से न केवल विद्यालय की तस्वीर बदलती है, बल्कि समाज की सोच में भी सकारात्मक परिवर्तन दिखाई देता है। मंच पर रजनी कुमारी, प्रतीक्षा, टीपू पाण्डेय एवं मृत्युंजय शर्मा ने अपने सशक्त अभिनय से दर्शकों की भरपूर सराहना अर्जित की। कार्यक्रम के अंत में आयोजक राजेश राजा ने बताया कि 25 जुलाई को महोत्सव के अंतिम दिन भी बिहार के विभिन्न रंग समूहों द्वारा सामाजिक सरोकारों से जुड़े नुक्कड़ एवं मंच नाटकों की प्रस्तुतियाँ की जाएँगी।


उद्घाटन करते अतिथि।

## संक्षिप्त खबरें

### नवनिर्मित उषा पब्लिक स्कूल मे प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने किया निरीक्षण



**बिरौल (एनएसबी)।** शुक्रवार को बिरौल स्थित नवनिर्मित उषा पब्लिक स्कूल मे बिरौल के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कुंदन कुमार ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय मे तकरीबन 1 घंटा बैठकर विद्यालय के बारे मे विस्तृत जानकारी प्राप्त किया। बीईओ कुंदन कुमार नवनिर्मित यूपीएस की काफी कम दिनों मे बढ़िया विधि व्यवस्था और शैक्षणिक माहौल देखकर काफी प्रसन्न हुए। मौके पर विद्यालय के चैयरमेन अशोक कुमार झा, निर्देशक अभिषेक आनंद, मिथुन यादव, विकास वैभव समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### डीएम एवं एसएसपी ने शहर के संवेदनशील क्षेत्रों में किया संयुक्त फ्लैग मार्च

**आपातकालीन परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के दिए आवश्यक निर्देश**



**दरभंगा (एनएसबी)।** जिलाधिकारी, दरभंगा कौशल कुमार एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, दरभंगा जगुनाथ रेड्डी जल रेड्डी ने संयुक्त रूप से शहर के विभिन्न संवेदनशील स्थलों, प्रमुख चौक-चौराहों एवं महत्वपूर्ण क्षेत्रों का भ्रमण कर फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च के दौरान जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन तथा पुलिस बल की तैनाती का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी महत्वपूर्ण स्थलों पर लगातार निगरानी रखी जाए तथा किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि या अफवाह पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।इसके उपरांत दोनों अधिकारियों ने कोतवाली थाना एवं बेंता थाना का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों को विधि-व्यवस्था संधारित रखने तथा किसी भी आपातकालीन स्थिति से प्रभावी एवं त्वरित ढंग से निपटने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर सहायक समाहर्ता कल्पना रावत, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, थाना प्रभारी, पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

### कांग्रेस नेत्री नाजिया हसन सहित 54 नामजद 500 अज्ञात लोगों के खिलाफ लहेरियासराय थाना मे प्राथमिकी दर्ज

**दरभंगा (एनएसबी)।** नीट परीक्षा में प्रश्नपत्र लीक मामले को लेकर देश भर में जगह जगह प्रदर्शन हो रहा है। बृहस्पतिवार को कपूरी चौक से समाहरणालय तक विरोध मार्च निकाला गया था। मार्च निकालने के बाद लहेरियासराय थाना क्षेत्र के लोहिया चौक के पास असामाजिक तत्वों के द्वारा रोड़ेबाजी और तोड़फोड़ किया गया था। सीसीटीवी फुटेज और फोटो के आधार पर 33 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार लोगों में 15 नाबालिक व 18 बालिक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं नगर निगम की उप महापौर सह कांग्रेस नेत्री नाजिया हसन सहित 54 नामजद 500 अज्ञात लोगों के खिलाफ लहेरियासराय थाना कांड संख्या 428/26 दर्ज किया गया है। वहीं 86 लोगों का फोटो प्रसारित किया गया है। दरभंगा पुलिस फोटो के आधार पर पहचान कर गिरफ्तार करने के लिए छापामारी कर रही है। वहीं आयोजन पर मामला दर्ज किया गया है। बताया जाता है कि शुक्रवार की दोपहर कोतवाली थाना के पास से तीन लोगों को हिरासत मिल लिया गया है। पुलिस कुछ भी बताने से परहेज कर रही है। कल की घटना के बाद से शहर में जगह-जगह फ्लैग मार्च जिलाधिकारी कौशल कुमार, एसएसपी जगुनाथ रेड्डी जलारेड्डी, सिटी एसपी अशोक कुमार चौधरी, एसडीपीओ 1 राजीव कुमार, लहेरियासराय थानाध्यक्ष अमित कुमार, शहरी क्षेत्र के सभी थानाध्यक्ष,वज्रा वाहन पुलिस सहित दर्जनों पुलिस शामिल थे। एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें नगर निगम की उप महापौर नाजिया हसन रोड़ेबाजी के दौरान सड़क किनारे गड़ा बांस को उखाड़कर हाथ में लेकर गुस्से में दौड़ते हुए देखा जा रहा है।

### मोटरसाइकिल हाइवा की टक्कर में दो की मौत एवं एक गंभीर

**दरभंगा (एनएसबी)।** मब्बी से कमतौल जाने वाली सड़क पर बैलोन मोड़ के पास मोटरसाइकिल सवार को हाइवा ने धक्का मार दिया। मोटरसाइकिल पर तीन आदमी सवार थे। धक्का इतना जबरदस्त था कि पड़ोसी लोग दौड़कर आया। दो आदमी उसी जगह दम तोड दिया। एक बच्ची को उठाकर प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। मरने बालों की पहचान विसफी थाना क्षेत्र के परवत्ता निवासी स्वर्गीय शिवनाथ शाह के पुत्र महेंद्र शाह उम्र 60 साल एवं महेंद्र शाह के बड़े पुत्र संजय शाह उम्र 40 साल के रूप में की गई। महेंद्र शाह का इलाज विवेकानंद कैंसर हॉस्पिटल में चल रहा था ।उसे दिखाने के लिए उनके पुत्र संजय शाह महीना में एक बार लेकर आता था। दुर्भाग्य की बात है कि आज आते वक्त हाइवा ने ठोकर मार कर दोनों का जीवन लीला समाप्त कर दिया। मोटरसाइकिल पर एक बच्ची जो बैठी हुई थी वह संजय शाह की पुत्री थी। लोगों ने डायल 112 मब्बीको फोन किया दोनों लाश को पुलिस अपने कब्जे में लेकर डीएमसीएच पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मालूम होने के बाद मृतक के परिजन भी पहुंच गए जिनमें उनके पुत्र बैजू साह, सोनू कुमार एवं कृष्णमोहन शाह भतीजा सभी लोग पहुंच गए। संजय शाह को मस्तिष्क कुचल दिया गया था। परिजन लोग डीएमसीएच में बच्ची का खोज कर रहे थे लेकिन पुलिस ने बताया कि बच्ची को एन एच पर प्राइवेट अस्पताल में भर्ती है।उनका भी स्थिति ठीक नहीं है।परिजन बच्ची को देखने के लिए गये।

### किसान महासभा ने बिहार बंद का समर्थन किया

**दरभंगा (एनएसबी)।** भाकपा (माले) के राज्य कमिटी सदस्य सह अखिल भारतीय किसान महासभा के राज्य सह सचिव अभिषेक कुमार ने बयान जारी कर-के छात्र युवा आंदोलन पर दमन -गिरफ्तारी, पेपर लीक के लिए जिम्मेवार केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की बर्खास्तगी व एन टी ए को भंग करने, नीट 2026 को रद्द करने आदि मांगों को लेकर कल के आहूत बिहार बंद का समर्थन किया और इसमें छात्र नौजवानों के साथ समाज के सभी तबके को उतरने का आह्वान किया। उन्होंने दरभंगा में छात्र नौजवानों के आंदोलन पर बर्बर लाठीचार्ज और सैकड़ों नाबालिग बच्चों को जेल भेजने की कार्रवाई पर आक्रोशव्यक्त किया हैं। उन्होंने आइसा के राज्य सचिव दीपांकर मिश्र और पटना विश्व विद्यालय की अध्यक्ष सबा अफरीन की गिरफ्तारी की निंदा किया। उन्होंने कहा कि बिहार बंद में किसान महासभा भी सक्रिय भागीदारी करेंगी।

### आज दोनार,सैदनगर तथा एकमी फीडर की बिजली रहेगी बाधित

**दरभंगा (एनएसबी)।** दिनांक 25 जुलाई, 2026 शनिवार को "गावर एजेंसी" के द्वारा 11केवी लाईन शिफ्टिंग का कार्य किया जाएगा, जिस कारण 33/11केवी विद्युत शक्ति उपकेंद्र, अर्बन से निकलने वाली 11 केवी दोनार फीडर में दोनार चौक से जंफर खोल कर 11केवी लाईन शिफ्टिंग का कार्य किया जाएगा जिस कारण से लाइन प्रातः 5 बजे से 7 बजे पूर्वाहन तक बाधित रहेगी। प्रभावित होने वाले क्षेत्र है - दोनार चौक, अल्लपट्टी आदि है,वहीं दिनांक 25 जुलाई, 2026 को ही 33/11केवी विद्युत शक्ति उपकेंद्र, जेल से निकलने वाली 11केवी सैदनगर फीडर एवं 11केवी ऐकमी फीडर में प्रातः 9 बजे से 11 बजे पूर्वाहन तक "गावर एजेंसी" के द्वारा किसान नर्सरी ट्रांसफार्मर का शिफ्टिंग का कार्य किया जाएगा, जिसके कारण केवल किसान नर्सरी ट्रांसफार्मर का लाइन बंद रहेगा ।प्रभावित होने वाले क्षेत्र है- शक्तिनगर,शास्त्रीनगर आदि।

### एक साथ तीन पुत्रों के जन्म से परिवार की खुशी

**बेनीपुर (एनएसबी)।** स्थानीय अनुमंडलीय अस्पताल में गुरुवार की रात एक महिला ने एक साथ तीन बच्चे को जन्म दिया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार प्रखंड क्षेत्र के विकास मंडल की पत्नी जूली कुमारी का सुरक्षित प्रसव कराया गया, जिसमें तीनों नवजात पुत्रों का जन्म हुआ। प्रसव के बाद अस्पताल के चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की निगरानी में मां और तीनों बच्चा पूरी तरह स्वस्थ हैं। एक साथ तीन बच्चों के जन्म की खबर मिलते ही अस्पताल परिसर में लोगों की उत्सुकता बढ़ गई, वहीं परिवार में खुशी का माहौल छा गया। परिजनों ने सफल प्रसव के लिए चिकित्सकों एवं अस्पताल कर्मियों का आभार जताया। बताया गया कि जूली कुमारी पहले भी एक पुत्र और एक पुत्री की मां हैं। अब एक साथ तीन पुत्रों के जन्म से परिवार की खुशियां कई गुना बढ़ गई हैं। चिकित्सकों ने मां और नवजातों की नियमित निगरानी रखे की जानकारी दी।

# कानून व्यवस्था को प्रभावित करने का प्रयास किया तो विधिसम्मत कठोर कार्रवाई की जाएगी

**जिलाधिकारी एवं एसएसपी ने निजी कोचिंग संचालकों एवं छात्रावास प्रतिनिधियों के साथ की महत्वपूर्ण बैठक**




जिलाधिकारी कौशल कुमार एवं वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी जलारेड्डी।

**छात्रों को भ्रामक गतिविधियों से दूर रखने एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील**

**दरभंगा (एनएसबी)।** दरभंगा, समाहरणालय स्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर सभागार में जिलाधिकारी कौशल कुमार एवं वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी जलारेड्डी की संयुक्त अध्यक्षता में जिले के निजी कोचिंग संस्थानों के संचालकों, अंबेडकर छात्रावास के अधीक्षकों, छात्रावास के छात्र प्रतिनिधियों तथा संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई।बैठक में वर्तमान परिस्थितियों एवं कानून-व्यवस्था के मद्देनजर छात्रों की सुरक्षा, शैक्षणिक वातावरण की निरंतरता तथा सामाजिक सौहार्द बनाए रखने को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी कौशल कुमार ने सभी निजी कोचिंग संस्थानों के संचालकों से अपील की कि वे अपने संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को वर्तमान में चल रहे विरोध-प्रदर्शनों में शामिल होने से दूर रहने की हिदायत दें एवं उन्हें अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने एवं किसी भी प्रकार की भ्रामक गतिविधियों से दूर रहने के लिए जागरूक करें। उन्होंने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व विरोध-प्रदर्शनों की आड़ में छात्रों को गुमराह करने एवं उन्हें गलत दिशा में ले जाने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे में कोचिंग संचालकों एवं छात्रावास प्रबंधन की भूमिका एक अभिभावक के समान है। सभी संस्थान विद्यार्थियों को सही मार्गदर्शन दें तथा उन्हें अफवाहों एवं भ्रामक प्रचार से बचने की सलाह दें। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि जिला प्रशासन छात्रों के उज्ज्वल भविष्य एवं उनकी सुरक्षा के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है। किसी भी छात्र को कानून हाथ में लेने अथवा किसी के बहकावे में आने से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का मुख्य उद्देश्य शिक्षा प्राप्त करना एवं अपने भविष्य का निर्माण करना होना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि कोचिंग संस्थान को राजनितिक गतिविधियों से दूर रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कल के प्रदर्शन में 32 लोगों पर एफआईआर हुआ है जिसमें ज्यादातर छात्र थे, जिससे उन विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं, सरकारी सेवाओं, पासपोर्ट, चरित सत्यापन एवं अन्य सम्बंधित अवसरों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी जलारेड्डी ने भी सभी उपस्थित लोगों से कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह, भ्रामक सूचना अथवा उकसावे में आने से बचें तथा ऐसी किसी भी गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस प्रशासन को दें।बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि यदि कोई व्यक्ति या असामाजिक तत्व विरोध-प्रदर्शन की आड़ में सार्वजनिक अथवा सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुँचाने, शांति व्यवस्था भंग करने अथवा कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने का प्रयास करता है, तो उसके विरुद्ध जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा विधिसम्मत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

जिला प्रशासन ने सभी कोचिंग संचालकों, छात्रावास अधीक्षकों एवं छात्र प्रतिनिधियों से अपील की कि वे विद्यार्थियों को सकारात्मक वातावरण प्रदान करें, उन्हें शिक्षा एवं कैरियर निर्माण के प्रति प्रेरित करें तथा जिले में शांति, सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय सहयोग दें। बैठक में सहायक समाहर्त्ता कल्पना रावत सहित अन्य वरीय प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## दरभंगा हिंसा मामले में बड़ी कार्रवाई : 52 नामजद, 500 अज्ञात पर प्राथमिकी, 33 गिरफ्तार, 15 नाबालिग भी शामिल



समाहरणालय के सामने तैनात पुलिस बल के जवान।

**दरभंगा (एनएसबी)।** दरभंगा में छात्र प्रदर्शन के बाद हुए हिंसक उपद्रव मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लहेरियासराय थाना में प्राथमिकी दर्ज की है। दर्ज प्राथमिकी में 52 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है, जबकि 500 अज्ञात लोगों के विरुद्ध भी विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने अब तक 33 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें 15 नाबालिग भी शामिल हैं। पुलिस के अनुसार गुरुवार को छात्र प्रदर्शन के बाद टावर चौक, हाजमा चौराहा (लोहिया चौक) और आसपास के क्षेत्रों में हुए उपद्रव, पथराव, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने तथा कानून-व्यवस्था भंग करने के आरोप में लहेरियासराय थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राथमिकी में 52 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। इसके अलावा घटना में शामिल लगभग 500 अज्ञात लोगों के विरुद्ध भी मामला दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि सभी आरोपितों की पहचान कर उनके विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

अब तक 33 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें 15 नाबालिग भी शामिल हैं। नाबालिगों के मामले में किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज, सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो तथा अन्य डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर उपद्रवियों की पहचान कर रही है। जिन लोगों की संलिप्तता सामने आएगी, उन्हें भी गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस की विशेष टीमें विभिन्न स्थानों पर लगातार छापेमारी कर रही हैं। अधिकारियों का कहना है कि जांच आगे बढ़ने के साथ गिरफ्तारियों की संख्या में और बढ़ोतरी हो सकती है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि हिंसा, पथराव, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और शांति व्यवस्था भंग करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। पूरे मामले की जांच जारी है तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## दरभंगा जिले में डाक सेवाओं के आधुनिकीकरण के लिए हो रही ठोस पहल : डा गोपाल जी ठाकुर

**केंद्रीय संचार मंत्री से मिले सांसद, दरभंगा में दूरसंचार सेवाओं के विस्तार तथा बेहतर मोबाइल सुविधाओं के मुद्दों पर हुई चर्चा**



**दरभंगा (एनएसबी)।** जिले में डाक सेवाओं के आधुनिकीकरण के लिए ठोस पहल किए जा रहे हैं। डाक सेवाओं को लोकप्रिय बनाने तथा मोबाइल सुविधा, बेहतर इंटरनेट व्यवस्था, ग्रामीण क्षेत्रों में सभी उपयोगी कंपनियों के बेहतर नेटवर्क तथा मजबूत डाक अवसंरचना के लिए केंद्र सरकार संकल्पित है। गौरआबौराम विधानसभा के जक्सो जमालपुर शाखा डाकघर का उप डाकघर के रूप में स्वीकृति मिलना इसका ज्वलंत उदाहरण है। स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने गुरुवार की देर संध्या लोकसभा परिसर में भारत सरकार के केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया से भेंट कर इसके लिए आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस शाखा डाकघर को उप डाकघर में उन्नयन के लिए उनके द्वारा 31 अगस्त 2025 को मंत्री श सिंधिया से भेंट कर इसके लिए आग्रह किया गया था जिसका सकारात्मक परिणाम सामने आया है। इस मौके पर सांसद डा ठाकुर ने केंद्रीय मंत्री के साथ दरभंगा में डाक सेवाओं के आधुनिकीकरण, डाक अधोसंरचना के विस्तार, डिजिटल कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने, दूरसंचार सुविधाओं के विस्तार, बेहतर मोबाइल नेटवर्क एवं इंटरनेट सेवाओं सहित जनसुविधाओं से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयो पर चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तथा केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के मार्गदर्शन में दरभंगा एवं मिथिला क्षेत्र में डाक एवं दूरसंचार क्षेत्र के विकास को नई गति मिल रही है, जिससे आम नागरिकों, विद्यार्थियों, किसानों, व्यापारियों एवं युवाओं को व्यापक लाभ प्राप्त होगा।

## दरभंगा को अशांत करने की साजिश नहीं होगी सफल : डा. गोपाल जी ठाकुर

**कहा संसद में नीट परीक्षा संशोधन विधेयक पेश होना ऐतिहासिक पहल**

**दरभंगा (एनएसबी)।** संसद में नीट परीक्षा संशोधन विधेयक पेश कर केंद्र की मोदी सरकार ने साबित कर दिया है कि छात्र छात्राओं के बेहतर भविष्य के लिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए गठबन्धन की सरकार प्रतिबद्ध है। सोनम बांगचे जैसे अनशनकारियों का वार्ता के माध्यम से अनशन खत्म करना, अनशनकारियों से केंद्र सरकार की लगातार वार्ता करना इस बात के प्रमाण है कि सरकार की सोच और मंशा बच्चों के भविष्य के प्रति स्पष्ट है।भारतीय जनता पार्टी के सांसद सह लोकसभा में पार्टी सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने नीट परीक्षा के मुद्दे पर दरभंगा में गुरुवार को प्रदर्शन के बहाने उपद्रवियों द्वारा पुलिस पर पत्थरवाजी करने, सार्वजनिक संपत्तियों का नुकसान करने, प्रधानमंत्री तथा गृहमंत्री के प्रति संसदीय भाषा में गाली देने जैसे हरकत की तीव्र भर्त्सना करते हुए कहा है कि इस प्रदर्शन के पीछे दरभंगा को अशांत करने की गहरी साजिश रची गई थी जिसे प्रशासन तथा यहां के बुद्धिजीवियों ने अपनी तत्परता से विफल कर दिया।सांसद डा ठाकुर ने प्रदर्शन के दौरान पत्थरबाजों की हरकत को अक्षम्य अपराध बताते हुए कहा है कि प्रशासन के द्वारा इस घटना में शामिल उपद्रवियों को चिन्हित कर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## कर्पूरी चौक से समाहरणालय गेट तक निकाला गया तिरंगा यात्रा

**देश के शिक्षा मंत्री को हटाने की मांग को लेकर बिहार बंद का समर्थन**



**दरभंगा (एनएसबी)।** नीट परीक्षा में प्रश्नपत्र लीक होने को लेकर देश के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के त्यागपत्र देने को लेकर देशभर में जगह-जगह विरोध प्रदर्शन चल रहा है। शुक्रवार को सामाजिक कार्यकर्ता प्रियंका झा के आह्वान पर कपूर्री चौक से समाहरणालय गेट तक प्रोटेस्ट में तिरंगा यात्रा निकाला गया। तिरंगा यात्रा में दर्जनों लोग शामिल थे। तिरंगा यात्रा पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। हालांकि भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। इन लोगों का कहना था कि देश के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान जब तक इस्तीफा नहीं देंगे तब तक विरोध प्रदर्शन होते रहेगा। कपूरी चौक से समाहरणालय तक तिरंगा यात्रा निकाला गया जो शांतिपूर्ण रहा। इस दौरान जगह-जगह पुलिस बल तैनात किए गए थे वहीं तिरंगा यात्रा के साथ काफी संख्या में पुलिस बल साथ चल रहे थे। निबंधन कार्यालय के पास मजिस्ट्रेट को मांग पत्र सौंपा गया। उसके बाद सभी अपने-अपने घरों को चले गए। तिरंगा यात्रा में ब्राह्मण फेडरेशन के जिला अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी और पप्पू चौधरी सहित कई लोग शामिल थे। इधर 25 जुलाई 2026 को भारत बंद का आह्वान किया गया है। मिथिला क्षेत्र के डीआईजी मनोज तिवारी, जिलाधिकारी कौशल कुमार, एसएसपी जगुनाथ रड्डी जलरड्डी, सिटी एसपी अशोक कुमार चौधरी, ग्रामीण एसपी साक्षी कुमारी, सदर एसडीपीओ 1 राजीव कुमार के द्वारा पुलिस लाइन में मॉक ड्रिल करवाया गया।

# शिक्षाशास्त्र विभाग में नवप्रवेशी छात्रों का कुलपति ने किया उत्साहवर्धन

**कहा- व्यावहारिक प्रशिक्षण, शिक्षण-कौशल, तकनीकी दक्षता, नैतिक मूल्यों तथा भारतीय ज्ञान परम्परा का समन्वय जरूरी**




सत्रारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते माननीय कुलपति एवं अन्य पदाधिकारीगण।

**दरभंगा (एनएसबी)।** कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के शिक्षाशास्त्र विभाग में शिक्षाशास्त्री सत्र 2026-28 के नवप्रवेशी छात्रों के लिए आयोजित दीक्षारम्भ एवं अभिमुखीकरण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. लक्ष्मी निवास पाण्डेय ने कहा कि वर्तमान समय में केवल विषय-ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि एक शिक्षक के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण, शिक्षण-कौशल, तकनीकी दक्षता, नैतिक मूल्यों तथा भारतीय ज्ञान परम्परा का समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि संस्कृत के विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा पद्धति के अनुरूप प्रशिक्षित कर उन्हें समाज की अपेक्षाओं के अनुरूप तैयार करना समय की मांग है। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं सतत अभ्यास के माध्यम से उत्कृष्ट शिक्षक बनने का रास्ता दिखाया। उक्त जानकारी देते हुए पीआरओ डॉ निशिकांत ने बताया कि इस कार्यक्रम के साथ ही नवप्रवेशी विद्यार्थियों की नियमित शैक्षणिक गतिविधियों का भी शुभारम्भ हो गया है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिकारियों एवं शिक्षकों ने छात्रों का स्वागत करते हुए उन्हें एक योग्य, संस्कारित एवं कुशल शिक्षक बनने के लिए प्रेरित किया एवं शुभकामनाएं भी दी। डीन डॉ.पुरेंद्र वारिक ने छात्रों से कहा कि त्याग एवं समर्पण की भावना से हमें अध्ययन करना चाहिए।

अध्ययन में किया गया त्याग व समर्पण कभी व्यर्थ नहीं जाता है। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी ही कल के कुशल शिक्षक हैं। विशिष्ट अतिथि कुलसचिव डॉ. दिनेश झा ने कहा कि शिक्षाशास्त्री पाठ्यक्रम केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार शिक्षक के निर्माण की प्रक्रिया है। उन्होंने विद्यार्थियों से विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं अनुशासनात्मक परम्पराओं का पालन करते हुए अध्ययन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आग्रह किया। वहीं, वित्त पदाधिकारी डॉ. पवन कुमार झा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ प्रशिक्षण ही शिक्षकों की वास्तविक पहचान बनाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को उपलब्ध शैक्षणिक संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने तथा अपने व्यक्तित्व का समग्र विकास करने के लिए उत्साहित किया। इसी क्रम में शिक्षाशास्त्र निदेशक डॉ. घनश्याम मिश्र ने शिक्षाशास्त्री पाठ्यक्रम की संरचना, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, विद्यालयी अभ्यास, आंतरिक मूल्यांकन तथा पाठ्यक्रम की विभिन्न गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण आधारित शिक्षा से ही दक्ष, उत्तरदायी एवं समाजोपयोगी शिक्षक तैयार किए जा सकते हैं।

कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक डॉ. रामसेवक झा ने किया। उन्होंने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए शिक्षाशास्त्री पाठ्यक्रम की उपयोगिता, प्रशिक्षण की रूपरेखा एवं आगामी शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी तथा विद्यार्थियों को पूरे समर्पण के साथ अध्ययन एवं प्रशिक्षण में सहभागी बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी नवप्रवेशी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य तथा सफल शैक्षणिक जीवन की शुभकामनाएँ दी गई । कार्यक्रम में विभागीय प्राध्यापक डॉ.रामानंद झा, डा.निशा, डा. प्रीति रानी, डा.अवन कुमार राय,डा. संजीव कुमार झा, डा.पवन कुमार सहनी, गोपाल महतो सहित दर्जनों छात्र -छात्राएं सम्मिलित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### बिहार विधान परिषद में गूंजा समस्तीपुर नगर निगम के होल्डिंग टैक्स वृद्धि का मामला

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** बिहार विधान परिषद के 213वें मानसून सत्र के शून्यकाल के दौरान विधान पार्षद डॉ. तरुण कुमार ने समस्तीपुर नगर निगम क्षेत्र में मूलभूत नागरिक सुविधाओं की कमी, स्वच्छता व्यवस्था की बदहाल स्थिति तथा होल्डिंग टैक्स में की गई भारी वृद्धि का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि नगर निगम क्षेत्र के नागरिकों को अपेक्षित सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं, जबकि चालू वित्तीय वर्ष के बीच ही होल्डिंग टैक्स में उल्लेखनीय बढ़ोतरी कर दी गई है। विधान पार्षद ने कहा कि समस्तीपुर नगर परिषद एवं नगर निगम के इतिहास में पहली बार वित्तीय वर्ष के बीच होल्डिंग टैक्स बढ़ाया गया है, जिससे आम लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ा है। उन्होंने यह भी कहा कि



राज्य के विभिन्न स्थानीय निकायों में अलग-अलग मानकों के आधार पर टैक्स निर्धारण किए जाने से लोगों में भ्रम और असमानता की स्थिति उत्पन्न हो रही है। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि पूरे बिहार में एक समान एवं पारदर्शी नीति के तहत होल्डिंग टैक्स निर्धारण की व्यवस्था लागू की जाए तथा चालू वित्तीय वर्ष के बीच बढ़ाए गए टैक्स पर पुनर्विचार करते हुए जनहित में आवश्यक निर्णय लिया जाए। डॉ. तरुण कुमार ने विश्वास जताया कि सरकार इस गंभीर जनहित के मुद्दे पर शीघ्र सकारात्मक पहल करेगी, जिससे समस्तीपुर सहित राज्यभर के शहरी नागरिकों को राहत मिल सके।

### आम बागान से 45 लीटर देशी शराब बरामद, तस्कर की तलाश जारी

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** कल्याणपुर थाना क्षेत्र के खरसंड पश्चिमी पंचायत स्थित चकरी टोला में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 45 लीटर देशी शराब बरामद की है। यह कार्रवाई थानाध्यक्ष रणवीर कुमार राउत के नेतृत्व में पुलिस बल द्वारा की गई। छापेमारी के दौरान एक आम बागान में प्लास्टिक के तीन गैलन में रखी 15-15 लीटर देशी शराब जब्त की गई। हालांकि पुलिस के पहुंचने से पहले शराब कारोबारी मौके से फरार हो गया। थानाध्यक्ष रणवीर कुमार राउत ने बताया कि बरामद शराब को जब्त कर लिया गया है तथा बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर शराब कारोबारी की पहचान एवं गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि अवैध शराब के कारोबार पर रोक लगाने के लिए पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा।

### टैंपू की ठोकर से वृद्ध गंभीर रूप से घायल

**समस्तीपुर कार्यालय।** कल्याणपुर थाना क्षेत्र के दरभंगाझसमस्तीपुर मुख्य मार्ग स्थित भट्ठी चौक के समीप एक टैंपू की चपेट में आने से एक वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कल्याणपुर पहुंचाया। घायल की पहचान मिजार्पुर गांव निवासी दयानंद साह के रूप में हुई है। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए दरभंगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल (डीएमसीएच) रेफर कर दिया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बी.के. ठाकुर ने बताया कि घायल के सिर एवं शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस घटना की जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है।

### बिना हेलमेट चलने वाले 10 बाइक चालकों से पांच हजार रुपये जुर्माना

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह के निर्देश पर कल्याणपुर थाना क्षेत्र में विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों की सघन जांच की गई। थानाध्यक्ष रणवीर कुमार राउत ने बताया कि जांच के दौरान बिना हेलमेट बाइक चला रहे 10 चालकों को पकड़ा गया। सभी से मोटर वाहन अधिनियम के तहत कुल पांच हजार रुपये जुमार्ना वसूला गया। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से यह अभियान लगातार चलाया जा रहा है। आगे भी नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### इलाज के दौरान घायल युवक की मौत, गांव में पसरा मातम

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** कल्याणपुर थाना क्षेत्र के गोविंदपुर खजूरी पंचायत के वार्ड संख्या 15 स्थित हसनपुर कीरत गांव में नल-जल योजना के तहत लगे सरकारी नल पर स्नान करने को लेकर दो भाइयों के बीच हुए विवाद में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। इस बाबत मिली जानकारी के अनुसार बीते रविवार को विजेंद्र महतो की पुत्री साक्षी नल पर बर्तन साफ कर रही थी। इसी दौरान विजेंद्र के पिता सीताराम महतो स्नान करने पहुंचे। इसी बात को लेकर दोनों भाइयों के बीच विवाद शुरू हो गया, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। मारपीट में सीताराम महतो के 40 वर्षीय पुत्र विजेंद्र महतो गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े। परिजनों ने उन्हें पहले दरभंगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया। पटना में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया। अंतिम संस्कार से पूर्व दोनों पक्षों के बीच समझौते का प्रयास किया गया, लेकिन सहमति नहीं बन सकी। पुलिस मामले की जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है।

### भूमि, आवास, राशनकार्ड समेत विभिन्न मांगों को लेकर शनिवार को ताजपुर प्रखंड-अंचल का घेराव, तैयारी पूरी : सुरेंद्र

**ताजपुर (एनएसबी)।** भूमि, बासगीत पर्चा, प्रधानमंत्री आवास योजना में पारदर्शिता, राशनकार्ड, पहुंचपथ, योगियामठ, बहेलिया टोला, आलू मंडी आदि जर्जर सड़क बनाने सहित दलित-गरीबों से जुड़े विभिन्न जनसरोकारों की मांगों को लेकर भाकपा (माले) एवं बिहार प्रदेश खेत मजदूर सभा (खेग्रामस) द्वारा शनिवार को ताजपुर प्रखंड एवं अंचल कार्यालय पर प्रस्तावित प्रदर्शन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए शुक्रवार को भाकपा (माले) के प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह, प्रभात रंजन गुप्ता, मो. एजाज समेत अन्य नेताओं के नेतृत्व में ताजपुर प्रखंड के विभिन्न गांवों में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों से बड़ी संख्या में प्रदर्शन में शामिल होकर अपनी मांगों को बुलंद करने की अपील की गई। जनसंपर्क अभियान के दौरान रहीमाबाद एवं चित्रसेन पोखर में खेग्रामस का सदस्यता अभियान भी चलाया गया, जिसमें 45 नए लोगों को संगठन की सदस्यता दिलाई गई। भाकपा (माले) नेताओं ने कहा कि भूमिहीन परिवारों को भूमि और बासगीत पर्चा, पात्र परिवारों को आवास योजना का लाभ, बंद राशनकार्ड चालू करने, जरूरतमंदों का नया राशनकार्ड बनाने, गांवों में पहुंचपथ सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग को लेकर यह प्रदर्शन आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने क्षेत्र के दलितों, गरीबों, खेत मजदूरों एवं आम जनता से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की।

### राशन कार्ड बनवाने से वंचित लाभार्थियों को मिशन मोड में काम किया जाएगा

**बेनीपुर (एनएसबी)।** राशन कार्ड बनवाने से वंचित लाभार्थियों को योजना का लाभ दिलाने के लिए अब मिशन मोड में काम किया जाएगा। इसी को लेकर बुधवार को एडीएसओ और एमओ की अध्यक्षता में पंचायत सचिवों और विकास मित्रों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में एडीएसओ ने स्पष्ट निर्देश दिए कि 5 अगस्त तक सभी पंचायतों में विशेष अभियान चलाकर पात्र परिवारों का राशन कार्ड बनाया जाए। सरकार की मंशा है कि एक भी पात्र व्यक्ति राशन से वंचित न रहे। इसके लिए पंचायत स्तर पर शिविर लगाए जाएंगे और आवेदन में आ रही दिक्कतों का ऑन द स्पॉट निपटारा किया जाएगा। एम ओ ने बैठक में कहा कि अभियान के दौरान जनप्रतिनिधियों और विकास मित्रों का सहयोग लिया जाए ताकि दूरदराज के गांवों तक जानकारी पहुंच सके। पंचायत सचिवों को निर्देश दिया गया कि वे लाभार्थियों की सूची का मिलान करें और नए आवेदन समय पर पोर्टल पर अपलोड करें।

# आरएल महतो इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट में प्रथम बैच का सत्रारम्भ

**स्वागत समारोह में नवप्रशिक्षुओं का हुआ भव्य अभिनंदन**

**दलसिंहसराय (एनएसबी)** स्थानीय आरएल महतो इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट में शैक्षणिक सत्र 2026-29 के प्रथम बैच के नव-नामांकित प्रशिक्षुओं के अभिनंदन सह स्वागत समारोह एवं सत्रारम्भ कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन तथा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। इसके बाद संस्थान परिवार ने सभी नवप्रशिक्षुओं एवं उनके अभिभावकों का पुष्पवर्षा और गुलाब का फूल भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। स्वागत गीत के माध्यम से वर्षा कुमारी, दीप्ति कुमारी, नगमा खातून एवं राखी कुमारी ने नए विद्यार्थियों का अभिनंदन किया, जिससे पूरा सभागार उत्साह और उल्लास से भर उठा। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रशांत कुमार पंकज ने सभी प्रशिक्षुओं का स्वागत करते हुए कहा कि किसी भी विद्यार्थी की सफलता केवल शिक्षा से नहीं, बल्कि संस्कार, अनुशासन, समय की सदुपयोग और निरंतर मेहनत से तय होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित रहकर पूरे समर्पण के साथ अपना पाठ्यक्रम पूरा करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संस्थान विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए गुणवत्तापूर्ण तकनीकी एवं प्रबंधन शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मो. इमामुद्दीन ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिवेश में तकनीकी एवं प्रबंधन शिक्षा का महत्व लगातार बढ़ रहा है। आज के दौर में केवल सैद्धांतिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक, नवाचार, डिजिटल कौशल, नेतृत्व क्षमता और प्रभावी प्रबंधन की समझ भी विकसित करनी होगी। उन्होंने कहा कि उद्योगों और संस्थानों की बदलती आवश्यकताओं को देखते हुए कुशल एवं प्रशिक्षित मानव संसाधन की मांग लगातार बढ़ रही है। ऐसे में तकनीकी एवं प्रबंधन शिक्षा युवाओं को रोजगार, उद्यमिता तथा आत्मनिर्भर बनने के बेहतर अवसर प्रदान करती है। कार्यक्रम के दौरान नवप्रशिक्षुओं के लिए ज्वलंत बिंदुओं पर एक रोचक क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अनिकेत प्रकाश को मिस्टर फ्रेशर तथा अनिशी गुड़िया को मिस फ्रेशर चुना गया। दोनों विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह को और भी आकर्षक बना दिया। दीप्ति कुमारी, राखी कुमारी, नगमा खातून, वर्षा कुमारी, खुशबू कुमारी, कंचन कुमारी, श्वेता कुमारी, साधना कुमारी, अंजली कुमारी एवं रोशनी कुमारी सहित अन्य प्रशिक्षुओं ने मनमोहक गीत, नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर उपस्थित लोगों की खूब तालियाँ बटोरीं। कार्यक्रम का सफल संचालन निर्मल कुमार चंचल ने किया, जबकि स्वागत भाषण राजेश कुमार गिरी ने दिया। अंत में डॉ. धर्मेंद्र कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर अर्चना पंकज, कुंती देवी, दिनेश कुमार मिश्रा, पंकज कुमार, श्वेता रानी कर्ण, विभा कुमारी, राजीव कुमार सुमन, आमिर सोहेल, एस.के. प्रसाद, डॉ. आदित्य राज, प्रशांत स्वराज, शेफाली दीक्षिता, किरण चौधरी, रामानुराग झा, डॉ. विवेक दत्त, चंद्रमणि सिंह, डॉ. राजकुमार, केशव कुमार चौधरी, सत्यम, उमा शंकर चंदन, नीलम कुमारी, कुमारी दीपा, आकांक्षा कुमारी, प्राची अग्रवाल, पल्लव पारस, रूपक कौशल, संतोष सुमन, रश्मि रोजी, अजय शर्मा सहित संस्थान के शिक्षक, कर्मचारी, प्रशिक्षु एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में शामिल प्रशिक्षु व प्राध्यापक।

## नई सरकार के गठन के 100 दिनों की उपलब्धियों के राज्यस्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** नई सरकार के गठन के 100 दिनों के भीतर प्राप्त उपलब्धियों के संबंध में राज्य स्तर पर दिनांक 25 जुलाई 2026 को मुख्यमंत्री बिहार सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं उसके जिला, अनुमंडल, प्रखंड तथा पंचायत स्तर पर जीवन्त प्रसारण (लाइव टेलीकास्ट) की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा ने समाहरणालय सभागार में समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट जिला मुख्यालय के साथ-साथ सभी अनुमंडलों, प्रखंडों एवं पंचायतों में निर्धारित समय पर निर्बाध एवं अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक तकनीकी व्यवस्था, इंटरनेट कनेक्टिविटी, विद्युत आपूर्ति, ध्वनि व्यवस्था, बैठने की समुचित व्यवस्था तथा अन्य सभी आवश्यक सुविधाएं समय रहते सुनिश्चित कर ली जाएं, ताकि कार्यक्रम का सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन हो सके। इस क्रम में जिलाधिकारी ने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा किसी भी प्रकार की तकनीकी अथवा प्रशासनिक समस्या उत्पन्न होने पर उसका त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं आमजनों की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त समस्तीपुर सूर्य प्रताप सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रजनीश कुमार राय, विशेष कार्य पदाधिकारी अली अकरम सहित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी समाहरणालय सभागार से उपस्थित रहे, जबकि सभी क्षेत्रीय पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक से जुड़े रहे।




समीक्षा बैठक में शामिल डीएम व अन्य।

## आज याद आ रहे जय प्रकाश : डॉ लाभ



**समस्तीपुर (एनएसबी)।** विश्वगुरु बनने का सपना देखने वाला भारत आज सबसे कठिन दौर से गुजर रहा है और ऐसी विषम परिस्थिति में याद आ रहें हैं - लोकनायक जय प्रकाश नारायण। संसार को लोकतंत्र का संदेश देने वाला भारत खुद राजनीति के तिकड़मी तंत्र के जाल में फंसकर त्राहिमाम कर रहा है। सत्ता अपनी स्मिता की रक्षा में लगी है, वहीं विपक्ष सत्ता को च्यूत करने का अवसर ढूढ़ने में मशगूल है। जनहित किसीके लिए कोई मायने नहीं रखता। प्रायः राजनीतिक दल अपने सिद्धांत कोठी-कंधे पर रखकर एक गिरोह के रुप में नंगा-नाच कर रहे हैं। ऐसे परिवेश में देश ढूंढ़ रहा है - जयप्रकाश नारायण को, जिन्होंने सम्पूर्ण क्रांति का नारा देकर आपातकाल के समय देश को क्रूर तानाशाह के चंगुल से त्राण दिलाया था। प्रेस-विज्ञप्ति जारी कर आदर्श मिथिला पार्टी के अध्यक्ष वरीय अधिवक्ता डॉ परमानन्द लाभ ने उक्त बातें कही है। उन्होंने कहा कि, सिस्टम सारे चौपट हो चुके हैं। संसद-विधानमंडल अपराधियों, बाहुबलियों, धन्नासेठों, अय्याशों के अड्डे बन गए हैं। न्याय-व्यवस्था , शिक्षा-व्यवस्था, स्वास्थ्य-व्यवस्था सरीखे महत्वपूर्ण विभाग भ्रष्टाचारियों के चंगुल में हैं। प्रशासन निरंकुश है। देश-सेवा की अहमियत किसीके लिए नहीं है। परिणामतः छात्र-युवा आंदोलनरत हैं, शिक्षा वित्तरहित के हवाले रहने के कारण शिक्षक भूखे मर रहे हैं, सरकार अहंकार में डूबी है, तो विपक्षी विध्वंस पर उतरे हैं । जन-जन में व्यवस्था के प्रति भयंकर आक्रोश है। ऐसे घोर संकट के समय आमिपा अध्यक्ष ने देशवासियों से शांतिपूर्ण रूप से भारत की गरिमा बरकरार रखने की अपील की है, लेकिन कुव्यवस्था की जड़ों पर प्रहार करने का आह्वान भी किया है। आमिपा अध्यक्ष डॉ लाभ ने वर्तमान छात्र-युवा कॉकरोच जनता पार्टी आंदोलन के मध्यनजर स्पष्ट किया है कि उनका दल छात्र-युवाओं के साथ है, पुलिसिया कार्रवाई की कड़ी निंदा करता है और अकर्मण्य शिक्षा मंत्री से इस्तीफे की मांग करता है। सरकार संवेदनशील बने,समान शिक्षा-प्रणाली लागू करे।

**गंगा स्नान जा रहे कांटी अंचल के अमीन की मौत:**

## हाइवा की टक्कर के बाद ट्रक ने कुचला, मां की हालत गंभीर

**दलसिंहसराय नगर (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एनएच-28 पर हुए भीषण सड़क हादसे में मुजफ्फरपुर के कांटी अंचल में कार्यरत अमीन की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि इस घटना में उनकी मां गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया। प्रशासन की पहल पर तत्काल 20 हजार रुपये की सहायता राशि दिए जाने के बाद जाम समाप्त हुआ। इस सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार उजियारपुर थाना क्षेत्र के चाँदचौर पूर्वी पंचायत के जनकपुर वार्ड-9 निवासी उपेंद्र प्रसाद सिंह के पुत्र मनीष कुमार (35) शुक्रवार सुबह अपनी मां चंदा देवी (55) को स्कूटी से गंगा स्नान कराने ले जा रहे थे। बताया जाता है कि बसढ़िया के पास एनएच-28 पर उनकी स्कूटी को तेज रफ्तार अनियंत्रित हाइवा ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही मां-बेटे सड़क पर गिर पड़े। इसी दौरान सामने से आ रहे एक ट्रक ने सड़क पर गिरे मनीष कुमार को कुचल दिया। ट्रक के चक्के में उनका शव बुरी तरह फंस गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी की मदद से काफी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकलवाया। जबकि, उनकी मां चंदा देवी को स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी नाजुक स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए बेगूसराय के एक निजी अस्पताल रेफर किया गया जहां उनका इलाज जारी है। घटना की जानकारी मिलने पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि मृतक की चार वर्ष पूर्व ही शादी हुई थी। उनकी दो वर्ष की एक बेटी तृषा है।

## सीबीआई की कार्रवाई ने मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय की कार्यप्रणाली पर खड़े किए गंभीर सवाल

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा समस्तीपुर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में कथित रिश्वतखोरी के मामले में सहायक कार्मिक अधिकारी एवं एक डीलिंग क्लर्क को रंगे हाथ पकड़ने की कार्रवाई के बाद पूरे मंडल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। सीबीआई की कार्रवाई के बाद सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि यदि कार्यालय में इस प्रकार की गतिविधियां चल रही थीं, तो विभागीय निगरानी व्यवस्था को इसकी भनक क्यों नहीं लगी? क्या शिकायतों पर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, या फिर आंतरिक सतर्कता तंत्र पूरी तरह निष्क्रिय था? प्रशासनिक हलकों में चर्चा है कि किसी भी सरकारी कार्यालय में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना शीर्ष अधिकारियों की जिम्मेदारी होती है। ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक है कि आखिर ऐसी स्थिति बनने तक मंडल प्रशासन क्या कर रहा था? यदि समय रहते प्रभावी निगरानी होती, तो क्या केंद्रीय एजेंसी को ट्रैप की कार्रवाई करनी पड़ती? अब निगाहें रेलवे प्रशासन पर टिकी हैं। लोग जानना चाहते हैं कि क्या इस मामले में केवल संबंधित कर्मचारियों तक कार्रवाई सीमित रहेगी, या फिर यह भी जांच होगी कि निगरानी तंत्र कहां विफल रहा और इसकी प्रशासनिक जिम्मेदारी किसकी बनती है। हालांकि, यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि सीबीआई की कार्रवाई जांच प्रक्रिया का हिस्सा है। मामले में अंतिम निष्कर्ष जांच और न्यायिक प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही सामने आएगा। वहीं, प्रशासनिक जवाबदेही को लेकर उठ रहे सवालों का जवाब रेलवे प्रशासन से अपेक्षित है। सवाल जो जवाब मांग रहे हैं। क्या मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय की निगरानी व्यवस्था प्रभावी थी! यदि शिकायतें थीं, तो विभागीय कार्रवाई क्यों नहीं हुई। क्या इस मामले में प्रशासनिक जवाबदेही भी तय की जाएगी।

## 12 घंटे के भीतर दूसरी सड़क दुर्घटना में गई एक और जान

**दलसिंहसराय नगर (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र में 12 घंटे के भीतर सड़क हादसे की दूसरी घटना गुरुवार देर रात सामने आई। जिसमें बसढ़िया वार्ड-8 निवासी अशोक भगत के पुत्र चंदन कुमार (31) की बैगन चौक के पास सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। बताया गया कि चंदन बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान उनकी बाइक किसी अज्ञात वाहन से टकरा गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक बाजार समिति सब्जी मंडी में सब्जी की दुकान चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते थे। लगातार दो सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत से पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। स्थानीय लोगों ने एनएच-28 पर तेज रफ्तार और अनियंत्रित भारी वाहनों पर प्रभावी कार्रवाई की मांग की है।

## पुलिस दीदी टीम 'अभया ब्रिगेड' ने चलाया 'ऑपरेशन विविध पालक युवक' जागरूकता अभियान

**छात्र-छात्राओं को दी महिला सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव एवं कानूनी अधिकारों की जानकारी**

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** प्रखंड स्थित सरस्वती विद्या निकेतन (मॉडल विद्यालय) सह राजकीयकृत विद्यापति प्लस टू उच्च विद्यालय, मऊ बाजिदपुर (दक्षिण) में बिहार पुलिस के अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) के कमजोर वर्ग प्रकोष्ठ द्वारा संचालित पुलिस दीदी टीम (अभया ब्रिगेड) के तहत 'ऑपरेशन विविध पालक युवक' जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना, महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना तथा अपराधों की रोकथाम में युवाओं की सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करना था।

कार्यक्रम में एसआई अमृता राज ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न, स्टॉकिंग या साइबर अपराध का शिकार होने पर चुप न रहें, बल्कि तुरंत पुलिस को सूचना दें। उन्होंने छात्राओं को महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनी अधिकारों, आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखने तथा सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही साइबर ठगी, फर्जी लिंक एवं अनजान कॉल से सतर्क रहने की सलाह भी दी। प्रभारी प्राचार्य अमित भूषण ने कहा कि विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों में सामाजिक एवं नैतिक मूल्यों का विकास भी करता है। ऐसे जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ उन्हें जिम्मेदार एवं सजग नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम के दौरान पुलिस दीदी टीम ने बताया कि महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा के लिए महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, पुलिस आपातकालीन सेवा 112 तथा साइबर हेल्पलाइन 1930 चौबीसों घंटे उपलब्ध हैं। किसी भी आपात स्थिति में इन हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करने की अपील की गई। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों से समाज में महिला सम्मान, सुरक्षा एवं अपराधमुक्त वातावरण बनाने में सहयोग करने का आह्वान किया गया।इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, पुलिस बल तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



मंचासीन पदाधिकारी।

## पेपर लीक के विरोध में आइसा का मशाल जुलूस

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं के विरोध, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफा देने, आंदोलन के दौरान गिरफ्तार छात्रों-युवाओं की रिहाई, छात्रों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने, एनटीए को भंग करने, एनपीए को रद्द करने तथा छात्र आंदोलनों पर पुलिसिया कार्रवाई बंद करने की मांग को लेकर बिहार बंद की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को आइसा (ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन) के बैनर तले समस्तीपुर में मशाल जुलूस निकाला गया। जुलूस का नेतृत्व आइसा के जिला अध्यक्ष लोकेश कुमार, जिला सचिव लोकेश राज एवं जिला उपाध्यक्ष दीपक यादववंशी ने किया। मशाल जुलूस शहर के मालगोदाम चौक से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए स्टेशन चौक स्थित गांधी स्मारक पहुंचा, जहां जोरदार नारेबाजी के बाद सभा आयोजित की गई। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने आरोप लगाया कि लगातार पेपर लीक की घटनाओं से छात्रों और युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### हर्ष फायरिंग मामले में मधुबनी पुलिस की त्वरित कर्रवाई

**मधुबनी(एनएसबी)।** हर्ष फायरिंग मामलें में बासोपट्टी थाना द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अजय मंडल, पे०- पंचू मंडल, सा०-हत्थापुर परसा पूर्वी टोल, थाना-बासोपट्टी जिला-मधुबनी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा हैं। सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार के अवैध हथियार का प्रदर्शन करना या हिंसा को बढ़ावा देना कानूनन अपराध है। मधुबनी पुलिस की सोशल मीडिया सेल लगातार ऐसी गतिविधियों पर नजर रख रही है।

### उर्वरक की उपलब्धता एवं शिकायतों के समाधान के लिए प्रखंडवार एवं अनुमंडलवार मोबाइल नंबर जारी

इ खरीफ 2026 के दौरान उर्वरक के भंडारण, वितरण एवं बिक्री में पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा कालाबाजारी, जमाखोरी और अधिक मूल्य पर बिक्री रोकने के लिए जिलाधिकारी, आनंद शर्मा द्वारा दिए गए निदेश के आलोक में जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा उर्वरक की उपलब्धता एवं शिकायतों के समाधान के लिए प्रखंडवार एवं अनुमंडलवार मोबाइल नंबर जारी किया गया है। विदित हो कि अब तक जिले के 320 उर्वरक प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की गई, जिनमें 13 प्रतिष्ठानों में अनियमितता पाई गई। कार्रवाई के तहत 1 प्रतिष्ठान पर प्राथमिकी, 4 की अनुज्ञप्ति रद्द, 6 उर्वरक प्रतिष्ठान की अनुज्ञप्ति निलंबित, 01 कीटनाशी प्रतिष्ठान की अनुज्ञप्ति निलंबित तथा 3 प्रतिष्ठानों से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

### टीबी मरीजों को पौष्टिक खाद्य सामग्री से युक्त फूड बास्केट वितरित

**खजौली (एनएसबी)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) खजौली में शुक्रवार को टीबी (यक्ष्मा) उन्मूलन अभियान के तहत सराहनीय पहल देखने को मिली। खजौली के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. त्रिभुवन कुंवर ने सीएचसी पहुंचकर पांच टीबी मरीजों को पौष्टिक खाद्य सामग्री से युक्त फूड बास्केट वितरित किया। बास्केट में चावल, दाल, सोयाबीन, सरसों तेल, चना, आलू, प्याज, नमक, सब्जी मसाला सहित अन्य पोषक सामग्री शामिल थी। इस अवसर पर डॉ. कुंवर ने कहा कि टीबी की दवा के साथ संतुलित पोषण भी बेहद आवश्यक है। सही उपचार और पौष्टिक आहार से ही टीबी पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। उनके इस मानवीय प्रयास की उपस्थित लोगों ने सराहना की। मौके पर सीएचसी प्रभारी डॉ. ज्योतींद्र नारायण, डॉ. राजेश राम, एनटीईपी लैब टेक्नीशियन मो. इस्मतुल्लाह, एसटीएस गुलाब, श्वेता कुमारी, अशोक सिंह सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ज्योतींद्र नारायण ने कहा कि निजी चिकित्सकों और समाजसेवियों के सहयोग से टीबी मुक्त बिहार अभियान को और मजबूती मिलेगी




### टीवी मरीजों के बीच किया गया पोषण किट का वितरण

**बिस्फी (एनएसबी)।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम एनटीईपी द्वारा संचालित टीवी मुक्त अभियान के तहत सादुल्लाहपुर पंचायत मे उप विकास आयुक्त सुमन प्रसाद साह, ग्रामीण एसपी शिवम धाकड़, जिला चिकित्सा पदाधिकारी डॉ हरेंद्र कुमार, सीएचसी प्रभारी डॉ अब्दुल बासित, हेल्थ मैनेजर राजेश रंजन ने टीवी मरीजों के बीच किट का वितरण किया. डॉ हरेंद्र कुमार ने कहा कि टीवी मरीजों के उपचार के साथ-साथ उनके पोषण पर भी विशेष ध्यान दी जा रही है. स्क्रीनिंग के माध्यम से संभावित मरीजों की पहचान कर समय पर जांच एवं उपचार सुनिश्चित किया जा रहा है. उद्देश्य है कि टीवी के मरीजों की पहचान कर उन्हें शुरूआती चरण में ही इलाज उपलब्ध कराया जाए. ताकि संक्रमण के प्रचार को रोका जा सके. हेल्थ मैनेजर राजेश रंजन ने कहा कि निझय मित्र के सहयोग से टीवी मरीजों के बेहतर स्वास्थ्य लाभ के लिए सौ से अधिक मरीजों के बीच फूट बास्केट पोषण किट वितरण की गई है. इन पोषण कीटों में आवश्यक खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई गई है. जिसे मरीजों को उपचार के दौरान पोषण मिल सके. नियमित दवा के साथ संतुलित पोषण टीवी से शीघ्र स्वस्थ होने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है. डीडीसी ने कहा कि टीवी मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए स्कैनिंग, समय पर जांच, निशुल्क उपचार, पोषण सहायता और नियमित फॉलो अप जैसे सभी पहलुओं पर समान रूप से कार्य किया जा रहा है. इस मौके पर बीडीओ बसंत कुमार सिंह सीओ संतोष कुमार सिंह सहीत कई एएनएम, आशा कार्यकर्ता उपस्थित थे.



### कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा तैयारियों के तहत पुलिस केंद्र, मधुबनी में एंटी-रॉयट ड्रिल का आयोजन

**मधुबनी (एनएसबी)।** नीट परीक्षा एवं उससे जुड़े मुद्दों को लेकर छात्र प्रदर्शनों के मद्देनजर, मधुबनी पुलिस द्वारा कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए पुलिस केंद्र, मधुबनी में एक विशेष एंटी-रॉयट ड्रिल (दंगा रोधी अभ्यास) का आयोजन किया गया।इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य भीड़ नियंत्रण के दौरान पुलिस बल की तत्परता/सुरक्षा उपकरणों के प्रभावी उपयोग एवं आवश्यकतानुसार बल प्रयोग के प्रोटोकॉल का परीक्षण करना था।विद्यार्थियों एवं आम जनता से मधुबनी पुलिस की विनम्र अपील मधुबनी पुलिस आप सभी से शांति और संयम बनाए रखने की अपील करती है। किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और कानून-व्यवस्था का सम्मान करें। नागरिकों की सुरक्षा और शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।



### उच्च शिक्षा विधेयक के विरोध में डी.बी. कॉलेज, जयनगर के शिक्षकों ने काला बिल्ला लगाकर किया प्रदर्शन

**जयनगर (एनएसबी)।** बिहार सरकार द्वारा प्रस्तावित उच्च शिक्षा संबंधी विधेयक एवं अंगीभूत यूजी महाविद्यालयों को विश्वविद्यालयों से अलग करने के प्रस्ताव के विरोध में शुक्रवार को डी.बी. कॉलेज, जयनगर के शिक्षकों ने काला बिल्ला लगाकर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. ओम कुमार सिंह एवं सचिव डॉ. चंदन कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस विरोध कार्यक्रम में महाविद्यालय के दर्जनों शिक्षकों ने भाग लेकर अपनी लोकतांत्रिक असहमति दर्ज कराई। प्रदर्शन के दौरान शिक्षकों ने कहा कि प्रस्तावित विधेयक उच्च शिक्षा व्यवस्था में व्यापक बदलाव का संकेत देता है। उनका मानना है कि यदि अंगीभूत महाविद्यालयों को विश्वविद्यालयों से अलग किया जाता है, तो इससे विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों के बीच वर्षों से स्थापित शैक्षणिक समन्वय, प्रशासनिक व्यवस्था तथा संस्थागत स्वायत्तता प्रभावित हो सकती है। शिक्षकों ने आशंका जताई कि इस प्रकार के बदलाव का असर शिक्षण व्यवस्था, परीक्षा प्रणाली, शोध गतिविधियों और विद्यार्थियों के हितों पर भी पड़ सकता है।शिक्षकों ने कहा कि शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषय पर किसी भी बड़े निर्णय से पहले सरकार को सभी संबंधित पक्षों से व्यापक स्तर पर विचार-विमर्श करना चाहिए। उनका कहना था कि शिक्षक, विश्वविद्यालय प्रशासन, शिक्षाविद, कर्मचारी संगठन तथा विद्यार्थियों के प्रतिनिधियों की राय लिए बिना ऐसे महत्वपूर्ण विधेयक को लागू करना उचित नहीं होगा। संवाद और सहमति के आधार पर ही शिक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी और मजबूत बनाया जा सकता है।शिक्षक संघ के सचिव डॉ. चंदन कुमार ने कहा कि यह विरोध किसी राजनीतिक उद्देश्य से नहीं, बल्कि उच्च शिक्षा की गुणवत्ता, विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता और विद्यार्थियों के भविष्य की रक्षा के उद्देश्य से किया जा रहा है। उन्होंने राज्य सरकार से आग्रह किया कि प्रस्तावित उच्च शिक्षा विधेयक पर पुनर्विचार करते हुए सभी हितधारकों के साथ सार्थक संवाद स्थापित किया जाए, ताकि शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने वाला सर्वसम्मत निर्णय लिया जा सके। वहीं शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. ओम कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षकों का यह आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार शिक्षकों की चिंताओं पर गंभीरता से विचार नहीं करती है, तो आगे भी लोकतांत्रिक तरीके से विरोध कार्यक्रम जारी रहेंगे।

# बेनीपट्टी में पंचायत विकास दिवस पर हर पंचायत में लिए जाएंगे राशन कार्ड के आवेदन

**बेनीपट्टी,(एनएसबी)।** पंचायत विकास दिवस के अवसर पर 26 जुलाई 2026 को बेनीपट्टी अनुमंडल क्षेत्र की प्रत्येक पंचायत में नए राशन कार्ड बनाने के लिए आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी शारंग पाणि पाण्डेय ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं।

जारी निर्देश के अनुसार पंचायत विकास दिवस के अवसर पर प्रत्येक पंचायत में विकास मित्र, पंचायत सचिव, कार्यपालक सहायक एवं अन्य पंचायत स्तरीय कर्मियों को नामित कर राशन कार्ड निर्माण से संबंधित आवेदन लिए जाएंगे। प्राप्त सभी आवेदनों की उसी दिन पंजी में प्रविष्टि कर संबंधित प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि आगे की प्रक्रिया समय पर पूरी की जा सके।




एसडीएम बेनीपट्टी

अनुमंडल प्रशासन ने बताया कि बिहार सरकार द्वारा राशन कार्ड से वंचित सभी पात्र परिवारों को लाभ देने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत निर्धारित पात्रता रखने वाले परिवारों से आवेदन प्राप्त कर उनका सत्यापन करते हुए नए राशन कार्ड उपलब्ध कराए जाएंगे।

प्रशासन ने क्षेत्र के सभी पात्र परिवारों से अपील की है कि वे 26 जुलाई को अपनी पंचायत में आयोजित शिविर में आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर राशन कार्ड के लिए आवेदन करें, ताकि सरकार की जनकल्याणकारी योजना का लाभ उन्हें समय पर मिल सके।

## राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, वादी-प्रतिवादी की उपस्थिति में ई.वी.एम. वेयर हाउस में किया गया स्थानांतरण

**मधुबनी(एनएसबी)।** विभागीय निदेश के आलोक में जिला के निर्वाचन वाद से संबंधित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 38 के ई.वी.एम. को माननीय उच्च न्यायालय, पटना के द्वारा 24 जून को पारित न्यायादेश में निर्वाचन वाद से विमुक्त करने का आदेश निर्गत है। उक्त पारित न्यायादेश के आलोक में संलिप्त ई.वी.एम. को विभागीय दिशा-निदेशों का अनुपालन करते हुए सामान्य ई.वी.एम. वेयर में स्थानांतरण करने हेतु निदेश दिया गया था।उक्त आदेश के आलोक में आज 10:30 बजे पूर्वाह्न में गिरधारी पब्लिक लाईब्रेरी स्थित ई.वी.एम. वेयर हाउस को प्रभारी जिलाधिकारी -सह-उप विकास आयुक्त, सुमन प्रसाद साह एवं उपरोक्त निर्वाचन वाद के वादी प्रतिवादी तथा मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोला गया।ई.वी.एम वेयर हाउस के द्वितीय तल पर वादी-प्रतिवादी एवं मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में 38 झंझारपुर निर्वाचन वाद से संबंधित ई.वी.एम. को सामान्य ईवीएम वेयर हाउस में रखा गया है।इस अवसर पर नोडल पदाधिकारी, ई.वी.एम, प्रबंधन कोषांग, उप-निर्वाचन पदाधिकारी, प्रशांत शेखर सहित विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं वादी-प्रतिवादी एवं अन्य उपस्थित थे।



उपविकास आयुक्त के समक्ष

## कबीर अंत्येष्टि योजना के तहत सात लाभुकों को चेक वितरित, मिली आर्थिक सहायता

**बेनीपट्टी, (एनएसबी)।** सामाजिक सुरक्षा निदेशालय, समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित कबीर अंत्येष्टि अनुदान योजना के तहत नगर पंचायत बेनीपट्टी द्वारा सात लाभुकों के बीच सहायता राशि का चेक वितरित किया गया। गुरुवार को नगर पंचायत कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रत्येक लाभुक को तीन-तीन हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया। इस प्रकार कुल 21 हजार रुपये की सहायता राशि का वितरण किया गया।कार्यक्रम में नगर पंचायत की मुख्य पार्षद मंजू देवी, उपमुख्य पार्षद दीपशिखा कुमारी, कार्यपालक पदाधिकारी गौतम आनंद, वार्ड पार्षद सागर देवी तथा वार्ड पार्षद कार्तिक कुमार झा ने संयुक्त रूप से वार्ड संख्या 18 एवं 19 के सात लाभुकों को चेक सौंपा। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समय पर पहुंचाना नगर पंचायत की प्राथमिकता है। उन्होंने लाभुकों को योजना का लाभ मिलने पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि इससे जरूरतमंद परिवारों को कठिन समय में आर्थिक सहायता मिल सकेगी।




चेक वितरण करते अधिकारी

## एक देशी कट्टा एवं 2 जिंदा कारतूस के साथ 2 अभियुक्त गिरफ्तार

**मधुबनी(एनएसबी)।** वरीय पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि 23 जुलाई को पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के निदेर्शानुसार विधि-व्यवस्था संधारण एवं अपराध नियंत्रण के दृष्टिकोण से जिलान्तर्गत सभी थाना क्षेत्रों में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में 23 जुलाई की रात्रि समय करीब 12:10 बजे खजौली थाना की पुलिस द्वारा सुक्की सायफन पुल के पश्चिमी छोर पर वाहन चेकिंग की जा रही थी। वाहन चेकिंग के क्रम में समय करीब 12:30 बजे कसमा मरार की ओर से आ रहे एक मोटरसाईकिल पर सवार दो संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगे। जिसे सशस्त्र बल के सहयोग से पकड़ लिया गया। नाम,पता पूछने पर उन्होंनें अपना नाम 01. चंदन कुमार सिंह 02. लक्ष्मण साह बताया। तदोपरांत पुलिस द्वारा विधिवत तालाशी के क्रम में लक्ष्मण साह के पास से 01 देशी कट्टा एवं 02 जिंदा कारतूस एवं मोबाईल तथा चंदन कुमार के पास से एक मोबाईल फोन बरामद हुआ। तत्पश्चात माटरसाईकिल एवं बरामद सामान को विधिवत जब्त कर गिरफ्तार दोनों अभियुक्त को थाना लाया गया। गिरफ्तार लक्ष्मण साह का आपराधिक इतिहास भी हैं। इस संदर्भ में खजौली थाना द्वारा सुसंगत धाराओं के तहत कांड दर्ज कर दोनों अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा गया हैं एवं अन्य विधि सम्मत अग्रिम कार्रवाई की जा रही हैं।



जानकारी देते

## आंदोलन कर रहे छात्रों पर पुलिस दमन एवं लाठी गोली की घटना को घोर निंदानिय:रामाशीष यादव

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिला राष्ट्रीय जनता दल मधुबनी इकाई की एक बैठक शुक्रवार को मधुबनी स्थित कीर्तन भवन रोड स्थित राजद कार्यालय में पूर्व विधायक सह राजद जिला अध्यक्ष राम अशीष यादव की अध्यक्षता में हुई । बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राम आशीष यादव ने कहा कि नीट पेपर लीक मामले को ले कर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को त्यागपत्र देने को ले कर जंतर मंतर समेत बिहार के कई जगह आंदोलन कर रहे छात्रों पर पुलिस दमन एवं लाठी गोली की घटना को घोर निंदा किया । उन्होंने कहा कि हितकारी मोदी सरकार शांतिपूर्ण छात्रों के आंदोलन को कुचलने का कार्य कर रही है जो संविधान एवं लोकतंत्र के लिए दुखद है । राजद बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष विष्णुदेव सिंह यादव ने कहा कि देश के छात्रों एवं नौजवानों को इस भर सन 74 जैसा आंदोलन का जज्बा देखने को मिल रहा है जो मोदी सरकार के पतन का संकेत है ।बैठक में राजद नेता राजेंद्र यादव,रामकुमार यादव मुखिया ,अरुण चौधरी ,जिला प्रवक्ता चंद्र शेखर झा ,रीना यादव ,सोनू कुमार यादव एवं राम प्रकाश साह के अलावे कई लोगों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए




बैठक करते नेता

### विकास दिवस पर सम्मानित होंगे उत्कृष्ट कर्मी, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे आयोजित

**मधुबनी(एनएसबी)।** बिहार सरकार के विकास कार्यों एवं उपलब्धियों के प्रचार-प्रसार के लिए 25 जुलाई को आयोजित होने वाले *सेवा, संकल्प, समर्पण के 100 दिन (विकास दिवस) कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिला पदाधिकारी आनंद शर्मा की अध्यक्षता वर्चुअल माध्यम से बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी विभागों को अपनी प्रमुख योजनाओं एवं उपलब्धियों से संबंधित फोटो, वीडियो एवं अन्य प्रचार सामग्री समय पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही नगर भवन, मधुबनी में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, जनप्रतिनिधियों की सहभागिता एवं सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी ने बताया कि विकास दिवस के अवसर पर जिले के सभी प्रखंडों, पंचायतों एवं नगर निकायों में भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रमों के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी आमजन तक पहुंचाई जाएगी। जिला स्तरीय कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को सम्मानित भी किया जाएगा।बैठक में संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम का सफल, सुव्यवस्थित एवं गरिमामय आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में उप विकास आयुक्त, सभी बीडीओ,सभी बीपीआरओ तथा जिलास्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## दो देशी कट्टा के साथ शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

**मधुबनी(एनएसबी)।** वरीय पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया है कि 22 जुलाई को लखनौर थाना अन्तर्गत सोशल मीडिया (व्हाट्सएप) के माध्यम से अवैध हथियार लहराने संबंधी एक वीडियो प्राप्त हुआ। जॉच,सत्यापन के क्रम में वीडियों में दिख रहे व्यक्ति की पहचान लखनौर थाना अन्तर्गत मैवी फुलवारी टोल, वार्ड-09 के मोहन मुरारी के रूप में की गई। उक्त वीडियो को वरीय पुलिस अधीक्षक, मधुबनी द्वारा गंभीरता से लेते हुए थानाध्यक्ष, लखनौर थाना को त्वरित कार्रवाई हेतु सख्त दिशा-निर्देश दिये गये। तदोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु जैसे ही लखनौर थाना की पुलिस टीम मैवी फुलवारी टोल पहुंची तो पुलिस गाड़ी देखकर एक व्यक्ति तेजी से सड़क की तरफ भागने लगा। जिसे पुलिस टीम के सहयोग से पकड़ लिया गया गया। जिसकी पहचान मोहन मुरारी के रूप में की गई। जब इनसे वायरल वीडियो के संबंध में पूछताछ की गई तो बताया गया कि यह विडियो मेरा ही है तथा हम सभी चार दोस्त 01. आनंद मुखिया 02. अरविंद मुखिया 03. धनवीर मुखिया 04. शिवलाल मुखिया मिलकर कट्टा दिखाकर दहशत फैलाने के उद्देश्य से वीडियो बनाते हैं एवं छिनाझपटी भी करते है। यह दोनों देशी कट्टा हमलोग नेपाल से लाये हैं। वीडियो से संबंधित कट्टा बरामदगी के संबंध में बताया गया कि तापेश्वर मंदिर के परिसर में बने विश्राम गृह के छज्जी पर एक कार्टून में दोनों देशी कट्टा रखा हुआ है। तदोपरांत पुलिस द्वारा उसकी निशानदेही पर 02 देशी कट्टा को विधिवत जब्त किया गया। ज्ञातव्य हो कि उक्त कांड में संलिप्त आनंद मुखिया पूर्व में भी जेल जा चुका है। इस संबंध मे लखनौर थाना द्वारा सुसंगत धाराओं के तहत कांड दर्ज कर गिरफ्तार युवक को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा हैं एवं अन्य विधि सम्मत अग्रिम कार्रवाई की जा रही हैं। इस कांड में संलिप्त अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापामारी जारी हैं।



जानकारी देते पुलिस पदाधिकारी

# छात्र आंदोलन पर मुजफ्फरपुर पुलिस सख्त

## तोड़फोड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, उपद्रवियों की सूचना देने पर 10 हजार इनाम का ऐलान

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** दिल्ली के जंतर-मंतर से शुरू हुआ छात्र आंदोलन अब बिहार के कई जिलों के साथ-साथ मुजफ्फरपुर भी पहुंच गया है। छात्रों के विरोध प्रदर्शन को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। इस बीच मुजफ्फरपुर पुलिस ने स्पष्ट किया है कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन सभी का लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन हिंसा और तोड़फोड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने मुजफ्फरपुर पुलिस के आधिकारिक फेसबुक पेज पर लाइव आकर कहा कि आंदोलन के दौरान यदि किसी ने सरकारी या निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कानून हाथ में लेने की अनुमति किसी को नहीं है और उपद्रवियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। एसएसपी ने आम नागरिकों से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा कि यदि आंदोलन के दौरान कोई व्यक्ति सरकारी या निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाता है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। साथ ही ऐसे उपद्रवियों की पहचान कराने वाले व्यक्ति को 10 हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा भी की गई है। छात्रों के संभावित प्रदर्शन को देखते हुए जिला प्रशासन ने पहले से ही सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी थी। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर दंडाधिकारी और अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी। इसके बावजूद आक्रोश मार्च के दौरान शाम में समाहरणालय गेट के समीप कुछ लोगों द्वारा सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई, जिसके बाद पुलिस ने तत्काल हस्तक्षेप कर स्थिति को नियंत्रित कर लिया।

एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने आंदोलनकारी छात्रों से संयम बरतने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की हिंसा या तोड़फोड़ उनके भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है। उन्होंने कहा कि अदालत की प्रक्रिया लंबी होती है, इसलिए छात्र ऐसे किसी भी कदम से बचें, जिससे उन्हें कानूनी परेशानियों का सामना करना पड़े।

फिलहाल छात्र आंदोलन को देखते हुए मुजफ्फरपुर पुलिस पूरी तरह सतर्क है। शहर के संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी गई है और किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है।

### औराई में छात्रों ने किया प्रदर्शन शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग

**औराई (मुजफ्फरपुर)।** नीट पेपर लीक मामले को लेकर सीजेपी के आह्वान पर शुक्रवार को औराई में छात्रों ने विरोध-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करते हुए प्रखंड मुख्यालय के मुख्य गेट के समीप करीब एक घंटे तक सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने केंद्र सरकार, केंद्रीय शिक्षा मंत्री तथा भाजपा के खिलाफ नारेबाजी की और नीट परीक्षा में पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शनकारियों का जुलूस मकसूदपुर चौक से निकलकर प्रखंड मुख्यालय के मुख्य गेट तक पहुंचा, जहां सभा के रूप में विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में मो. बबलू, तनवीर आलम, मोहम्मद अरबी, मोहम्मद कैफ, मो. करावे, मोहम्मद सितारे, मोहम्मद इरफान, सकलेन, मोहम्मद इमरान, रेहान, बिजय सहित दर्जनों छात्र एवं युवा शामिल रहे।

## भिखारी के वेश में एमएलसी वंशीधर ब्रजवासी ने किया अनोखा प्रदर्शन

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** वित्तरहित शिक्षकों और कर्मियों की समस्याओं को लेकर विधान पार्षद वंशीधर ब्रजवासी ने अनोखे अंदाज में विरोध प्रदर्शन किया। भिखारी का वेश धारण कर वे एक हाथ में कटोरा और दूसरे हाथ में थाली लेकर परिसर में घूमते रहे। इस दौरान उन्होंने सरकार से वित्तरहित शिक्षकों एवं कर्मियों की समस्याओं का स्थायी समाधान करने की मांग उठाई। प्रदर्शन के दौरान लगाए गए पोस्टरों पर लिखा था, "सरकार का मारा हूं... वक्त से हारा हूं... भूखा हूं... अधनंगा हूं... किसी तरह से जिंदा हूं..."। एक अन्य पोस्टर में वित्तरहित शिक्षकों की स्थिति का जिक्र करते हुए कहा गया कि उनका कार्य राष्ट्र निर्माण करना है।

समाज में शिक्षक का स्थान सर्वोच्च माना जाता है, कई शिक्षक पीएचडी जैसी उच्च योग्यता रखते हैं और राज्य के सकल नामांकन अनुपात में 60 प्रतिशत से अधिक योगदान देते हैं, लेकिन उनकी आजीविका का एकमात्र सहारा सरकारी अनुदान बनकर रह गया है। विधान पार्षद वंशीधर ब्रजवासी ने कहा कि उनका प्रदर्शन किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि वर्षों से उपेक्षित वित्तरहित शिक्षकों और कर्मियों की पीड़ा को सरकार और समाज के सामने रखने का प्रयास है। उन्होंने आरोप लगाया कि करीब दस महीने पहले सरकार ने इस मुद्दे पर निर्णय लेने के लिए नौ सदस्यीय समिति का गठन किया था। तत्कालीन शिक्षा मंत्री ने एक सप्ताह के भीतर बैठक कर निर्णय लेने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई। उन्होंने कहा कि वित्तरहित शिक्षक और कर्मी गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं, जबकि सरकार उनकी समस्याओं के समाधान के प्रति संवेदनशील नहीं दिख रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### नई सरकार के 100 दिन पूर्ण होने के अवसर पर सम्पूर्ण जिला में आज होगा भव्य कार्यक्रम

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** भाजपा नेतृत्व वाली एनडीए की बिहार में नई सरकार के गठन का शनिवार 25 जुलाई को सौ दिन पूरा होने के अपलक्ष्य मे जिला प्रशासन, मुजफ्फरपुर द्वारा 25 जुलाई को सम्पूर्ण जिला में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। सभी पंचायतों, महादलित-बाहुल्य टोलों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, जीविका ग्राम संगठनों, प्रखण्डों एवं जिला-स्तर पर उत्सवी माहौल में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिलाधिकारी कुमार गौरव ने कहा कि विभागीय मुख्यालय से प्राप्त सूचनानुसार राज्य-स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ 11:00 बजे पूर्वाह्न से होना है। उसी समय पर मुजफ्फरपुर जिले के सभी पंचायतों, महादलित-बाहुल्य टोलों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, जीविका ग्राम संगठनों, प्रखण्डों एवं जिला-स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में राज्य-स्तरीय कार्यक्रम का लाईव प्रसारण किया जाएगा। 25 जुलाई को ही संध्या 05:00 बजे से नगर भवन, मुजफ्फरपुर में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा कार्यक्रमों की भव्य प्रस्तुति दी जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि इस समारोह में सभी जनप्रतिनिधियों, आम जनता एवं अन्य सभी गणमान्य व्यक्तियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। जिला प्रशासन ने तमाम नागरिकों से उत्साह के साथ इन कार्यक्रमों में भाग लेने तथा सरकार के लोक-कल्याणकारी एवं विकासात्मक योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में सक्रिय सहभागी बनने का अनुरोध किया है।

### हम (सेक्युलर) ने मनाया 11वाँ स्थापना दिवस

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर), मुजफ्फरपुर द्वारा शुक्रवार को एस.के. बैंक्वेट हॉल, मुजफ्फरपुर में पार्टी का 11वाँ स्थापना दिवस बड़े ही उत्साह, हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिलाध्यक्ष संजर आलम ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वयं संजर आलम ने की, जबकि मंच संचालन जिला प्रधान महासचिव अमित कुमार ने किया। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय संरक्षक एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी, राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार सरकार के मंत्री संतोष कुमार सुमन तथा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री डॉ अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व एवं संगठन को निरंतर मिल रही मजबूती का उल्लेख करते हुए उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया गया। वक्ताओं ने कहा कि उनके मार्गदर्शन में पार्टी लगातार संगठन विस्तार एवं सामाजिक न्याय के संकल्प को आगे बढ़ा रही है। स्थापना दिवस के अवसर पर वक्ताओं ने पार्टी की स्थापना के उद्देश्य, संगठन की विचारधारा तथा समाज के गरीब, शोषित, वंचित, दलित, पिछड़े, अति पिछड़े एवं युवा वर्ग के हितों के लिए पार्टी द्वारा किए जा रहे कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) अपने स्थापना काल से ही सामाजिक न्याय, समानता एवं जनकल्याण के मूल सिद्धांतों पर कार्य करती आ रही है और भविष्य में भी जनता के अधिकारों एवं सम्मान की लड़ाई पूरी प्रतिबद्धता के साथ लड़ती रहेगी। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव मुकेश पाठक, श्रमिक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष रामसूरत राय, एससी/एसटी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष बसंत मांझी, जिला महासचिव ऋतिक रौशन, जिला महासचिव अमरेंद्र सिंह रंजन सिंह, गुंजन कुमार, रणवीर कुमार, महेश पासवान, राकेश कुमार शर्मा, राजनाथ सिंह, ऋतिक रौशन, अमित विक्रम, बबन कुमार शेरू, नौशाद आलम, सूरज पाण्डेय, मनीष कुमार, रवी कुमार, अजित चंद्रवंशी, रंजीत कुमार, राकेश राय एवं बलिराम मांझी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी शामिल हुए।

### कांटी थर्मल में 800 मेगावाट के नए प्लांट लगाने की विधानसभा में उठी मांग, क्षेत्रीय विधायक ने कोयला या सौर्य ऊर्जा परियोजना स्थापित करने की दी सलाह

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बिहार विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान शुक्रवार को कांटी के विधायक ई. अजीत कुमार ने गैर-सरकारी संकल्प के माध्यम से कांटी थर्मल पावर स्टेशन में 800 मेगावाट क्षमता के नए बिजली संयंत्र की स्थापना की जोरदार मांग उठाई। उन्होंने कहा कि बिहार ऊर्जा के क्षेत्र में लगातार प्रगति कर रहा है और बिजली उत्पादन के मामले में आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। ऐसे में राज्य के विकास को नई गति देने के लिए राज्य सरकार को केंद्र सरकार से कांटी थर्मल में उपलब्ध जमीन पर नए बिजली संयंत्र की स्थापना की अनुशंसा करनी चाहिए। विधायक ने कहा कि कांटी थर्मल का विस्तार होने से न केवल राज्य की ऊर्जा उत्पादन क्षमता बढ़ेगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। इससे क्षेत्र के आर्थिक विकास को भी नई दिशा मिलेगी। इस पर सरकार की ओर से जवाब देते हुए बताया गया कि वर्ष 2035 तक के लिए ऊर्जा क्षेत्र की कार्ययोजना तैयार की जा चुकी है तथा इस संबंध में केंद्र सरकार के साथ समझौता भी हो चुका है। सरकार के जवाब से पूरी तरह संतुष्ट नहीं होने की स्थिति में उन्होंने पुनः अपनी मांग दोहराते हुए कहा कि यदि कोयला आधारित 800 मेगावाट का संयंत्र स्थापित करना संभव नहीं है तो कांटी थर्मल परिसर में सौर ऊर्जा आधारित विद्युत परियोजना स्थापित की जाए। उन्होंने कहा कि जगह भी उपलब्ध है। वही इससे स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा, युवाओं को रोजगार मिलेगा और बिहार के विकास को नई उड़ान मिलेगी।

### टीबी मरीजों के पोषण के लिए रेड क्रॉस की पहल, 300 मरीजों को वितरित की गई फूड बास्केट,

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी, जिला शाखा, मुजफ्फरपुर में शुक्रवार को राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत टीबी मरीजों के बीच खाद्य सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी कुमार गौरव, रेड क्रॉस सोसायटी मुजफ्फरपुर के अध्यक्ष अमरनाथ पांडेय तथा सचिव उदय शंकर प्रसाद सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर अध्यक्ष अमरनाथ पांडेय ने जिलाधिकारी को बुके एवं शॉल भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान टीबी मरीजों के बेहतर पोषण एवं स्वास्थ्य को सशक्त बनाने के उद्देश्य से 300 मरीजों के बीच फूड बास्केट का वितरण किया गया। वक्ताओं ने कहा कि टीबी के सफल उपचार में नियमित दवा के साथ-साथ संतुलित एवं पौष्टिक आहार की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इस प्रकार के प्रयास मरीजों के शीघ्र स्वस्थ होने के साथ-साथ टीबी मुक्त भारत अभियान को भी मजबूती प्रदान करेंगे। मौके पर सिविल सर्जन डॉ सुधीर कुमार, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ सी के दास रेड क्रॉस के उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष प्रेम कुमार चौधरी, कार्यकारिणी सदस्य हरेराम मिश्रा, डॉ. रिजवान अहमद एजाजी, हरिनिवास गुप्ता, अनिल कुमार, पुष्कर विद्यार्थी सहित रेड क्रॉस के कर्मचारी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## छात्र आंदोलन के मद्देनजर पुलिस सब-डिवीजन टाउन-1 और टाउन-2 क्षेत्रों में नहीं चलेगा इंटरनेट

# मुजफ्फरपुर में इंटरनेट बंद करने का आदेश, 26 तक लगाई रोक



प्रतिकात्मक तस्वीर।

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** छात्र आंदोलन और उपद्रव की आशंका को देखते हुए बिहार सरकार ने मुजफ्फरपुर के कुछ इलाकों में सोशल मीडिया और मैसेजिंग सेवाओं पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी है। गृह विभाग की ओर से जारी आदेश के मुताबिक यह प्रतिबंध 24 जुलाई दोपहर 12:30 बजे से 26 जुलाई सुबह 10 बजे तक प्रभावी रहेगा। यह रोक मुजफ्फरपुर के पुलिस सब-डिवीजन टाउन-1 और टाउन-2 क्षेत्रों में लागू की गई है। सरकार का कहना है कि अफवाहों और भ्रामक संदेशों के प्रसार को रोकने तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया गया है।

आदेश के तहत फेसबुक, एक्स (पूर्व में ट्विटर), व्हाट्सप्प, ईंशटाग्राम, टेलीग्राम समेत करीब 24 प्रकार की सोशल नेटवर्किंग और मैसेजिंग सेवाओं पर रोक रहेगी। इसके अलावा कुछ ब्रॉडबैंड कम्युनिकेशन सेवाएं भी प्रभावित होंगी। गृह विभाग ने यह आदेश टेली कम्युनिकेशन एक्ट 2023 के तहत जारी किया है। इस अवधि के दौरान प्रतिबंधित सेवाओं के जरिए संदेशों और सूचनाओं के प्रसार पर रोक रहेगी। हालांकि सरकार ने स्पष्ट किया है कि सरकारी इंटरनेट सेवाओं और आवश्यक इंटरनेट आधारित सेवाओं पर इस प्रतिबंध का असर नहीं पड़ेगा। बैंकिंग, रेलवे और अस्पतालों समेत आवश्यक आपातकालीन सेवाओं के लिए इंटरनेट सेवा जारी रहेगी। मुजफ्फरपुर के जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को आदेश के पालन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रशासन का कहना है कि क्षेत्र में स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। छात्र आंदोलन के बीच सोशल मीडिया और इंटरनेट सेवाओं पर रोक लगाए जाने के बाद अब प्रशासन की कोशिश इलाके में अफवाहों और भड़काऊ संदेशों के प्रसार को रोकने की है। उधर, देर रात जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि नगर की बिधि व्यवस्था व छात्र आंदोलन की स्थिति की समीक्षा के बाद सरकार से इंटरनेट सेवा बहाल करने का अनुरोध किया गया है। उन्होंने शनिवार सुबह तक इंटरनेट सेवा बहाल कर दिए जाने की संभावना व्यक्त की है।

## लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर भाजपा नेता से 50 लाख की रंगदारी की मांग, व्हाट्सएप मैसेज से दी गई धमकी


मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के साथ भाजपा नेता रंजीत सहनी की फाइल फोटो।

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** भारतीय जनता पार्टी के नेता रंजीत सहनी से लॉरेंस बिश्नोई ग्रुप के नाम पर 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई है। रंगदारी नहीं देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार भाजपा नेता को व्हाट्सएप के जरिए धमकी भरा संदेश भेजा गया है, जिसमें उनसे 50 लाख रुपये की मांग की गई है। मैसेज में कथित रूप से रंगदारी की रकम नहीं देने पर अंजाम भुगतने की चेतावनी दी गई है। इस घटना के बाद भाजपा नेता और उनके परिवार के बीच भय और दहशत का माहौल व्याप्त है। मामले की गंभीरता को देखते हुए भाजपा नेता रंजीत सहनी ने मुजफ्फरपुर के ब्रह्मपुरा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस प्रारंभिक चरण में धमकी भरे व्हाट्सएप मैसेज की जांच कर रही है। इसके लिए तकनीकी साक्ष्यों को खंगाला जा रहा है और मैसेज भेजने वाले व्यक्ति की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि धमकी के पीछे वास्तव में किसी संगठित गिरोह का हाथ है या फिर किसी ने डर पैदा करने के उद्देश्य से फर्जी तरीके से नाम का इस्तेमाल किया है। घटना के बाद पुलिस ने सुरक्षा और जांच दोनों पहलुओं पर कार्रवाई तेज कर दी है। वहीं, भाजपा नेता के परिजनों में बढ़ी चिंता को देखते हुए प्रशासन भी मामले को गंभीरता से ले रहा है। मुजफ्फरपुर में इस तरह के हाई-प्रोफाइल रंगदारी मामले को लेकर पुलिस प्रशासन भी हर पहलू को केंद्र में रखकर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## सील अस्पतालों को खोलने के आदेश पर उठे सवाल, प्रमंडलीय आयुक्त ने तलब की रिपोर्ट

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिले में अवैध रूप से संचालित अस्पतालों और नर्सिंग होम के खिलाफ कार्रवाई के बाद उन्हें दोबारा खोलने के आदेश को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। अहियापुर थाना क्षेत्र में सील किए गए कुछ अस्पतालों को निबंधन, नवीकरण और फायर ऑडिट की प्रक्रिया पूरी किए बिना ही संचालन की अनुमति दिए जाने के मामले में प्रमंडलीय आयुक्त गिरिवर दयाल सिंह ने गंभीर रुख अपनाया है। उन्होंने पूरे मामले की विस्तृत रिपोर्ट तलब करते हुए जांच के निर्देश दिए हैं। आयुक्त ने स्वास्थ्य विभाग की जांच टीम का नेतृत्व करने वाले सदर अस्पताल के प्रभारी अधीक्षक से रिपोर्ट मांगी है। साथ ही जिलाधिकारी कुमार गौरव को अपने स्तर से आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

इसके अलावा तत्कालीन एसडीओ पूर्वी से यह स्पष्ट करने को कहा गया है कि बिना वैध निबंधन, नवीकरण और फायर ऑडिट प्रमाणपत्र के किन परिस्थितियों में सील अस्पतालों को दोबारा खोलने का आदेश दिया गया। गौरतलब है कि 4 जून को ब्रह्मपुरा स्थित प्रसाद अस्पताल के आईसीयू में आग लगने से आठ मरीजों की मौत के बाद जिले में निजी अस्पतालों की व्यापक जांच कराई गई थी। तत्कालीन एसडीओ पूर्वी तुषार कुमार के नेतृत्व में हुई जांच के दौरान मानकों का उल्लंघन करने वाले 24 अस्पतालों और नर्सिंग होम को सील कर दिया गया था। संचालकों को आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे।

इसके बाद 9 जुलाई को चार सदस्यीय जांच समिति ने आठ अस्पतालों को पुनः संचालन की अनुशंसा की। इस रिपोर्ट के आधार पर तत्कालीन एसडीओ पूर्वी ने इन अस्पतालों को सीलमुक्त करने का आदेश जारी कर दिया। हालांकि इस आदेश को लेकर इसलिए भी सवाल उठ रहे हैं क्योंकि 10 जुलाई को सामान्य प्रशासन विभाग ने आनंद उत्सव को नया एसडीओ पूर्वी नियुक्त करने की अधिसूचना जारी कर दी थी, जबकि सील हटाने के आदेश पर तत्कालीन एसडीओ तुषार कुमार के हस्ताक्षर दर्ज हैं।

मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रमंडलीय आयुक्त ने सिविल सर्जन और सदर अस्पताल के प्रभारी अधीक्षक को तलब कर विस्तृत समीक्षा बैठक बुलाई है। उन्होंने अपने पत्र में कहा है कि जिन अस्पतालों का निबंधन या नवीकरण लंबित था, उन पर समयबद्ध निर्णय नहीं लिया गया, जो सरकार के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन है। आयुक्त ने यह भी पूछा है कि एसडीओ के आदेश के बाद कितने आवेदन प्राप्त हुए, कितनों का निपटारा किया गया, कितने अभी लंबित हैं और किन आधारों पर संबंधित अस्पतालों को सीलमुक्त करने का निर्णय लिया गया।

जिन अस्पतालों और संस्थानों को सीलमुक्त किया गया, उनमें मदांता इमरजेंसी हॉस्पिटल, हेल्थ हैवन हॉस्पिटल, श्रीगंगाराम इमरजेंसी हॉस्पिटल, तिरुपति नर्सिंग होम, शांति डायग्नोस्टिक सेंटर, संतोष चाइल्ड केयर, ओम अल्ट्रासाउंड सेंटर और ग्रीन डायमंड इमरजेंसी शामिल हैं।


## रिटायर्ड बैंक अधिकारी दंपती हत्याकांडः सुपारी किलर पर 10 हजार का इनाम, एसएसपी ने जारी किया स्केच

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** शहर के चर्चित रिटायर्ड बैंक अधिकारी अशोक कुंवर और उनकी पत्नी नीलम कुंवर हत्याकांड की जांच तेज हो गई है। मामले में वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) कांतेश कुमार मिश्र ने फरार सुपारी किलर की गिरफ्तारी में मदद करने वाले व्यक्ति के लिए 10 हजार रुपये के इनाम की घोषणा की है। पुलिस ने संदिग्ध हत्यारे का स्केच और सीसीटीवी फुटेज से प्राप्त तस्वीर भी जारी की है। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया है कि सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

मामले की जांच सिटी एसपी मोहिबुल्लाह अंसारी के नेतृत्व में गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) कर रही है। पुलिस टीम मुजफ्फरपुर के अलावा मुसहरी, सकरा, सीतामढ़ी और अन्य संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही है।

जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी ने पूरी वारदात की साजिश बेहद सुनियोजित तरीके से रची थी। पुलिस के अनुसार, उसने स्टेशन रोड पर एक रिक्शा चालक को सवारी बनाकर बैठाया और उसे 500 रुपये तथा एक कीपैड मोबाइल देने का लालच देकर अपने नाम के बजाय उससे एक फर्जी सिम कार्ड खरीदवाया। पुलिस इस सिम कार्ड के जरिए आरोपी तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। इधर, पुलिस ने मिस्त्री की मदद से दंपती के घर में रखे दोनों गोदरेज लॉकर खुलवाए। जांच में लॉकर में रखे गहने और अन्य कीमती सामान पूरी तरह सुरक्षित मिले। इससे पुलिस का मानना है कि हत्या का उद्देश्य लूटपाट नहीं था, बल्कि इसके पीछे पुरानी रंजिश या सुपारी देकर कराई गई हत्या की आशंका अधिक मजबूत हुई है। जांच के दौरान एसटीएफ और डीआईयू की टीम ने बीएमपी-06 के आसपास की करीब 15 दुकानों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले हैं। पुलिस का दावा है कि वारदात से पहले आरोपी ने इन्हीं दुकानों से बाल्टी, मग और रस्सी खरीदी थी। वहीं, मृतक दंपती के तीन मोबाइल फोन अब तक बरामद नहीं हो सके हैं। आशंका जताई जा रही है कि आरोपी वारदात के बाद मोबाइल फोन किसी नाले या पोखर में फेंककर फरार हो गया। इन्हें बरामद करने के लिए सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

# जिलाधिकारी ने की श्रावणी मेला की तैयारियों की समीक्षा


श्रावणी मेला की तैयारी की समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी कुमार गौरव।

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिलाधिकारी कुमार गौरव ने कहा है कि श्रावणी मेला, 2026 का आयोजन पूर्णतः सुविधापूर्ण एवं इंसिडेंट-फ्री (दुर्घटनामुक्त) होना चाहिए। उत्कृष्ट भीड़-प्रबंधन, सुदृढ़ सुरक्षा-व्यवस्था एवं सुचारू यातायात-प्रबंधन के लिए सभी पदाधिकारी सजग, सक्रिय एवं तत्पर रहें। वे आज मेला के आयोजन हेतु समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित एक बैठक में पदाधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। ज़िलाधिकारी ने कहा कि मेला का सफल आयोजन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

श्रद्धालुओं के लिए हर प्रशासनिक सुविधा उपलब्ध रहनी चाहिए। नियंत्रण कक्ष, वॉच टावर, ड्रॉप गेट, सीसीटीवी कैमरों से मॉनिटरिंग, बिजली, साफ-सफाई, चिकित्सा शिविर, ट्रैफिक व्यवस्था, एसडीआरएफ, पेयजल, शौचालय सुविधा सहित अन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध रहनी चाहिए। जिलाधिकारी ने निदेश दिया कि जो भी काम बचे हुए हैं उसे संबंधित विभागों के अधिकारी 48 घंटा के अंदर पूरा कर लें। उन्नत एवं सुविकसित कॉम्युनिकेशन प्लान के साथ सभी पदाधिकारी मुस्तैद रहें।बैठक में ज़िलाधिकारी ने बैरिकेडिंग, साफ सफाई की व्यवस्था, सड़क का सुदृढ़ीकरण, ट्रैफिक प्लान, पार्किंग की व्यवस्था, विद्युत एवं प्रकाश की व्यवस्था, ठहराव स्थल की व्यवस्था, पेयजल/शौचालय की व्यवस्था, आपदा प्रबंधन, चिकित्सा व्यवस्था, अग्निशमन, भीड़ प्रबंधन, पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम, विधि-व्यवस्था संधारण, साइनेज एवं अन्य बिन्दुओं पर एक-एक कर विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने फकुली मोड़ से बाबा गरीब नाथ मंदिर तक श्रद्धालुओं के आने-जाने वाले पूरे मार्ग एवं स्थलों को सुविधायुक्त बनाने का निर्देश दिया।

ज़िलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निदेश देते हुए कहा कि विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों को टीम भावना से काम करना होगा। राजस्व, भवन निर्माण, नगर निगम, स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन, पीएचईडी, पथ निर्माण, एनएचएआई, पुलिस, प्रशासन, कला एवं संस्कृति, विद्युत, अग्निशमन, बुडको सहित सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए तत्परता एवं उत्कृष्टतापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करना होगा। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु सभी भागीदार(स्टेकहोल्डर्स) आपस में समन्वय कर समय से सभी कार्य करें।जिलाधिकारी ने निदेश दिया कि श्रद्धालुओं सहित आम लोगों की सुरक्षा एवं सुविधा हर हाल में सुनिश्चित करें। उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारियों एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को इसका लगातार पर्यवेक्षण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सम्पूर्ण प्रशासनिक तंत्र सजग, तत्पर एवं प्रतिबद्ध है। श्रद्धालुओं के लिए सभी बुनियादी सुविधाएँ उपलब्ध रहेगी। शौचालय, स्वच्छ पेयजल की सुविधा, ठहराव स्थल, पार्किंग की बेहतर सुविधा रहेगी। टेंट सिटी का निर्माण किया जा रहा है।सड़क की अच्छी स्थिति सुनिश्चित की जाएगी। वाच टावर, नियंत्रण कक्ष, ध्वनि विस्तारक यंत्र एवं सीसीटीवी कैमरा का अधिष्ठापन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि लगभग 15 जगहों पर तोरण द्वार स्थापित किया जाएगा।

**उत्कृष्ट भीड़-प्रबंधन, सुदृढ़ सुरक्षा-व्यवस्था एवं सुचारू यातायात-प्रबंधन के लिए सभी पदाधिकारी रहें सजग एवं तत्पर : जिलाधिकारी**

अभियोजन की बैठक में स्पीडी ट्रायल से संबंधित मामले एवं सामान्य वाद की समीक्षा के दौरान डीएम नाराज

# लंबित केस को अंजाम तक पहुंचाएं : रिची

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी रिची पांडेय की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित विमर्श कक्ष में अभियोजन की बैठक की गई। बैठक में, विधि शाखा के प्रभारी पदाधिकारी आशुतोष श्रीवास्तव, जिला अभियोजन पदाधिकारी, सहायक लोक अभियोजक, विशेष लोक अभियोजक, पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य विधि पदाधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी अभियोजन पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी के साथ सामंजस्य बनाकर कार्य करें। बैठक में स्पीडी ट्रायल से संबंधित मामले एवं सामान्य वाद मामले की समीक्षा की गई। लंबित वादों के निष्पादन की धीमी गति पर नाराजगी प्रकट की गई। निर्देश दिया गया कि सभी विधि पदाधिकारी स्पीडी ट्रायल से संबंधित सभी मामलों का निष्पादन यथा शीघ्र करना सुनिश्चित करें साथ ही समान्य मामलो के निष्पादन में भी प्रगति लाएं।

साथ ही प्रत्येक वाद में राज्य का पक्ष दृढ़तापूर्वक रखा जाय जिससे कि विभिन्न वादों में अधिकाधिक दोष सिद्धि कराया जा सके। दोष सिद्धि के मामले की संख्या कम होने पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी प्रकट की गई एवं सख्त निर्देश दिया गया कि अधिकाधिक दोष सिद्धि करवाया जाए। उन्होंने सभी अभियोजन पदाधिकारियों को अपने कार्यों में पर्याप्त सुधार लाने के निर्देश दिए गए। अगले माह में प्रत्येक न्यायालय में दोष सिद्धि सुनिश्चित कराने का भी निर्देश दिया गया। निष्पादन के अंतिम स्थिति वाले केसो में गवाहों की गवाही ससमय पूर्ण कराकर विचारण प्रक्रिया पूरी करते हुए न्यायालय द्वारा अभियुक्तों को जल्द



अभियोजन की बैठक को सम्बोधित करते जिलाधिकारी रिची पांडेय व उपस्थित अन्य।

सजा दिलाया जाए। जिला लोक अभियोजन पदाधिकारी एवं अपर लोक अभियोजकों को निर्देशित किया गया कि सभी थानेदारों के साथ अभियोजन की मासिक बैठक कर समीक्षा करें ताकि उनके द्वारा न्यायालय में प्रस्तुत केस डायरी एवं चार्ज शीट की गुणवत्ता में सुधार हो सके।

बैठक में यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण संबंधी अधिनियम, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति, मद्य निषेध आदि विषयों से संबंधित अभियोजन एवं उसके अनुसंधान पर भी चर्चा हुई। इसके अतरिक्त जिला पदाधिकारी के द्वारा उत्पाद एक्ट के तहत वादों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित कराने का निर्देश दिया गया

बैठक में एक्साईज एक्ट, पोक्सो एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, एससी/एसटी एक्ट, हत्या, डकैती, बलात्कार, शस्त्र अधिनियम से संबंधित महत्वपूर्ण और गंभीर मामलों को चिन्हित करते हुए प्राथमिकता के आधार पर ससमय निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि पीड़ित को त्वरित न्याय दिलाना हम सभी की जिम्मेदारी है और हम सबकी यह प्राथमिकता होनी चाहिए कि हम न्याय समय से दिला सके।

## ग्रीनफील्ड सैटलाइट टाउनशिप हेतु भूमि आवेदन प्राप्त करने के लिए पदाधिकारी प्रतिनियुक्त

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा ग्रीनफील्ड सैटलाइट टाउनशिप क्षेत्र में भू-स्वामियों (रैयतों) से भूमि के सीधे क्रय हेतु निर्धारित विस्तृत नीति एवं मानक संचालन प्रक्रिया की कंडिका 6.1 के आलोक में आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है।

इसी क्रम में बिहार राज्य आवास बोर्ड के लिपिक सत्येंद्र कुमार राम की प्रतिनियुक्ति सीतामढ़ी जिला में की गई है। वे ग्रीनफील्ड सैटलाइट टाउनशिप क्षेत्र के इच्छुक भू-स्वामियों (रैयतों) से भूमि संबंधी आवेदन प्राप्त करेंगे तथा आवेदन प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक जानकारी एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराएंगे।

इच्छुक भू-स्वामी (रैयत) अपना आवेदन समाहरणालय परिसर, सीतामढ़ी स्थित विकास प्रशाखा में अवस्थित

**बिहार राज्य आवास बोर्ड के लिपिक सत्येंद्र कुमार राम की प्रतिनियुक्ति सीतामढ़ी जिला में की गई**

कार्यालय में कार्य दिवसों के दौरान जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी अथवा आवेदन प्रक्रिया से संबंधित किसी भी प्रकार की सहायता के लिए प्रतिनियुक्त कर्मी श्री सत्येंद्र कुमार राम से उनके मोबाइल नंबर 7549115115 पर संपर्क किया जा सकता है। जिला प्रशासन, सीतामढ़ी द्वारा ग्रीनफील्ड सैटलाइट टाउनशिप क्षेत्र के सभी इच्छुक भू-स्वामियों (रैयतों) से अपील की गई है कि वे विभाग द्वारा निर्धारित नीति एवं मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप अपना आवेदन दे सकते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### युवाओं को दिग्भ्रमित करने से बचें विपक्षी नेता : रमण कुमार श्रीवास्तव

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** भाजपा मीडिया प्रभारी सह जिला प्रवक्ता रमण कुमार श्रीवास्तव ने नीट पेपर लीक मामले को लेकर कहा कि देश के युवाओं का भविष्य केंद्र सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इस मामले में दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जा रही है तथा फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से शीघ्र न्याय सुनिश्चित करने की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं, ताकि छात्रों के भविष्य के साथ किसी प्रकार का खिलवाड़ न हो। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी छात्रों को आश्वस्त किया है कि उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। साथ ही परीक्षा प्रणाली को अधिक पारदर्शी बनाने तथा भविष्य में पेपर लीक जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के



रमण कुमार श्रीवास्तव।

लिए सख्त कानून और प्रभावी व्यवस्था पर सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी दल अफवाहों और अवसरवादी राजनीति के माध्यम से युवाओं को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। उनका कहना था कि छात्रों के भविष्य जैसे संवेदनशील विषय पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। भाजपा प्रवक्ता ने युवाओं से धैर्य बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि केंद्र सरकार उनके हितों की रक्षा और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है तथा इस दिशा में आवश्यक पहल लगातार जारी है।

### 'सेक्सटॉर्शन' का शिकार हुआ अधेड़, अश्लील वीडियो वायरल की धमकी देकर ठगे 2 लाख

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिले में साइबर अपराधियों ने एक अधेड़ व्यक्ति को 'सेक्सटॉर्शन' का शिकार बनाकर दो लाख रुपये से अधिक की ठगी कर ली। सरैया थाना क्षेत्र के रहने वाले पीड़ित को अश्लील वीडियो वायरल करने और फेसबुक पर लाइव करने की धमकी देकर अपराधियों ने नौ बार में 2,00,218 रुपये अपने खातों में ट्रांसफर करा लिए। मामले में पीड़ित ने साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी के अनुसार, घटना 19 अप्रैल की रात करीब 10:30 बजे की है। पीड़ित के मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से वीडियो कॉल आई। कॉल रिसीव करते ही दूसरी ओर से अश्लील हरकतें की जाने लगीं। पीड़ित ने तुरंत कॉल काट दिया, लेकिन तब तक साइबर ठगों ने स्क्रीन रिकॉर्डिंग और स्क्रीनशॉट लेकर उनके चेहरे को अश्लील वीडियो के साथ एडिट कर फर्जी वीडियो तैयार कर लिया। अगली सुबह अपराधियों ने कथित तौर पर वह एडिटेड वीडियो पीड़ित के फेसबुक अकाउंट पर अपलोड कर दिया। इसके बाद फोन कर धमकी दी गई कि यदि दो लाख रुपये नहीं दिए गए तो वीडियो को फेसबुक पर लाइव करने के साथ ही रिश्तेदारों और परिचितों के बीच वायरल कर दिया जाएगा। लोक-लाज और बदनामी के डर से पीड़ित घबरा गए और आरोपियों के बताए गए यूपीआई खातों में नौ अलग-अलग ट्रांजैक्शन के जरिए कुल 2,00,218 रुपये भेज दिए। इसके बावजूद जब अपराधी लगातार और पैसे की मांग करते रहे, तब उन्हें ठगी का अहसास हुआ। इसके बाद पीड़ित ने राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई और साइबर थाना पहुंचकर लिखित आवेदन दिया। मामले में डीएसपी सह साइबर थानाध्यक्ष हिमांशु कुमार के निर्देश पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस अधिकारी शहूद अख्तर अंसारी को मामले का अनुसंधानकर्ता बनाया गया है। साइबर पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान वीडियो कॉल को रिसीव करने से बचें। यदि इस तरह की ब्लैकमेलिंग या 'सेक्सटॉर्शन' का शिकार हों तो घबराकर पैसे न भेजें, बल्कि तुरंत 1930 हेल्पलाइन या नजदीकी साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराएं।

### गैस कटर से अळट काटकर 3.70 लाख की लूट, CCTV पर स्प्रे कर फरार हुए बदमाश

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिले में अपराधियों ने एक बार फिर पुलिस को चुनौती देते हुए ATM लूट की बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। सदर थाना क्षेत्र के गोबरसही चौक के समीप स्थित HDFC बैंक के ATM को गैस कटर से काटकर बदमाश करीब 3 लाख 70 हजार रुपये लेकर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, वारदात को अंजाम देने से पहले अपराधियों ने ATM के अंदर लगे उउळश कैमरे पर स्प्रे कर दिया, ताकि उनकी पहचान नहीं हो सके। इसके बाद गैस कटर की मदद से ATM मशीन को काटकर उसमें रखी नकदी निकाल ली और मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। सदर थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया।



अपराधियों द्वारा क्षतिग्रस्त की गई एटीएम मशीन।

पुलिस ने ATM के आसपास लगे अन्य CCTV कैमरों की फुटेज भी खंगालनी शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में पुलिस को CCTV फुटेज में तीन संदिग्ध बदमाश नजर आए हैं। उनकी पहचान करने और गिरफ्तारी के लिए पुलिस विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की तैयारी कर रही है। सदर थाना प्रभारी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि तकनीकी साक्ष्यों और CCTV फुटेज के आधार पर अपराधियों की पहचान की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस घटना के बाद शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। लगातार हो रही आपराधिक घटनाओं से स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है, जबकि पुलिस का दावा है कि इस मामले में जल्द ही सफलता मिलेगी।

## सबका सम्मान–जीवन आसान : डीएम ने सुनीं जनसमस्याएं

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बिहार सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम 'सात निश्चय-3' अंतर्गत सातवें निश्चय सबका सम्मान-जीवन आसान के तहत शुक्रवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जिला पदाधिकारी रिची पांडेय ने आमजनों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी शिकायतें सीधे जिलाधिकारी के समक्ष रखीं जहां परिवादों को सुना गया एवं उसके समाधान की दिशा में आवश्यक कदम उठाए गए।

जनसुनवाई के दौरान 92 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें भूमि विवाद, राजस्व संबंधी मामले, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, आईसीडीएस, विद्युत आपूर्ति, पेयजल, सड़क, राशन कार्ड, अतिक्रमण, सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी परिवाद प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने प्रत्येक मामले की बारीकी से समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल एवं प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी श्री पांडेय ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनसमस्याओं के निष्पादन में जिले के सभी पदाधिकारी पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत का जिले में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं पारदर्शी समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल समाधान निर्धारित समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनता को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।



अपने कार्यालय कक्ष में आमजनों की समस्याओं को सुनते जिलाधिकारी रिची पांडेय।

जिलाधिकारी ने कहा कि सेवा-संवाद-समाधान कार्यक्रम के माध्यम से प्रशासन और आम जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित हुआ है। इससे न केवल समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया तेज हुई है, बल्कि प्रशासन के प्रति आम लोगों का भरोसा भी और अधिक मजबूत हुआ है। वहीं जिलाधिकारी के कार्यालय कक्ष में लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के द्वितीय अपील की सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान प्राप्त परिवाद में अंचल अधिकारी रुन्नीसैदपुर द्वारा प्रतिवेदन उपलब्ध नहीं कराने को लेकर अंचल अधिकारी रुन्नीसैदपुर का वेतन स्थगित करते हुए उनसे स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया गया। कुल 07 मामलों की सुनवाई की गई जिसमें 02 पर आदेश पारित किया गया।

नगर थाना क्षेत्र के बोहा टोला स्थित क्षेत्र में मानव तस्करी के विरुद्ध कार्यक्रम

## पुलिस ने चलाया विशेष जागरूकता अभियान




जागरूकता अभियान में शामिल पुलिस पदाधिकारी व अन्य।

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बिहार पुलिस मुख्यालय के निर्देशन में सीतामढ़ी जिले में संचालित "नया सवेरा अभियान 3.0" के तहत पुलिस अधीक्षक अमित रंजन के निर्देश एवं वरीय पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) मो. नजीब अनवर के मार्गदर्शन में मानव तस्करी के विरुद्ध व्यापक जन-जागरूकता अभियान लगातार चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में नगर थाना क्षेत्र के बोहा टोला स्थित क्षेत्र में पुलिस निरीक्षक सह शाखा प्रभारी, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, सुशील कुमार सिंह के नेतृत्व में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान स्थानीय नागरिकों को मानव तस्करी के विभिन्न स्वरूपों, उसके दुष्परिणामों, कानूनी प्रावधानों एवं बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही आमजन से अपील की गई कि मानव तस्करी, बाल तस्करी अथवा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई कर अपराध पर अंकुश लगाया जा सके। अभियान के दौरान मानव तस्करी से संबंधित सूचना उपलब्ध कराने हेतु हेल्पलाइन नंबरों एवं आवश्यक संपर्क विवरण से युक्त जागरूकता पोस्टर भी लगाए गए तथा स्थानीय लोगों को इनका उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया, जिससे जरूरतमंद व्यक्ति आसानी से पुलिस तक अपनी सूचना पहुंचा सकें। इस अवसर पर अदिथी कवच परियोजना की टीम, एवीए के प्रतिनिधि, नगर थाना एवं महिला थाना के पुलिस पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। सभी ने संयुक्त रूप से मानव तस्करी के विरुद्ध सामाजिक सहभागिता को सशक्त बनाने का संदेश दिया।

सीतामढ़ी पुलिस ने स्पष्ट संदेश दिया कि मानव तस्करी जैसे संगठित अपराध के विरुद्ध शून्य सहनशीलता (जीरो टॉलरेंस) की नीति के तहत अभियान निरंतर जारी रहेगा। पुलिस का मानना है कि आमजन की सक्रिय भागीदारी, समय पर प्राप्त सूचनाएं तथा सामुदायिक सहयोग मानव तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। स्थानीय नागरिकों ने मानव तस्करी के विरुद्ध सीतामढ़ी पुलिस की सक्रिय, संवेदनशील एवं जन-केंद्रित पहल की सराहना करते हुए इसे समाज की सुरक्षा तथा महिलाओं एवं बच्चों के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण और सराहनीय कदम बताया।

## जिले में विधि-व्यवस्था के प्रभावी संधारण को निकला फ्लैग मार्च, शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील



फ्लैग मार्च में शामिल पुलिस पदाधिकारी एवं जवान।

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक, सीतामढ़ी के निर्देश पर शुक्रवार को जिले में विधि-व्यवस्था के प्रभावी संधारण, शांति एवं सौहार्द बनाए रखने तथा आमजन में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों की ब्रीफिंग की गई। ब्रीफिंग के दौरान पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके बाद जिले के प्रमुख चौक-चौराहों, बाजारों, संवेदनशील स्थलों एवं भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया।

फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों ने लोगों से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने, किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान नहीं देने तथा भ्रामक सूचनाओं को साझा करने से बचने की अपील की। पुलिस ने स्पष्ट किया कि जिले के संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों की तैनाती की गई है तथा लगातार गश्त और सघन निगरानी की जा रही है।

पुलिस प्रशासन ने कहा कि किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधि अथवा विधि-व्यवस्था भंग करने के प्रयासों पर त्वरित, प्रभावी एवं विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। सीतामढ़ी पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि, अफवाह अथवा विधि-व्यवस्था से संबंधित सूचना तत्काल स्थानीय थाना, डायल-112 या पुलिस कंट्रोल रूम को दें तथा जिले में शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें।

### बाथरूम जाने का बहाना बना थाना हाजत से फरार हुआ शराब तस्कर

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिले के पारू थाना में उस समय हड़कंप मच गया, जब अवैध शराब तस्करी के आरोप में गिरफ्तार एक आरोपी पुलिस को चकमा देकर थाना हाजत से फरार हो गया। घटना के बाद पुलिस महकमे में अफरा-तफरी मच गई और आरोपी की तलाश में छापेमारी शुरू कर दी गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी की पहचान दीपक कुमार के रूप में हुई है। शुक्रवार सुबह उसने हाजत में बंद रहने के दौरान पुलिसकर्मियों से बाथरूम जाने की अनुमति मांगी। जैसे ही उसे हाजत से बाहर निकाला गया, उसने मौके का फायदा उठाया और पुलिसकर्मियों को चकमा देकर थाने से फरार हो गया। घटना के तुरंत बाद पुलिस ने आसपास के इलाके में उसकी तलाश शुरू की, लेकिन समाचार लिखे जाने तक उसका कोई सुराग नहीं मिल सका। बताया गया है कि बुधवार देर रात पारू थाना पुलिस ने गश्ती के दौरान बहलोलपुर गांव के समीप एक पिकअप वाहन को रोका था। तलाशी लेने पर वाहन से 74 कार्टन अवैध विदेशी शराब बरामद की गई थी।

## बैरगनिया के प्रिया रानी डिग्री कॉलेज में शासी निकाय का गठन जल्द होगा, अनुदान राशि का भी होगा वितरण

**बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** प्रिया रानी डिग्री कॉलेज में शीघ्र ही शासी निकाय के गठन की प्रक्रिया पूरी कर शिक्षकों एवं कर्मियों के बीच अनुदान राशि का वितरण किया जाएगा। यह बात शुक्रवार को कॉलेज सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नव मनोनीत विश्वविद्यालय प्रतिनिधि डॉ. मनोज कुमार ने शिक्षकों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि महाविद्यालय की सभी मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने शिक्षकों एवं कर्मियों से परिचय प्राप्त करने के साथ महाविद्यालय की वर्तमान स्थिति, समस्याओं और उनके निराकरण को लेकर विस्तार से चर्चा भी



कॉलेज सभागार में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते विश्वविद्यालय प्रतिनिधि डॉ. मनोज कुमार।

की। डॉ. मनोज कुमार बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में परीक्षा नियंत्रक, रजिस्ट्रार सहित कई महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वर्तमान में वे विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग में वरिष्ठ प्राध्यापक हैं। विश्वविद्यालय

**नव मनोनीत विश्वविद्यालय प्रतिनिधि डॉ. मनोज कुमार ने शिक्षकों और कर्मचारियों को किया संबोधित**

प्रतिनिधि के रूप में प्रिया रानी डिग्री कॉलेज में उनका यह पहला आगमन था।

गौरतलब है कि पिछले दो वर्षों से महाविद्यालय में तदर्थ समिति कार्यरत थी, जिसे कुलपति डॉ. दिनेश चंद्र राय ने समाप्त कर दिया है। ऐसे में एक अनुभवी, विद्वान और संवेदनशील विश्वविद्यालय प्रतिनिधि के मिलने से महाविद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मियों में उत्साह का माहौल है।

कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के सचिव डॉ. एम.एन. राय एवं शिक्षकों ने डॉ. मनोज कुमार का बुके भेंटकर स्वागत किया।

इस अवसर पर प्रो. देवी प्रसाद चौधरी, डॉ. नरेश कुमार, प्रो. अशोक सिंह, प्रो. अमित, प्रो. सुनीत, प्रो. गिरधारी शरण, डॉ. रमाकांत राम, प्रो. रंजीत, प्रो. हरिशंकर भारती, प्रो. पुरुषोत्तम पांडेय, डॉ. दीपा, डॉ. जुही, डॉ. पुष्पा, प्रो. सरिता रानी जायसवाल, प्रधान लिपिक तारा बाबू सिंह, संजीत, गुड्डू, मुन्तजिर, बृजलाल, बैजू, भोला जी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## सम्पादकीय

### थाली में गर्माहट, भविष्य में उजाला : बिहार के मिड-डे मील सुधार की नई दिशा

सेंट्रलाइज्ड किचन से पोषण की नई उम्मीद , अब लक्ष्य केवल भोजन नहीं, बल्कि स्वस्थ, शिक्षित और सशक्त बचपन का निर्माण है। किसी भी राष्ट्र का भविष्य उसके विद्यालयों में बैठा होता है। वहीं भविष्य की नींव रखी जाती है, वहीं सपनों को आकार मिलता है और वहीं एक पीढ़ी का निर्माण होता है। लेकिन यह भी उतना ही बड़ा सत्य है कि खाली पेट न ज्ञान ग्रहण किया जा सकता है और न ही सपनों को उड़ान दी जा सकती है। शिक्षा और पोषण एक-दूसरे के पूरक हैं। यदि पुस्तकें बच्चों के मस्तिष्क को ऊर्जा देती हैं, तो पौष्टिक भोजन उनके शरीर और मन को शक्ति प्रदान करता है। इसलिए विद्यालयों में मिलने वाला मिड-डे मील केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, पोषण सुरक्षा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का आधार है।

ऐसे समय में बिहार सरकार द्वारा मिड-डे मील व्यवस्था में व्यापक सुधार की दिशा में उठाया गया कदम स्वागत योग्य और दूरगामी महत्व का प्रतीत होता है। राज्य के लगभग 1.10 करोड़ सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों तक गर्म, पौष्टिक, स्वादिष्ट और गुणवत्तापूर्ण भोजन पहुँचाने का लक्ष्य केवल प्रशासनिक सुधार नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी और मानवीय बनाने का प्रयास है।

नई व्यवस्था के अनुसार छोटे प्रखंडों में सेंट्रलाइज्ड किचन स्थापित किए जाएंगे, जबकि बड़े प्रखंडों में दो-दो केंद्रीत रसोई संचालित होंगी। जिन क्षेत्रों में यह व्यवस्था पहले से लागू है, वहाँ दो माह के भीतर स्टील के बर्तनों की जगह इंसुलेटेड (ऊष्मारोधी) कंटेनरों का उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा। इसका उद्देश्य स्पष्ट है भोजन पकने से लेकर बच्चों की थाली तक पहुँचने के बीच उसकी गर्माहट, स्वाद, स्वच्छता और पोषण बना रहे।

वर्तमान व्यवस्था की सबसे बड़ी चुनौती यही रही है कि कई विद्यालयों में भोजन तैयार होने से लेकर बच्चों तक पहुँचने में पाँच से सात घंटे तक का समय लग जाता है। इस दौरान भोजन ठंडा हो जाता है, स्वाद प्रभावित होता है और कई बार पोषण की गुणवत्ता भी कम हो जाती है। बच्चों की रुचि घटती है और भोजन का उद्देश्य अधूरा रह जाता है। यदि यह पूरी प्रक्रिया तीन से चार घंटे के भीतर पूरी हो जाती है, तो निश्चित रूप से बच्चों को बेहतर गुणवत्ता वाला भोजन मिलेगा और योजना का वास्तविक उद्देश्य भी पूरा होगा।

विकास भवन में शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी द्वारा मिड-डे मील से जुड़ी संस्थाओं के साथ की गई समीक्षा बैठक इस दिशा में गंभीरता का संकेत देती है। स्वयंसेवी संस्थाओं को यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि बच्चों को केवल पेट भरने के लिए भोजन उपलब्ध कराना पर्याप्त नहीं है, बल्कि भोजन स्वादिष्ट, पौष्टिक, सुरक्षित, स्वच्छ और समय पर उपलब्ध होना चाहिए। यह सोच स्वागतयोग्य है, क्योंकि आज मिड-डे मील की सफलता केवल भोजन की मात्रा से नहीं, बल्कि उसकी गुणवत्ता से भी मापी जाएगी।

मिड-डे मील योजना ने वर्षों से विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने, बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने और कुपोषण कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लाखों बच्चों के लिए विद्यालय का भोजन उनके दैनिक पोषण का सबसे महत्वपूर्ण स्रोत है। ऐसे में यदि भोजन की गुणवत्ता सुधरती है, तो इसका सीधा प्रभाव बच्चों के स्वास्थ्य, मानसिक विकास, सीखने की क्षमता और शैक्षणिक उपलब्धियों पर पड़ेगा।

हालाँकि किसी भी महत्वाकांक्षी योजना की सफलता उसके क्रियान्वयन पर निर्भर करती है। सेंट्रलाइज्ड किचन का निर्माण ही पर्याप्त नहीं होगा। यह सुनिश्चित करना होगा कि वहाँ उच्च स्तर की स्वच्छता बनी रहे, खाद्य सुरक्षा के मानकों का पालन हो, प्रशिक्षित कर्मी कार्यरत हों और भोजन समय पर विद्यालयों तक पहुँचे। परिवहन व्यवस्था इतनी सुढ़ हो कि दूरस्थ ग्रामीण विद्यालयों तक भी भोजन उसी गुणवत्ता और तापमान में पहुँचे, जैसा वह रसोई से निकलते समय था। इंसुलेटेड कंटेनरों का उपयोग केवल तकनीकी बदलाव नहीं, बल्कि बच्चों के सम्मान से जुड़ा विषय है। जिस प्रकार किसी घर में परिवार के लिए गर्म भोजन परोसा जाता है, उसी प्रकार विद्यालय के प्रत्येक बच्चे को भी सम्मानपूर्वक गर्म और ताजा भोजन मिलना चाहिए। सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाला बच्चा किसी भी दृष्टि से दूसरे बच्चों से कम नहीं है। उसे भी समान गुणवत्ता और गरिमा का अधिकार है। इसके साथ ही निगरानी व्यवस्था को भी और अधिक मजबूत बनाने की आवश्यकता होगी। स्थानीय प्रशासन, शिक्षा विभाग, विद्यालय प्रबंधन समितियाँ, अभिभावक और सामाजिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी से ही यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि भोजन की गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही न हो।

# युवाओं की पुकार, जवाबदेही की दरकार



हिमकर श्याम

भारतीय लोकतंत्र में छात्र आंदोलन केवल विरोध का माध्यम नहीं रहे हैं, बल्कि उन्होंने समय-समय पर देश की राजनीति और सामाजिक दिशा को भी प्रभावित किया है। बिहार इसका सबसे सशक्त उदाहरण है। 1974 में छात्रों के असंतोष से शुरू हुआ आंदोलन जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में सम्पूर्ण क्रांति का स्वर बन गया। यह केवल तत्कालीन सरकार के विरोध का आंदोलन नहीं था, बल्कि व्यवस्था परिवर्तन की मांग थी। इसके बाद 1990 में मंडल आयोग की सिफारिशों के लागू होने के पक्ष और विरोध में हुए छात्र आंदोलनों ने भी भारतीय राजनीति की दिशा पर गहरा प्रभाव डाला।

आज, पाँच दशक बाद, दिल्ली का जंतर-मंतर एक बार फिर लोकतांत्रिक प्रतिरोध का प्रमुख मंच बनकर उभरा है। नीट से लेकर अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं तक बार-बार सामने आ रहे पेपर लीक, परीक्षा घोटालों, भर्ती प्रक्रियाओं में लगातार हो रही देरी और रोजगार के बढ़ते संकट ने लाखों युवाओं के भविष्य और व्यवस्था पर उनके भरोसे, दोनों को गहरा आघात पहुँचाया है। ऐसे में छात्रों का यह आंदोलन केवल विरोध का प्रदर्शन नहीं, बल्कि निष्पक्ष परीक्षा व्यवस्था, पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया, जवाबदेही और अपने भविष्य की सुरक्षा की लोकतांत्रिक मांग है।

20 जुलाई को नई दिल्ली में संसद की ओर मार्च कर रहे प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज, आंसू गैस के इस्तेमाल, मेट्रो सेवाओं के निलंबन और मोबाइल इंटरनेट पर रोक ने आंदोलन को नया मोड़ दे दिया। जंतर-मंतर से उठी यह आवाज जल्द ही पटना, रांची और देश के अन्य हिस्सों तक पहुँच गई। पटना के जेपी गोलंबर पर प्रदर्शनरत छात्रों पर भी लाठीचार्ज, वाटर कैनन और आंसू गैस का प्रयोग किया गया, जबकि रांची, धनबाद सहित कई शहरों में इसी मुद्दे पर छात्रों ने प्रदर्शन किए। देखते ही देखते यह मुद्दा राष्ट्रीय राजनीतिक विमर्श के केंद्र में आ गया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी छात्रों के समर्थन में पुलिस कार्रवाई का विरोध किया और परीक्षा प्रणाली में जवाबदेही का प्रश्न उठाया।

हालाँकि, इस बहस का मूल प्रश्न यह नहीं है कि छात्रों के समर्थन में कौन खड़ा है, बल्कि यह है कि वे किन सवालों को लेकर सड़क पर हैं। किसी दल या व्यक्ति के समर्थन अथवा विरोध से छात्रों की जायज मांगें न तो गलत हो जाती हैं और न ही उनकी अनदेखी की जा सकती है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी भी आंदोलन का मूल्यांकन उसके समर्थकों की राजनीतिक पहचान से नहीं, बल्कि उसके मुद्दों की वैधता, जनहित और व्यापक सामाजिक प्रभाव के आधार पर होना चाहिए।

इस पूरे घटनाक्रम को केवल किसी एक परीक्षा, किसी एक पेपर लीक या किसी एक मंत्री के इस्तीफे की मांग तक सीमित करके नहीं देखा जा सकता। यह उन लाखों युवाओं की पीड़ा, बेचैनी और टूटते भरोसे की अभिव्यक्ति है, जो कठिन मेहनत, आर्थिक संघर्ष और अनिश्चित भविष्य के बीच निष्पक्ष एवं विश्वसनीय परीक्षा प्रणाली की उम्मीद में जीते हैं। जब बार-बार प्रश्नपत्र लीक होते हैं, परीक्षाएँ रद्द होती हैं, भर्ती प्रक्रियाएँ वर्षों तक अटकी रहती हैं और नियुक्तियाँ टलती जाती हैं, तब केवल परीक्षाएँ ही नहीं, बल्कि शासन की विश्वसनीयता, संस्थाओं की साख और युवाओं का भविष्य, तीनों कठघरे में खड़े दिखाई देते हैं।

> **भारत का भविष्य उसके युवाओं के सपनों, प्रतिभा और विश्वास पर टिका है। इसलिए उनकी आशंकाओं और अपेक्षाओं को राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप से ऊपर उठकर गंभीरता से सुना और समझा जाना चाहिए।**

निस्संदेह, आज के छात्र आंदोलनों का स्वर 1974 के आंदोलन से भिन्न है। उस दौर का संघर्ष व्यापक राजनीतिक और वैचारिक परिवर्तन का प्रतीक था, जबकि आज के आंदोलन शिक्षा, रोजगार, परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता और शासन की जवाबदेही जैसे ठोस एवं जीवन से जुड़े प्रश्नों पर केंद्रित हैं। सोशल मीडिया ने इन आंदोलनों को नई गति, व्यापकता और राष्ट्रीय स्वर दिया है, हालांकि इसके साथ तात्कालिक प्रतिक्रियाओं और राजनीतिक ध्रुवीकरण की चुनौतियाँ भी बढ़ी हैं। इसके बावजूद इन आंदोलनों का मूल स्वर वही है निष्पक्ष व्यवस्था, पारदर्शी प्रणाली, जवाबदेह शासन और युवाओं के भविष्य की सुरक्षा।

लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति असहमति को सुनने और उसका सम्मान करने में निहित है। अपने भविष्य को लेकर चिंतित छात्रों की जायज आशंकाओं का उत्तर संवाद, पारदर्शिता और ठोस कार्रवाई से दिया जाना चाहिए, न कि दमनात्मक उपायों से। लाठीचार्ज, आंसू गैस और बल प्रयोग क्षणिक रूप से प्रदर्शन को रोक सकते हैं, लेकिन वे युवाओं के मन में उपजे अविश्वास और असंतोष को समाप्त नहीं कर सकते। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में असहमति का समाधान दमन नहीं, बल्कि संवाद, संवेदनशीलता, जवाबदेही और न्यायपूर्ण कार्रवाई है।

जंतर-मंतर आज लोकतांत्रिक असहमति और जन-आवाज का सशक्त प्रतीक बन चुका है। यह सत्ता में रहने वाली हर सरकार को स्मरण कराता है कि लोकतंत्र में प्रश्न पूछना नागरिक का अधिकार है और उनका उत्तर देना शासन की जवाबदेही। इतिहास बताता है कि छात्र आंदोलनों को बलपूर्वक दबाने से असंतोष समाप्त नहीं होता, बल्कि और गहरा होता है। लोकतंत्र की मजबूती संवाद, संवेदनशीलता, पारदर्शिता और न्यायपूर्ण समाधान में निहित है यही वह मार्ग है जो युवाओं के विश्वास को पुनर्स्थापित कर सकता है।

भारत का भविष्य उसके युवाओं के सपनों, प्रतिभा और विश्वास पर टिका है। इसलिए उनकी आशंकाओं और अपेक्षाओं को राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप से ऊपर उठकर गंभीरता से सुना और समझा जाना चाहिए। परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता बहाल करना, दोषियों को कठोर दंड दिलाना, भर्ती प्रक्रियाओं को समयबद्ध और पारदर्शी बनाना तथा छात्रों के साथ सार्थक संवाद स्थापित करना किसी एक आंदोलन की मांग भर नहीं, बल्कि सुशासन की बुनियादी शर्त है।

अंततः, लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति युवाओं की आवाज को दबाने में नहीं, बल्कि उसे सुनने, सम्मान देने और न्यायपूर्ण समाधान सुनिश्चित करने में निहित है।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार, स्तम्भकार व कवि हैं।)*
*(ये लेखक के निजी विचार हैं।)*

### कैरावैन सुविधा का लाभ लेकर देश भर में भ्रमण कर रहे बिहारवासी

**बिहार पर्यटन** विकास निगम द्वारा संचालित कैरावैन सुविधा का लाभ लेकर बिहार ही नहीं देश भर में बिहारवासी भ्रमण कर रहे हैं। वहीं बिहार आनेवाले पर्यटक भी इस सुविधा का लाभ उठाकर बिहार भ्रमण कर रहे हैं। कैरावैन बसों की लगातार बुकिंग होने से राजस्व में भी उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है। बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम में उपलब्ध आंकड़े स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि इस सेवा के प्रति लोगों का उत्साह लगातार बढ़ रहा है और बुकिंग की प्रगति भी निरंतर बनी हुई है। बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा उपलब्ध विवरण के अनुसार न्यू कैरावैन-बीआर01पीएस-7758 के अंतर्गत विभिन्न तिथियों में कई यात्राएँ संचालित की गईं, जिनसे कुल 7,03,285 का राजस्व प्राप्त हुआ। इसमें 24.01.26 से 11.07.26 तक की बुकिंग/ यात्राएँ शामिल हैं। इन यात्राओं में प्राप्त आय न्यूनतम 20,783 से लेकर1,25,755 रु तक रही है। इसी प्रकार न्यू कैरावैन-बीआर01पीएस-7759 के अंतर्गत भी कई बुकिंग दर्ज की गई हैं, जिनसे कुल 4,19,494 का राजस्व प्राप्त हुआ। इस श्रेणी में 26-03-26 से 16-06-26 तक की यात्राओं से न्यूनतम न्यूनतम 20,223 से 1,43,658 की आय प्राप्त हुई। इस प्रकार दोनों वाहनों से प्राप्त कुल आय 11,22,779 है, जो इस सेवा की बढ़ती मांग और लोकप्रियता को दर्शाती है। आरामदायक रेकलाइनर सीटों, टीवी से युक्त स्लीपर सीटों, रसोईघर, स्नानघर व शौचालय से युक्त कैरावैन बस सेवा केवल एक यात्रा-सुविधा नहीं, बल्कि बिहार पर्यटन को सशक्त बनाने वाला एक प्रभावी माध्यम बन चुकी है। पर्यटक इसकी आरामदायक व्यवस्था, सुरक्षित यात्रा और पर्यटन स्थलों तक सहज पहुंच के कारण इसे प्राथमिकता दे रहे हैं। इससे न केवल राज्य के पर्यटन विकास को गति मिल रही है, बल्कि सरकार के राजस्व में भी निरंतर वृद्धि हो रही है।

बिहार पर्यटन विभाग आधुनिक पर्यटन सेवाओं की बढ़ती मांग को देखते हुए कैरावैन बस सेवा भविष्य में और अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। विभाग इस सेवा के विस्तार, बेहतर प्रबंधन और पर्यटकों के अनुभव को और समृद्ध करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है।


## रोजाना आँखों का एक्सरसाइज और पौष्टिक संतुलित डाइट पूरे स्वास्थ्य, आंखों की रोशनी बनाए रखने में मदद करती है : डा. दीपक अग्रवाल

**आजकल** हमारा जीवन सबसे ज़्यादा कंप्यूटर और मोबाइल पर निर्भर हो गया है, जिसे देखते हुये अपनी आंखों को स्वस्थ रखना और भी ज़्यादा जरूरी हो गया है ।

हरिहर आई केयर के निदेशक एवं प्रसिद्ध नेत्र एवं रेटिना विशेषज्ञ डॉक्टर दीपक अग्रवाल कहना है कि आँखों और दृष्टी दोनों के लिए ही पौष्टिक आहार के साथ पोषण भी जरूरी है। हमारे खाने में मौजूद पोषक तत्व और सूक्ष्म पोषक तत्व आंखों के पोषण के लिए बहुत जरूरी हैं। हमेशा अपने आहार पर ध्यान देने की सलाह दी जाती है जिसको अपना कर आंखों की सेहत आसानी से हासिल की जा सकती है, उसके लिये जरूरी है कि आप पोषक तत्व लें और हेल्दी खाना खाएं। रोजाना आँखों का एक्सरसाइज और पौष्टिक संतुलित डाइट पूरे स्वास्थ्य, आंखों की रोशनी बनाए रखने और आंखों से जुड़ी कई बीमारियों से लड़ने के लिए जरूरी हैं।

पोषक तत्वों से आपकी आंखों की रोशनी में सुधार के साथ आंखों को कई बीमारियों से बचाने की ताकत भी मिलेगी। नट्स और फलियों में ओमेगा -3 फैटी एसिड की प्रचूर मात्रा पाई जाती है। नट्स में मौजूद उंचे स्तर के विटामिन आंखों को उम्र से जुड़े नुकसान से बचा भी सकते हैं।

आंखों के स्वास्थ्य के लिए जरूरी स्रोत में मूंगफली, मटर, अखरोट, किडनी बीन, बादाम, काजू, और मसूर शामिल हैं। साबुत अनाज मॉडरेट ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाले खाद्य पदार्थो वाले आहार उम्र से संबंधित मैक्युलर डिजनरेशन और आपकी आंखों से जुड़ी समस्याओं के खतरे को कम कर सकता है। साबुत अनाज कार्बोहाइड्रेट युक्त खाद्य पदार्थो में क्विनोआ, ब्राउन राइस, होल ओट्स, होल-व्हीट ब्रेड और पास्ता आते हैं, जिनमें विटामिन-ई के साथ जिंक भी मौजूद होता है।



**डॉक्टर दीपक अग्रवाल**
हरिहर आई केयर के निदेशक एवं प्रसिद्ध नेत्र एवं रेटिना विशेषज्ञ

बीटा कैरोटीन एक एंटी अक्सिडेंट है, जिसकी हमारे स्वास्थ्य में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

यह कुछ फलों और सब्जियों के लाल, पीले और नारंगी रंग के लिए जिम्मेदार है। जिंक, विटामिन सी, ई और बीटा-कैरोटीन मैक्युलर डिजनरेशन की प्रोग्रेस को कम करता है। बीटा कैरोटीन युक्त भोजन : गाजर, शकरकंद, पालक, केल, बटरनट स्क्वैश।

ओमेगा आंखों के साथ ही स्वास्थ्य के लिए भी काफी फायदेमंद है। डिप्रेशन और चिंता से लड़ने के अलावा ओमेगा हृदय रोग के जोखिम वाले हिस्से को भी कम कर सकता है। आंखों के लिए यह मैक्युलर डिजनरेशन और सूखी आंखों को रोकने में मदद करता है। एक अध्ययन के मुताबिक एंटीअक्सिडेंट और दूसरे जरूरी पोषक तत्व मोतियाबिंद और मैक्युलर डिजनरेशन के आपके जोखिम को दूर कर सकते हैं। विटामिन-सी ग्लूकोमा को रोकने या राहत देने में और ओमेगा -3 जरूरी फैटी एसिड कई तरह से आंखों में सुधार कर सकता है। इसके अलावा यह ड्राई आई सिंड्रोम के लक्षणों को कम करने और मैक्युलर डैमेज से भी बचाता है। स्वस्थ आंखों के लिए विटामिन और पोषक तत्वों के साथ अलग-अलग संतुलित भोजन को ध्यान में रखा जाता है । आंखों को लंबे समय तक स्वस्थ और अच्छा बनाए रखने के लिए उनकी देखभाल करना जरूरी है। आपका आहार ही दर्शाता है कि आपकी दृष्टि कितनी स्पष्ट है। इनके सुचारू रूप से काम करने के लिए सभी जरूरी पोषक तत्व देना भी उतना ही जरूरी है। हमारे शरीर की तरह हमारी आंखों को भी स्वस्थ रहने के लिए पोषक तत्वों की जरूरत होती है। एक हद तक मायोपिया और हाइपरोपिया जैसी आंखों की स्थिति का भी स्वस्थ भोजन से इलाज किया जा सकता है। अपने दैनिक आहार में कुछ पोषक तत्वों को शामिल करके आप अपनी ष्टि को बढ़ा सकते हैं और उसकी रक्षा कर सकते हैं। बताए गए खाद्य पदार्थ खाने से न सिर्फ आपकी दृष्टि बल्कि आपके पूरे स्वास्थ्य में भी सुधार होगा ।

अगर आपको आंखों से जुड़े किसी भी सलाह परामर्श की जरूरत है, तो आप हरिहर आई केयर ,नियर दिनकर गोलम्बर ,राजेन्द्र नगर ,पटना -800016 के पते पर आ सकते हैं। अगर आपको मोतियाबिंद ,ग्लूकोमा की सर्जरी, रेटिना अलगाव से संबंधित सर्जरी या लेजर,ओसीटी जैसी दूसरी सेवाओं की आवश्यकता है, तो आप 8651872062 पर कॉल कर अपना अपाइंटमेंट बुक कर सकते हैं ।

### सैमसंग इंडिया ने लॉन्च की नई फोल्डेबल स्मार्टफोन सीरीज, पेश किए गैलेक्सी जेड फोल्ड 8 अल्ट्रा, फोल्ड 8 और फ्लिप 8

**सैमसंग** ने अपने नए फोल्डेबल स्मार्टफोन गैलेक्सी जेड फोल्ड 8, गैलेक्सी जेड फोल्ड 8 अल्ट्रा और गैलेक्सी जेड फ्लिप 8 की भारत में प्री-ऑर्डर बुकिंग शुरू करने की घोषणा की है। नई गैलेक्सी जेड सीरीज सात पीढ़ियों के फोल्डेबल नवाचार पर आधारित है और गैलेक्सी एआई तथा जेमिनी इंटेलीजेंस से लैस है, जो उपयोगकर्ताओं को कम चरणों में कार्य पूरा करने में मदद करती है। साथ ही, यह पारदर्शिता, गोपनीयता और उपयोगकर्ता नियंत्रण को भी प्राथमिकता देती है। इस अवसर पर सैमसंग साउथवेस्ट एशिया के प्रेसिडेंट एवं सीईओ जेबी पार्क ने कहा, पिछली सात जेनरेशन्स में हमारे फोल्डेबल स्मार्टफोन्स को मिली शानदार प्रतिक्रिया इस श्रेणी में सैमसंग की अग्रणी भूमिका को मजबूत करती है। उपभोक्ता हमारे फोल्डेबल डिवाइसों को उनके आकर्षक डिजाइन और पर्सनलाइज्ड गैलेक्सी एआई अनुभव के लिए पसंद कर रहे हैं, जो उत्पादकता और रचनात्मकता को नई ऊंचाई देते हैं। अत्याधुनिक हार्डवेयर इंजीनियरिंग और मजबूत डिजाइन वाले ये स्मार्टफोन भारत में निर्मित हैं और इनके निर्माण में देश में मौजूद हमारी आरएंडडी क्षमताओं का पूरा समर्थन मिला है, जिससे हम उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों के अनुरूप नवाचार विकसित कर पा रहे हैं।

### सैमसंग इंडिया ने नई गैलेक्सी अल्ट्रा 2 और वॉच 9 के लिए रोमांचक प्री-ऑर्डर ऑफर्स की घोषणा की

**सैमसंग** ने अपने स्मार्टवॉच लाइनअप के नए माडल गैलेक्सी वॉच अल्ट्रा 2 और गैलेक्सी वॉच 9 के भारत में प्री-ऑर्डर के लिए उपलब्ध होने का ऐलान किया है। इन दोनों मॉडल को 24 गुना 7 पहनने योग्य बनाने और निरंतर स्वास्थ्य निगरानी के लिए डिजाइन किया गया है। ये वॉच उपयोगकर्ताओं के हेल्थ डेटा को नींद, शारीरिक गतिविधियों, हृदय स्वास्थ्य और रिकवरी से जुड़ी उपयोगी गाइडेंस में बदलती हैं। सैमसंग इंडिया में एमएक्स बिजनेस के वाइस प्रेसिडेंट आदित्य बब्बर ने कहा, हमारा लक्ष्य एआई की शक्ति का उपयोग करके एक ऐसा भविष्य बनाना है जहाँ स्वास्थ्य सेवा निवारक, निरंतर और व्यक्तिगत जरूरतों के अनुसार हो। गैलेक्सी वॉच अल्ट्रा 2 और गैलेक्सी वॉच 9 इसी दृष्टिकोण को साकार करती हैं, जो उन्नत स्वास्थ्य ट्रैकिंग सुविधाएँ प्रदान करती हैं। ये उपयोगकर्ताओं के लिए भरोसेमंद साथी हैं और उन्हें उनकी सेहत के सफर में मदद करने के लिए सही समय पर जानकारियां और अलर्ट देती हैं। गैलेक्सी वाच अल्ट्रा 2, सैमसंग की अब तक की सबसे सक्षम स्मार्टवॉच है। यह मुख्य रूप से उन उपयोगकर्ताओं के लिए बनाई गई है जो आउटडोर गतिविधियों में अधिक समय बिताते हैं या सहनशक्ति वाले खेलों में भाग लेते हैं।

### विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर विशेषज्ञों ने बढ़ते साइलेंट लिवर डैमेज को लेकर दी चेतावनी जागरूकता और बचाव पर दिया जोर

**विश्व हेपेटाइटिस दिवस** के अवसर पर स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने भारत में बढ़ रहे लिवर संबंधी रोगों पर चिंता व्यक्त करते हुए लोगों से लिवर की सुरक्षा के लिए दैनिक जीवन में स्वस्थ आदतें अपनाने का आह्वान किया है। शरीर का प्राकृतिक डिटॉक्सिफिकेशन केंद्र कहलाने वाला लिवर पाचन, मेटाबलिज्म, रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने और शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकालने सहित 500 से अधिक महत्वपूर्ण कार्यो का संचालन करता है। इसके बावजूद, लिवर स्वास्थ्य आज भी समग्र स्वास्थ्य देखभाल के सबसे उपेक्षित पहलुओं में से एक बना हुआ है।

समग्र लिवर देखभाल पर बात करते हुए वरिष्ठ आयुर्वेदिक विशेषज्ञ डा. प्रीति छाबड़ा ने कहा, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के साथ-साथ लोग ऐसे प्रमाण-आधारित हर्बल फर्मूलेशन पर भी विचार कर सकते हैं जो सामान्य लिवर कार्यो को सहयोग प्रदान करते हैं। समय-परीक्षित आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों से विकसित डाबर हेपानो जैसे उत्पाद लिवर स्वास्थ्य को बनाए रखने के व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा हो सकते हैं। हालांकि, कोई भी सप्लीमेंट संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और चिकित्सकीय परामर्श का विकल्प नहीं हो सकता।

विशेषज्ञों के अनुसार, आधुनिक जीवनशैली ने लिवर संबंधी समस्याओं के जोखिम को काफी बढ़ा दिया है। अनियमित खानपान, प्रोसेस्ड फूड का अत्यधिक सेवन, शारीरिक निष्क्रियता, शराब का सेवन, स्वयं दवा लेना, पर्यावरणीय प्रदूषण और बढ़ते मेटाबॉलिक विकार लिवर पर अतिरिक्त दबाव डाल सकते हैं। सबसे बड़ी चुनौती यह है कि लिवर संबंधी रोगों के शुरुआती लक्षण अक्सर बहुत हल्के होते हैं और कई वर्षो तक नजरअंदाज हो सकते हैं।



डा. प्रीति छाबड़ा




डा. प्रीति छाबड़ा ने कहा, अधिकांश लोग लिवर की समस्याओं को केवल शराब के सेवन से जोड़कर देखते हैं, जबकि वास्तविकता इससे कहीं व्यापक है। फैटी लिवर रोग, मेटाबलिक विकार, वायरल संक्रमण, अस्वस्थ खानपान और लगातार तनाव जैसे कई कारक लिवर संबंधी समस्याओं में वृद्धि के लिए जिम्मेदार हैं।

विशेषज्ञ लिवर को स्वस्थ रखने के लिए कुछ सरल लेकिन प्रभावी उपायों को अपनाने की सलाह देते हैं। इनमें फलों, सब्जियों और प्रातिक खाद्य पदार्थो से भरपूर संतुलित आहार का सेवन, स्वस्थ वजन बनाए रखना, नियमित रूप से शारीरिक रूप से सक्रिय रहना, बिना डॉक्टर की सलाह के दवाओं का सेवन न करना, शराब का सीमित उपयोग, स्वच्छता का पालन करना, आवश्यकता अनुसार हेपेटाइटिस का टीकाकरण करवाना तथा विशेष रूप से मधुमेह, मोटापे या पारिवारिक इतिहास वाले लोगों के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच करवाना शामिल है। ये सभी उपाय लंबे समय तक लिवर को स्वस्थ बनाए रखने और समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। डा. प्रीति छाबड़ा ने आगे कहा, बचाव ही सबसे प्रभावी उपाय है। यदि छोटी-छोटी स्वस्थ आदतों को नियमित रूप से अपनाया जाए, तो लिवर स्वास्थ्य और समग्र कल्याण में उल्लेखनीय सुधार लाया जा सकता है।

निवारक स्वास्थ्य देखभाल के प्रति बढ़ती जागरूकता के बीच, स्वास्थ्य विशेषज्ञ लोगों को समग्र स्वास्थ्य यात्रा के हिस्से के रूप में प्राकृतिक और लिवर-सहायक उपायों पर भी विचार करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। इस विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर विशेषज्ञों ने एक सरल लेकिन महत्वपूर्ण संदेश दोहराया है, स्वस्थ लिवर, स्वस्थ जीवन। बेहतर लिवर स्वास्थ्य की शुरुआत हमारे रोजमर्रा के छोटे-छोटे स्वस्थ विकल्पों से होती है।

## प्रवचन

### वैदिक परम्परा और मर्यादा का पालन करने वाला हो गुरु : जीयर स्वामी

**गुरू , साधक और सिद्ध को चमत्कार नहीं करना चाहिए**

**अपने प्रिय का त्याग ही वास्तविक कुर्बानी है**

जिसकी वाणी, आचरण और सान्निध्य से संसारिक आशक्तियां क्षीण होने लगें और व्यवहार में बदलव दिखे, वही गुरु है। गुरु को वैदिक परिपाटी और वैदिक मर्यादा का पालन करने वाला होना चाहिए। जिस पंथ का न पहले अस्तित्व था और न बाद में रहेगा, ऐसे पंथो और गुरुओं के झांसे में बिल्कुल नहीं आना चाहिए। ऐसे गुरु और पंथ अपने सहचरों को संस्कार, संस्कृति और मर्यादित जीवन जीने की सीख देने को बजाय चेला बनाने की फैक्ट्री संचालन करना चाहते हैं। सच्चे गुरु सारी मानवता के उत्थान हेतु उपाय बताते है, किसी सम्प्रदाय विषेश के लाभ के लिए नहीं। गुरु सात्विक और सिद्ध होना चाहिए, चमत्कारी नहीं। पंथ-पंथाई के मार्ग पर चलने वाले गुरुओं से सावधान रहें। उपरोक्त बातें श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी ने चंदवा चातुर्मास्य ज्ञान-यज्ञ में प्रवचन करते हुए कहीं।

श्री जीयर स्वामी ने गुरु और संन्यासी की महत्ता बताते हुए कहा कि स्वयं भगवान कलियुग में श्री रामानुजाचार्य जी के रुप में भारत भूमि पर अवतरित हुए। वे शेषावतार माने जाते हैं। ये सत्ययुग में अन्नत या शेष जी के नाम से, त्रेता में लक्ष्मण जी, द्वापर में बलराम जी और कलियुग में श्री रामानुजाचार्य के रुप में प्रसिद्ध हुए। इन्हीं के द्वारा विश्व प्रसिद्ध बाला तिरुपति मंदिर की स्थापना की गयी।

श्री जीयर स्वामी ने कहा कि त्रेता में शेषावतार लक्ष्मण जी माता सुमित्रा से राम के साथ वन गमन की आज्ञा लेने गये। माता ने कहा कि 'तुम्हरे हेतु राम वन जाहिं।' यह बात रहस्यमयी है, लेकिन शास्त्र सम्मत है कि एक समय अनंत भगवान और शंकर जी के समक्ष सनाकादि ऋषि भगवान का गुणगान कर रहे थे। शंकर जी के नेत्रों से अश्रु धारा गिरने लगीं। एक ऑख की अश्रु-घारा से सुलोचना और दूसरी से रुद्राक्ष उत्पन्न हुए। शंकर जी के समक्ष पुत्री सुलोचना के लालन-पालन का संकट उत्पन्न हुआ। उन्होंने शेष जी के महामंत्री करकोटक को सुलोचना को पालने के लिये दे दिया। दूसरी तरफ रावण पुत्र मेघनाथ अपनी सुरक्षित भविष्य के लिय पाताल लोक से अपहरण करके सुलोचना को पत्नी बना लिया। अपहरण का कलंक शेष जी पर लगा कि इन्हीं के इशारे पर सुलोचना का अपहरण हुआ। अन्यथा इनके लोक से ऐसा दुःसाहसी कार्य कोई नहीं कर सकता। उस कलंक को मिटाने क लिये त्रेता में लक्ष्मण बनकर मेघनाथ का वध किये।



श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी।

स्वामी जी ने कहा कि अच्छे कार्यो का अनुसरण करना चाहिए, गलत का नहीं। जिस पूजा एवं पूजा-पद्धति से समाज का अहित हो, उसे नहीं अपनाना चाहिए। प्रेमी और प्रिय को त्याग करना ही कुर्बानी है। मानसिक कुविचारों का त्याग कर दिल-दिमाग को सन्मार्ग पर लाना भी कुर्बानी है। अपने दोश का त्याग कर आचरण में सुधार लाना कुर्वानी है। जीव हिंसा कुर्बानी नहीं है।

श्री स्वामी जी ने प्रसंगवश राक्षस की चर्चा करते हुए कहा कि राक्षसों की संतान जन्म लेते ही बलिष्ट हो जाती हैं। एक बार शंकर-पार्वती जंगल में घुम रहे थे। देखे कि एक राक्षसिनी अपनी संतान को जन्म देकर चली गयी। बच्चा रो रहा था। पार्वती जी का उस पर ध्यान गया। पार्वती जी ने शंकर जी से उस बच्चे के लालन-पालन के विषय में पूछा। शंकर जी ने कहा कि राक्षसों की यहीं परम्परा है। पार्वती जी ने आशीर्वाद दिया कि राक्षस-शिशु जन्म के साथ ही बलिष्ठ हो जायेंगे। किसी पर आश्रित नहीं होगे।

*'सान्निध्य का संस्मरण' पुस्तक से साभार*

दैनिक नवसंदेश
वायस 4 बिहार डॉटकाम के यूनिट दैनिक नवसंदेश ( डिजिटल डेली न्यूज पेपर) स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक यू सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ , पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

## संक्षिप्त खबरें

### विवाहिता ने परिवारिक कलह से की आत्महत्या

**तुरकौलिया(एनएसबी)।** बुधवार की रात चारगांहा गाँव में एक विवाहिता का शव उसके बंद कमरे में फंदे से लटका हुआ मिला। मृत महिला पिंटू कुमार यादव की 26 वर्षीय पत्नी प्रीति कुमारी है। घटना की सूचना पर पहुंचे पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रीति कुमारी अपने एलबेस्टर वाले कमरे में फंदे से लटकी हुई थी। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कमरे का दरवाजा तोड़ा, जिसके बाद महिला का शव बरामद किया गया। मृतका का पति पिंटू यादव गाड़ी चलाने का काम करता है। दंपती के दो बच्चे हैं। घटना की सूचना पर फरेंसिक जांच टीम भी मौके पर पहुंची। टीम ने घटनास्थल से आवश्यक नमूने और साक्ष्य एकत्रित किया है। मौके से सदर डीएसपी दिलीप कुमार ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले का जायजा लिया है। और पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। मामले में प्रभारी थानाध्यक्ष अमरजीत कुमार में बताया कि घटना हत्या या आत्महत्या पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही खुलासा होगा।फिलहाल प्रथम ष्टया से आत्महत्या प्रतीत हो रहा है । परिजन द्वारा आवेदन नही मिला है। आवेदन मिलने पर आगे का कारवाई किया जायेगा।

### पहाड़पुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, गांजा बरामद कर कारोबारी को भेजा जेल

**पहाड़पुर(एनएसबी)।** मोतिहारी पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर नशा तस्करों एवं फरार वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पहाड़पुर पुलिस ने गुरुवार की देर शाम कार्रवाई करते हुए स्वर्गीय लाल बाबू सिंह के पुत्र होरील सिंह (50 वर्ष), निवासी सरेया बारवा टोल, वार्ड संख्या-10 को 1 किलो 200 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार कर लिया।थानाध्यक्ष अजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सरेया बारवा टोल स्थित एक किराना दुकान में छापेमारी की। तलाशी के दौरान दुकान से 12 किलो गांजा बरामद किया गया, जिसके बाद आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया।छापेमारी अभियान में पीएसआई अमित कुमार, दंडाधिकारी आरती कुमारी तथा पुलिस बल के जवान शामिल थे। बरामद गांजा को जब्त कर आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस अधिनियम की संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है।इधर, विशेष अभियान के दौरान पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में छापेमारी कर कई फरार वारंटियों को भी गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि मादक पदार्थों की तस्करी और अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

### मेडिकल कॉलेज के लिए जमीन हस्तांतरण शुरू

#### अंचल कार्यालय ने 23 दावेदारों को जारी किया नोटिस

**पीपराकोठी(एनएसबी)।** प्रस्तावित मेडिकल कलेज के निर्माण के लिए भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया आरंभ हो गई है। अंचल कार्यालय ने इस संबंध में 23 संभावित रैयतों और दावेदारों को नोटिस जारी किए हैं। उन्हें निर्धारित तिथि पर उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया गया है।अंचल कार्यालय द्वारा जारी विशेष सूचना के अनुसार, मौजा-पीपराकोठी, थाना संख्या-210 की खाता संख्या-3 और खेसरा संख्या-317 की 25 एकड़ बकाश्त मौजेदार भूमि को मेडिकल कलेज के लिए हस्तांतरित किया जाना प्रस्तावित है। यदि किसी व्यक्ति को इस भूमि के हस्तांतरण पर कोई दावा या आपत्ति है, तो वह 30 जुलाई को अंचलाधिकारी के कार्यालय कक्ष में आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकता है। अंचलाधिकारी कुमार राघवेंद्र राघवन ने बताया कि मेडिकल कलेज के लिए भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी तरह नियमानुसार की जा रही है। उन्होंने कहा, ष्जिन लोगों का इस भूमि से किसी प्रकार का दावा या अधिकार है, उन्हें नोटिस देकर अपनी बात रखने का अवसर दिया गया है। निर्धारित तिथि तक प्राप्त दावा-आपत्तियों का निष्पादन करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मनरेगा की समीक्षा बैठक : कमजोर प्रखंडों के पदाधिकारियों को फटकार, एक सप्ताह में ई-केवाईसी व जियो टैगिंग पूरी करने का निर्देश



समीक्षा करते डीडीसी।

**मोतिहारी(एन एस बी )।** पूर्वी चम्पारण के उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में बुधवार को मनरेगा योजना की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में निदेशक एनईपी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा), सहायक अभियंता, सभी कार्यक्रम पदाधिकारी, कनीय अभियंता एवं पंचायत तकनीकी सहायक उपस्थित रहे। बैठक में मानव दिवस सृजन की समीक्षा के दौरान जिला की उपलब्धि 7465 प्रतिशत पाई गई, जबकि राज्य स्तर पर यह 15372 प्रतिशत है। संग्रामपुर (4171ः), पहाड़पुर (4558ः), बनकटवा (4786ः), अरेराज (5332ः), मेहसी (5534ः), कोटवा (5851ः) और पताही (5915ः) प्रखंडों का प्रदर्शन अपेक्षात कमजोर पाया गया। उप विकास आयुक्त ने संबंधित कार्यक्रम पदाधिकारियों को शीघ्र सुधार करते हुए कम से कम 75 प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने का निर्देश दिया। ई-केवाईसी की समीक्षा में बताया गया कि जिले के 3,89,847 सक्रिय मजदूरों का ई-केवाईसी पूरा हो चुका है, जबकि 56,501 मजदूरों का ई-केवाईसी लंबित है। सभी कार्यक्रम पदाधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर शत-प्रतिशत सक्रिय मजदूरों का ई-केवाईसी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।जियो टैगिंग की समीक्षा में प्रथम चरण के 16, द्वितीय चरण के 1,740 तथा तृतीय चरण के 2,418 मामले लंबित पाए गए। तृतीय चरण में सबसे अधिक लंबित मामले पहाड़पुर (242), कल्याणपुर (202), पकड़ीदयाल (195), रामगढ़वा (190), केसरिया (186), बनकटवा (178), घोड़ासहन (149), मोतिहारी (113) और चिरैया (109) प्रखंडों में हैं। सभी लंबित मामलों का निष्पादन एक सप्ताह के भीतर करने का निर्देश दिया गया।कार्य पूर्णता की समीक्षा में बताया गया कि मनरेगा के तहत शुरू की गई कुल 7,69,118 योजनाओं में से अब तक केवल 4,639 योजनाएं पूरी हुई हैं, जो मात्र 060 प्रतिशत उपलब्धि है। अधिकारियों को कार्य योजना बनाकर कम से कम 90 प्रतिशत अपूर्ण योजनाओं को जल्द पूरा कराने का निर्देश दिया गया।

## चार महीने मांगलिक कार्य पर लगेगा विराम नहीं बजेगी शहनाइयां, चातुर्मास प्रारंभ

**संग्रामपुर(एनएसबी)।** 25 जुलाई से चार महीने के लिए मांगलिक कार्यों पर लग जाएगा ब्रेक। नहीं होगी शादी विवाह, मुंडन संस्कार, गृह प्रवेश, उपनयन संस्कार या अन्य कोई शुभ कार्य। ऐसा इसलिए होगा कि 25 जुलाई से चातुर्मास का प्रारंभ होगा और भगवान विष्णु अपने ध्यान योग में शयन के लिए चले जाएंगे।भगवान विष्णु 25 जुलाई से 20 नवंबर तक क्षीरसागर में शयन करेंगे। धर्म ग्रंथो के अनुसार 25 जुलाई को हरिशयनी एकादशी का वत है और इसी दिन से चातुर्मास का प्रारंभ हो जाता है जो 4 महीने तक चलता है। संग्रामपुर के आचार्य मुकुल मनोहर पाण्डेय ने बताया कि इस अवधि में ब्रह्मांड का कार्यभार भगवान शिव के पास रहता है इसी कारण चातुर्मास में शिव और शक्ति के साथ पितरों की पूजा की जाती है। श्रावण और भाद्रपद मास में भगवान शिव की पूजा होती है तो वही आश्विन महीने में पितरों और भगवती दुर्गा की पूजा होती है। आचार्य ने बताया कि भगवान विष्णु के योग निद्रा में जाने के कारण मांगलिक कार्यो का शुभ फल प्राप्त नहीं होता है इसलिए चातुर्मास में शुभ कार्य वर्जित कर दिया जाता है। शादियों के लिए लग उपलब्ध नहीं हो पाता है, नए घरों में गृह प्रवेश नहीं हो सकता। मुंडन संस्कार या उपनयन संस्कार नहीं हो सकता। 20 नवंबर 2026 को देव उठवनी एकादशी के साथ ही पुनः रौनकता लौट जाएगी और सभी मांगलिक कार्य शुरू कर दिए जाएंगे।



आचार्य मुकुल मनोहर पाण्डेय।

## नीट पेपर लीक विरोध पर पुलिस का फ्लैग मार्च मुख्य चौक-चौराहों पर सुरक्षा बढ़ाई गई, अतिरिक्तबल तैनात

**पीपराकोठी(एनएसबी)।** नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर दिल्ली, पटना सहित विभिन्न जिलों में हो रहे प्रदर्शनों के मद्देनजर पीपराकोठी पुलिस



फ्लैग मार्च करते पुलिस।

शुक्रवार को पूरी तरह सतर्क रही। ककरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके द्वारा शुक्रवार को देशव्यापी प्रदर्शन के आह्वान के बाद कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया गया। थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने शुक्रवार को थाना क्षेत्र के प्रमुख मार्गों और बाजारों में फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान मुख्य चौक-चौराहों एवं संवेदनशील स्थानों पर विशेष पुलिस बल तैनात किया गयास किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए जिला मुख्यालय से अतिरिक्तपुलिस बल भी पीपराकोठी भेजा गया था। पुलिस ने पूरे क्षेत्र में गश्त बढ़ाते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लियास थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह ने बताया कि आमजन की सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने, कानून का पालन करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। उन्होंने चेतावनी दी कि कानून-व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## लोक शिकायत निवारण से शिक्षक को मिला 6.68 लाख रुपये का बकाया वेतन

मोतिहारी(एनएसबी) । बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के तहत पूर्वी चम्पारण में एक शिक्षक की वर्षो पुरानी वेतन संबंधी शिकायत का सफलतापूर्वक समाधान किया गया। जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के हस्तक्षेप से शिक्षक को 668 लाख रुपये के बकाया वेतन के भुगतान की प्रक्रिया पूरी कर दी गई।जानकारी के अनुसार, पताही थाना क्षेत्र के मिर्जापुर निवासी शिक्षक सुधीर कुमार ने 1 जनवरी 2018 से मई 2021 तक का बकाया वेतन नहीं मिलने की शिकायत दर्ज कराई थी। इस संबंध में उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण के विरुद्ध लोक शिकायत निवारण प्राधिकार में परिवाद दायर किया था। मामले में सुनवाई के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी को निवारण प्रतिवेदन के साथ उपस्थित होने का निर्देश दिया गया। जांच के बाद जिला शिक्षा पदाधिकारी ने राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, भकुरहिया कन्या, पताही में कार्यरत शिक्षक सुधीर कुमार के बकाया वेतन 6,68,201 रुपये के भुगतान की स्वीति देते हुए कार्यालय पत्रांक-3036, दिनांक 30 जून 2026 के माध्यम से राशि भुगतान के लिए भारतीय स्टेट बैंक, मोतिहारी को पत्र भेज दिया। इसकी प्रति 3 जुलाई 2026 को परिवादी को भी उपलब्ध करा दी गई, जिस पर उन्होंने संतोष व्यक्त करते हुए सहमति दी।इसके साथ ही परिवाद का पूर्ण निस्तारण कर दिया गया। जिला प्रशासन ने बताया कि यह मामला बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 की प्रभावशीलता और पारदर्शी एवं जवाबदेह प्रशासन का उदाहरण है। इस व्यवस्था के माध्यम से नागरिकों को सरकारी सेवाओं से जुड़ी शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर समाधान उपलब्ध कराया जा रहा है।



चेक देते एडीएम (पीजीआरओ)।

## श्रावणी मेला में जाम से निजाद के लिए अतिक्रमणकारियों पर चला प्रशासन का डंडा

**अरेराज(एनएसबी)।** श्रावणी मेला में श्रद्धालुओं की सुविधा व जाम से निजाद के लिए शुक्रवार को मुख्य चौक से मंदिर तक सड़क के दोनो किनारे से अतिक्रमण को हटाया गया।सीओ विनोद कुमार पांडेय




अतिक्रमण हटवाटे पुलिस।

के नेतृत्व में थाना अध्यक्ष प्रत्याशा कुमारी, नगर पंचायत कर्मियों व भारी सुरक्षा बल के उपस्थिति में मुख्य चौक से मंदिर तक अतिक्रमणमुक्त किया गया।सड़क की जमीन अतिक्रमण कर दुकान लगाने,शेड लगाने व गुमटी रखने वाले पर प्रशासन द्वारा जेसीबी से हटाते हुए ट्रेक्टर पर लोड किया गया।वही अतिक्रमणकारियों को प्रशासन द्वारा सख्त हिदायत भी दिया गया कि दुबारा अतिक्रमण करने पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए करवाई किया जाएगा।वही माइकिंग के बाद भी अतिक्रमण नही हटाने वाले एक दर्जन दुकानदारों से दंड भी वसुली करने की चेतावनी दिया गया।

# 18 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत, तैयारी तेज अधिक से अधिक मामलों के निपटारे पर जोर

**मोतिहारी(एन एस बी)।** आगामी 18 सितंबर 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित करने के लिए शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पूर्वी चंपारण के सचिव नितिन त्रिपाठी की अध्यक्षता में संबंधित विभागों के कार्यपालक पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिक से अधिक मामलों का आपसी सहमति और सुलह के आधार पर निष्पादन कराने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में बैंक, न्यायालय, ग्राम कचहरी तथा ट्रैफिक चालान से जुड़े मामलों को चिति कर संबंधित पक्षों को समय पर नोटिस तामिला कराने पर विशेष बल दिया गया, ताकि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकाधिक मामलों का निस्तारण हो सके।ट्रैफिक चालान से संबंधित मामलों के लिए जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि बापू सभागार में गठित होने वाली लोक अदालत की बेंच के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करें। वहीं, ग्राम कचहरियों में लंबित मामलों के निपटारे के लिए जिला पंचायती राज पदाधिकारी को सभी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारियों की बैठक आयोजित कर लंबित वादों को चिति करने तथा अधिक से अधिक मामलों को लोक अदालत में भेजने की कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।सचिव नितिन त्रिपाठी ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत जनहित में एक प्रभावी वैकल्पिक विवाद निस्तारण मंच है, जहां आपसी सहमति से मामलों का त्वरित और कम खर्च में समाधान संभव है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए अधिकाधिक मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में भेजने का निर्देश दिया।बैठक में जिला पंचायती राज पदाधिकारी राम जन्म पासवान, माप-तौल पदाधिकारी अजय कुमार, रेंज पदाधिकारी (वन्य) अमर कुमार, श्रम पदाधिकारी अमर ज्योति, जिला परिवहन पदाधिकारी निवेदिता कुमारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



समीक्षा करते जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव नितिन।

## संक्षिप्त खबरें

### पीपराकोठी में कृषि छात्रों को धान रोपनी का प्रशिक्षण

#### केवीके में वैज्ञानिक तरीकों से रोपाई और फसल प्रबंधन सिखाया गया

**पीपराकोठी(एनएसबी)।** कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) में ग्रामीण षि कार्य अनुभव (तॉम्) कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को आईसीएआर-आईआईआरआरआई, पटना के बीएससी षि के विद्यार्थियों को धान रोपनी का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।इस प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को धान की वैज्ञानिक रोपाई के तरीके, खेत की तैयारी, सही पौध का चुनाव, उचित दूरी पर पौधों की संख्या और रोपाई के बाद फसल प्रबंधन की तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। छात्रों ने स्वयं खेत में उतरकर धान की रोपाई का अभ्यास भी किया, जिससे उन्हें प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हुआ।इस अवसर पर केवीके प्रमुख ड़ अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि केवल किताबी ज्ञान पर्याप्त नहीं है। एक सफल षि वैज्ञानिक बनने के लिए किसानों के साथ खेतों में काम करके व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने छात्रों से किसानों की समस्याओं को समझने और वैज्ञानिक तथा स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप समाधान विकसित करने का आग्रह कियास फार्म मैनेजर मनीष कुमार ने बताया कि धान रोपनी की सही तकनीक, पौधों के बीच उचित दूरी, समय पर रोपाई और प्रभावी फसल प्रबंधन ही बेहतर उत्पादन की कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रशिक्षण के दौरान अधिक से अधिक प्रश्न पूछने, खेत में सक्रिय रूप से भाग लेने और सीखी गई तकनीकों को भविष्य में किसानों तक पहुंचाने का आह्वान किया।

### नीट पेपर लीक व छात्र आंदोलन के समर्थन में केंद्र सरकार का पुतला दहन

**मेहसी(एनएसबी)।** भारत की जनवादी नौजवान सभा (क्ल्थ्) की प्रखंड कमिटी, मेहसी के आह्वान पर शुक्रवार की शाम बैंक चौक के समीप नीट परीक्षा में कथित पेपर लीक, केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग तथा दिल्ली और पटना में छात्र आंदोलन के दौरान हुए लाठीचार्ज के विरोध में केंद्र सरकार का प्रतीकात्मक पुतला दहन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए क्ल्थ् के राज्य कमिटी सदस्य इम्तेयाज अहमद ने आरोप लगाया कि नीट परीक्षा में हुई कथित अनियमितताओं से लाखों छात्रों और अभिभावकों का भरोसा प्रभावित हुआ है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच, दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की। साथ ही छात्र आंदोलनों पर हुई पुलिस कार्रवाई की भी आलोचना की।क्ल्थ् के पूर्व राज्य अध्यक्ष मुकेश कुमार यादव ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को भ्रष्टाचार और निजीकरण से मुक्त करने की आवश्यकता है तथा छात्रों और युवाओं के भविष्य से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।राज्य अध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा कि छात्र-युवा अपने अधिकारों के लिए लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रखेंगे। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, समान अवसर और रोजगार की गारंटी सुनिश्चित करने की मांग की।प्रदर्शन में अमन यादव, अभिषेक रंजन, रवि किशन, जहीर आलम सहित बड़ी संख्या में छात्र-युवा एवं स्थानीय नागरिक शामिल हुए। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने विभिन्न मांगों के समर्थन में नारे लगाए और कार्यक्रम के अंत में केंद्र सरकार का प्रतीकात्मक पुतला दहन किया।

### बिहार सरकार की जनहितकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक

**दरभंगा (एनएसबी)।** बिहार सरकार द्वारा आम जनों के हित में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं, विकासात्मक कार्यक्रमों एवं उपलब्धियों को व्यापक स्तर पर जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से आयोजित किए जाने वाले राज्यस्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आज उप विकास आयुक्त श्री स्वपिल की अध्यक्षता में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों बीडीओ एवं प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारियों बीपीआरओ के साथ वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त ने कार्यक्रम की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिला, प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की सभी आवश्यक तैयारियाँ निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कर ली जाएँ। कार्यक्रम के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए अपने-अपने दायित्वों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करें।उप विकास आयुक्त ने कहा कि बिहार सरकार द्वारा आम नागरिकों के कल्याण हेतु संचालित योजनाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। इसके लिए पंचायत स्तर तक व्यापक जनसहभागिता सुनिश्चित की जाएगी, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के अधिकाधिक लोग सरकार की उपलब्धियों एवं जनहितकारी पहलों से अवगत हो सकें। उन्होंने निर्देश दिया कि जिले की प्रत्येक पंचायत में कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट कराया जाए। इसके लिए आवश्यक तकनीकी व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, इंटरनेट कनेक्टिविटी, बैठक स्थल, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, साफ-सफाई तथा अन्य सभी मूलभूत सुविधाएँ पूर्व से सुनिश्चित कर ली जाएँ, जिससे कार्यक्रम का सफल प्रसारण एवं संचालन निर्बाध रूप से हो सके। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं, युवाओं, किसानों तथा आम नागरिकों की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित की जाए,ताकि सरकार की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार हो और लाभार्थियों तक सही जानकारी पहुँच सके। बैठक में नगर आयुक्त राकेश कुमार गुप्ता, जिला पंचायती राज पदाधिकारी पवन कुमार यादव, प्रभारी जिला जनसंपर्क पदाधिकारी आशिष अमन सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

### हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा ने मनाया 11वां स्थापना दिवस

**दरभंगा (एनएसबी)।** लहेरियासराय स्थित सर्किट हाउस में हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा ( हम ) सेकुलर का 11 वें स्थापना दिवस पर कार्यकताओं ने सबसे बुजुर्ग कार्यकर्त्ताओ के हाथो केक काटकर एवं एक दूसरे को केक खिलाकर स्थापना दिवस मनाया। मौके पर हम सेकुलर के श्रमिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह जिलाध्यक्ष, दरभंगा, आर के दत्ता ने कहा कि हम सभी कार्यकताओं के लिए गर्व, संकल्प और संगठन के प्रति समर्पण का प्रतीक है। 11 वर्षो की इस गौरवशाली यात्रा में पार्टी ने सामाजिक न्याय,गरीब, वंचित,शोषित और अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के अधिकारों की आवाज को मजबूती से बुलंद किया गया है। और इस अवसर पर पार्टी को और मजबूत करने, जोर -शोर से सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। वही पार्टी के स्थापना दिवस पर जिले के सभी प्रखंडों में कार्यकताओं द्वारा पार्टी का 11 वां स्थापना दिवस कार्यकर्त्ताओ एवं समाज के लोगो के साथ मिलकर मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय संरक्षक एवं केंद्रीय एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार सरकार के मंत्री, संतोष कुमार सुमन, हम सेकुलर के राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में संगठन निरंतर नई ऊँचाइयों की ओर अग्रसर हो रही है। लहेरियासराय स्थित सर्किट हाउस मे पार्टी का 11 वां स्थापना दिवस जिलाध्यक्ष आर के दत्ता की अध्यक्षता में मनाया गया। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा श्रमिक प्रकोष्ठ की ओर से पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों, समर्पित कार्यकताओं एवं शुभचिंतकों को 11 वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ श्री दत्ता ने दी।और कहा कि आइए, हम सभी संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने, युवाओं को जोड़ने और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को और अधिक मजबूत करने का प्रण लें। इस अवसर पर हम सेकुलर के श्रमिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह हम के दरभंगा जिलाध्यक्ष, आर के दत्ता, प्रदेश सचिव सह जिला उपाध्यक्ष कारी गामी, प्रधान महासचिव हीरालाल राम, जिला महामंत्री विपिन कुमार दास,उपाध्यक्ष,ड एसएम नोमानी,अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ,ड मो. जावेद, युवा अध्यक्ष, संतोष कुमार सिन्हा, महिला अध्यक्ष सुमित्रा देवी, एवं मिश्रीलाल मंडल अरुण सदा,मो इजहार, छात्र जिलाध्यक्ष पप्पू कुमार यादव, बच्चा पासवान, वन विभाग कर्मचारी नेता कमल देव सिंह सहित अन्य हम के कार्यकर्त्तागण मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### जनसंवाद से शिकायतों के त्वरित समाधान पर जोर, पुलिस अधीक्षक ने सुनीं आमजन की समस्याएं

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिले में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सेवा संवाद-समाधान सीधा संवाद, त्वरित समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग ने आम नागरिकों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस अवसर पर प्राप्त सभी शिकायतों के त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण के लिए संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध और प्रभावी समाधान पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कार्यक्रम में पहुंचे नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों से पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया। उन्होंने सभी मामलों पर आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सहरसा पुलिस ने कहा कि सेवा संवाद-समाधान कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच विश्वास को मजबूत करना, पारदर्शिता बढ़ाना तथा लोगों को त्वरित न्याय और बेहतर पुलिस सेवा उपलब्ध कराना है।



### सतरस स्लूइस गेट के सभी फाटक सितंबर माह तक खोलकर रखने की मांग को लेकर डीएम को सौंपा गया ज्ञापन

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** सत्तर कटैया प्रखंड के बारा पंचायत के किसानों की लंबे समय से चली आ रही जलभराव की समस्या को लेकर सोमवार को लगभग दो सौ किसानों एवं ग्रामीणों के हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि धेमरा नदी का बहाव सतरस फाटक होकर कोपड़िया में कोसी नदी में मिलता है, लेकिन समय से पहले सतरस फाटक बंद कर दिए जाने के कारण बारा पंचायत के कई गांवों में जलभराव और बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है। ज्ञापन में कहा गया है कि पानी की निकासी बाधित होने से खरीफ फसल को भारी नुकसान होता है और रबी फसल की बुआई भी समय पर नहीं हो पाती। इससे किसानों को हर वर्ष आर्थिक क्षति झेलनी पड़ती है। इसलिए किसानों ने मांग की है कि सितंबर माह तक सतरस के सभी फाटकों को खुला रखा जाए, ताकि जल निकासी सुचारु बनी रहे। इस अवसर पर युवा समाजसेवी टिंकु मैथिल ने कहा, करीब 200 किसानों और ग्रामीणों के हस्ताक्षर के साथ हमने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। यह किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के किसानों की आवाज है। प्रशासन को किसानों की पीड़ा को गंभीरता से लेते हुए सितंबर माह तक सतरस के सभी फाटक खुले रखने का आदेश देना चाहिए, ताकि हजारों किसानों की फसल और आजीविका सुरक्षित रह सके। औरश ने कहा ष्हमारी मांग किसी व्यक्तिगत हित के लिए नहीं, बल्कि पूरे गांव और किसानों के हित में है। प्रशासन से आग्रह है कि इस जनहित के मुद्दे पर शीघ्र कार्रवाई करते हुए किसानों को राहत प्रदान करे। ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में किसान एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि जिला प्रशासन किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेगा।



### बिहार सरकार की ओर से सहरसा के आरण निवासी कबड्डी खिलाड़ी आदर्श कुमार को 3 लाख की छात्रवृत्ति

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** राज्य के प्रतिभाशाली कबड्डी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने की दिशा में बिहार सरकार ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सरकार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एक युवा कबड्डी खिलाड़ी को 3 लाख की छात्रवृत्ति प्रदान की है। मुख्यमंत्री सम्राट चैधरी ने संबोधित करते हुए कहा कि आर्थिक सहायता का उद्देश्य खिलाड़ी को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण, खेल सामग्री, प्रतियोगिताओं में भागीदारी तथा शिक्षा को बिना किसी आर्थिक बाधा के जारी रखने में सहयोग देना है। आदर्श ने मशाल कबड्डी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। इसी उपलब्धि को देखते हुए बिहार सरकार ने उसे ₹3 लाख की छात्रवृत्ति देकर सम्मानित किया। सहरसा जिला कबड्डी संघ के सचिव आशीष रंजन सिंह का मानना है कि इस प्रकार की योजनाएं राज्य के युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ने और राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेंगी। इस अवसर पर संयुक्त सचिव तुषार कात्यायन ने कहा कि संघ खेल प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। बिहार सरकार के छात्रवृत्ति योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से सक्षम बनाकर खिलाड़ियों को अपने खेल पर पूरी तरह ध्यान केंद्रित करने का अवसर देना है। आदर्श ने बिहार सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह छात्रवृत्ति उसके लिए एक नई प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि इस सहायता राशि का उपयोग बेहतर प्रशिक्षण, फिटनेस और आगामी प्रतियोगिताओं की तैयारी में किया जाएगा। साथ ही उन्होंने विश्वास जताया कि वे भविष्य में बिहार और देश का नाम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंच पर गौरवान्वित करेंगे। इस अवसर पर, उपाध्यक्ष पंकज गुप्ता, डॉ आर के रवि, सुनील कुमार झा, रौशन सिंह, प्रमोद कुमार झा आदि ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि सरकार द्वारा दी जा रही ऐसी प्रोत्साहन योजनाएं प्रदेश में खेल संस्कृति को मजबूत करेंगी और अधिक से अधिक युवाओं को खेलों की ओर आकर्षित करेंगी।




### हैंडओवर की प्रक्रिया में अटकी जलापूर्ति, नगर क्षेत्र के कई मिनी वाटर प्लांट पड़े ठप



**सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)।** लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा नगर क्षेत्र में संचालित मिनी वाटर प्लांटों का हस्तांतरण नगर प्रशासन को किए जाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। हालांकि यह प्रक्रिया लंबी खिंचने से नगर क्षेत्र के कई मिनी वाटर प्लांट एक-एक कर बंद होते जा रहे हैं। संवेदक हस्तांतरण का हवाला देकर स्मार्ट मीटर रिचार्ज और आवश्यक मरम्मत कार्य नहीं करा रहा है, जिससे सैकड़ों परिवारों की पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो गई है। नगर क्षेत्र के हरीखंड और मनौरी गांव में स्थापित मिनी वाटर प्लांट के ऑपरेटर मो. उस्मान और बैजनाथ सिंह उर्फ बैजू ने बताया कि उनके प्लांट के स्मार्ट मीटर का रिचार्ज कई महीनों पहले समाप्त हो चुका है। इसके कारण जलापूर्ति पूरी तरह ठप है। उन्होंने बताया कि संवेदक से संपर्क करने पर वह यह कहकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेता है कि सभी प्लांट अब नगर प्रशासन के अधीन हैं और वहीं इस समस्या का समाधान करेगा। नतीजतन मीटर रिचार्ज और मरम्मत के अभाव में नगर क्षेत्र के कई प्लांटों का संचालन लगातार प्रभावित हो रहा है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, पीएचईडी को मार्च माह में ही नगर क्षेत्र के सभी मिनी वाटर प्लांट संबंधित नगर निकायों को हस्तांतरित कर देना था। ऐसा नहीं होने पर 8 जुलाई को पीएचईडी के अभियंता प्रमुख-सह-विशेष सचिव ने सभी कार्यपालक अभियंताओं को पत्र जारी कर दो दिनों के भीतर सभी प्लांटों को ष्जैसी स्थिति में हैंष उसी अवस्था में नगर निकायों को सौंपने का सख्त निर्देश दिया है। इस संबंध में नगर कार्यपालक पदाधिकारी नवीन कुमार ने कहा कि फिलहाल प्लांटों का सर्वे किया जा रहा है। कई तकनीकी बिंदुओं की जांच के बाद ही हैंडओवर की प्रक्रिया पूरी होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्लांटों के विधिवत हस्तांतरण के बाद ही उनके संचालन की जिम्मेदारी नगर प्रशासन की होगी। वहीं पीएचईडी के कनीय अभियंता भोले शंकर ने बताया कि हैंडओवर की प्रक्रिया जल्द पूरी कर ली जाएगी। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर रिचार्ज की समस्या का भी शीघ्र समाधान कराया जाएगा। सैकड़ों परिवारों पर संकट हैंडओवर की प्रक्रिया में हो रही देरी और जिम्मेदारी तय नहीं होने के कारण नगर क्षेत्र के सैकड़ों परिवार स्वच्छ पेयजल से वंचित हैं। स्थानीय लोगों ने जल्द मीटर रिचार्ज कर जलापूर्ति बहाल करने तथा हस्तांतरण की प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने

# मानव बल नाथो ठाकुर के संदेहास्पद अवस्था में मौत

**बनगांव थाना पुलिस ने कागजी खानापूर्ति करते हुए शव को पोस्टमार्टम करवाया**

**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** बनगांव थाना क्षेत्र के बलहापट्टी पावर ग्रीड में कार्यरत मानव बल नाथो ठाकुर की संदेहास्पद अवस्था में गुरुवार की रात मौत हो गई। घटना की सुचना मिलते ही बनगांव थाना पुलिस ने कागजी खानापूर्ति करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्युत शक्ति उपकेन्द्र बलहा पट्टी के कर्मी नाथो ठाकुर अपने ड्यूटी पर तैनात थे और अन्य दो कर्मी आराम कर रहे थे।रात में पता नहीं नाथो ठाकुर को किया हुआ सुबह जब अन्य कर्मी ने देखा तो नाथो ग्रीड के बीच सीढी पर चित सोए हुए थे।मृत कर्मी को जब जगाने का प्रयास किया गया तो वह नही जगे। ड्यूटी पर तैनात दुसरे कर्मी रोशन ने बताया कि मुरली निवासी नाथो प्रतिदिन की भांति खाना लेकर ग्रीड पर आए और रात में 10 बजे तीनों कर्मी खाना खाने के बाद अन्य दो कर्मी सोने के लिए चले गये और नाथो ग्रीड में बैठकर मोबाइल में शिव चर्चा सुनने लगा। ग्रामीणों के अनुसार शिव के शिष्य नाथो गुरुवार देर संध्या तक बलहापट्टी में अपने गुरु शिव की बात करने के वाद वे अपने गांव मुरली चले गए।बलहापट्टी पंचायत के मुखिया ललन यादव एवं मुरली बसंतपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि ददन कुमार मेहता ने कहा कि ड्यूटी पर तैनात कर्मी नाथो शिव के शिष्य के रुप में प्रसिद्ध थे जिनके परिजन को दस लाख की मुआवजा एवं परिवार के एक सदस्य को नौकरी मिलना चाहिए। शव मुरली पहुंचते ही गांव में मातम देखा गया जहां परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। शिव के शिष्य एवं शिष्याओं की भारी भीड़ में नाथो को उनका एकलौता पुत्र अनहद ने मुखाग्नि दिया।




रोते परिजन, मृतक मानव बल नाथो ठाकुर

# पतरघट में वाहन जांच अभियान चलाया गया, चार चक्का एवं बाइक चालक के बीच हड़कंप मचा रहा




वाहन जांच अभियान में शामिल पुलिस कर्मी

**पतरघट (सहरसा) (एनएसबी)।** थाना अध्यक्ष के द्वारा पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार कानून-व्यवस्था को दुरुस्त करने और अपराध पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पतरघट थाना के मुख्य द्वार पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा नियमों का पालन कराना, बिना कागजात के चल रहे वाहनों की धरपकड़ और संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर नजर रखना था। जांच अभियान की मुख्य बातें कागजातों की गहन जांचरू पुलिस टीम द्वारा बाइक, कार एवं अन्य वाहनों के ड्राइविंग लाइसेंस, प्रदूषण प्रमाण पत्र, बीमा और गाड़ी के रजिस्ट्रेशन पेपर्स की बारीकी से जांच की गई। चालान एवं जुमार्नारू यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाए गए वाहन चालकों का ऑन-द-स्पॉट चालान काटा गया। पुलिसबल ने संदिग्ध प्रतीत होने वाले वाहनों की डिक्की और सामान की भी तलाशी ली, जिससे बाइक सवार के बीच हड़कंप मचा रहा।वहीं थाना अध्यक्ष शशि कुमार के उपस्थिति में वहां जांच जारी रहा।वहीं स्थानीय नागरिकों ने सुरक्षा के लिहाज से पुलिस की इस कार्रवाई का स्वागत किया है। मौके पर पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल शामिल रहे।

# सहरसा के पारा एथलेटिक्स खिलाड़ी मो मेराज आलम को खेलकोटे पर मिली नौकरी



पारा एथलेटिक्स खिलाड़ी

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** सिमरी बख्तियारपुर के आजाद नगर निवासी मो समसुल हक के पुत्र मो मेराज आलम को बिहार सरकार ने मेडल लाओ नौकरी पाओ के तहत पारा एथलेटिक्स में लगातार पिछले 8 वर्षों से किए जा रहे अच्छे प्रदर्शन के कारण बिहार सरकार ने नौकरी दिया है। मेराज आलम को निम्न वर्गीय लिपिक के रूप में सहरसा समाहरणालय में नियुक्ति पत्र दी गई है। शुक्रवार को पटना में आयोजित खिलाड़ियों की नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में मो मेराज आलम अपना नियुक्ति पत्र लिया। जिला एथलेटिक्स संघ सह जिला खेल संघ के सचिव रोशन सिंह धोनी ने हर्ष भक्ति करते हुए कहा कि अब सहरसा के भी खिलाड़ी खेल से नौकरी पाने में सफल हो रहे है उससे पहले कई खिलाड़ियों ने खेल के माध्यम से सेना एवं बिहार पुलिस में नौकरी पाई है। लेकिन मेडल लाओ नौकरी पाओ के तहत है। सहरसा जिला के दूसरे खिलाड़ी हैं जिन्हें बिहार सरकार ने नौकरी दी है इससे पहले सिमरी बख्तियारपुर की प्रीति कुमारी को कुश्ती खेल के माध्यम से बिहार सरकार ने नौकरी दी थी। इसलिए अब सहरसा में भी खेल का बेहतर माहौल बन रहा है। श्री धोनी ने कहा कि शिक्षा के बाद खेल ही एक ऐसा माध्यम है जिसके बदौलत नशा से आप अपने आप को दूर रख सकते हैं और अपना जीवन सवार सकते है।मेराज की इस उपलब्धि पर जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह, उपाध्यक्ष सैयद समी अहमद, कोषाध्यक्ष विप्लव रंजन, जिला टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष विवेक विशाल, जिला फुटबाल संघ के सचिव मो अशफाक आलम, जिला योग संघ के सचिव अमन कुमार सिंह ,जिला साइकलिंग संघ के सचिव दर्शन कुमार गुड्डु, जिला तैराकी संघ के सचिव चंदन कुमार, जिला रस्सर कसी संघ के अध्यक्ष विप्लव रंजन, जिला साइकलिंग संघ के अध्यक्ष डॉ जयंत आशीष, जिला हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष दिवाकर सिंह, जिला तैराकी संघ अध्यक्ष चंद्रदेव मुखिया, जिला कबड्डी संघ सचिव सह वार्ड पार्षद आशीष रंजन ,सहित कोशी स्पोट्र्स अकादमी के शशि शेखर सम्राट, सिद्धार्थ कुमार सिद्धू, सुरजीत सिंह कुशवाहा, सागर कुमार नन्हे, मनीष कुमार, प्रिंस कुमार, शिवेंद्र नारायण सिंह, जिला बैडमिंटन संघ सचिव रणबीर सिंह राजा आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए मेराज की उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी है।

# राष्ट्रीय लोक मोर्चा की जिला स्तरीय कार्यकत्त्रा बैठक सम्पन्न

**6-7 अगस्त को पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों पर हुई विस्तृत चर्चा**

**सहरसा (एनएसबी)।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा की जिला स्तरीय कार्यकत्त्रा की बैठक षुक्रवार को नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष अर्चना आनंद की अध्यक्षता में जिला परिषद प्रांगण स्थित पूजा बैंक्वेट में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार प्रदेश प्रधान महासचिव हिमांशु पटेल, प्रदेश महासचिव अजय पटेल, बिहार प्रदेश पंचायती राज प्रकोष्ठ के अध्यक्ष शिवेन्द्र कुमार जीशू, प्रदेश नेता रौशन पाठक, पूर्व मुखिया वरिष्ठ नेता विंदेश्वरी मेहता, चूड़ामणि झा एवं बैजनाथ कुमार विमल उपस्थित रहे। बैठक में आगामी 6 एवं 7 अगस्त को बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश जी के प्रस्तावित दो दिवसीय सहरसा जिला भ्रमण एवं कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम को सफल एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए कार्यकत्त्राओं को आवश्यक जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और जनसंपर्क अभियान को प्रभावी बनाने पर विशेष बल दिया गया। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकत्त्राओं ने कार्यक्रम की सफलता हेतु पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष शैलेश झा, नरेश यादव, अभिमन्यु सिंह, बिपिन पासवान, सुबोध झा,अमित कुमार निकुंभ, बालकृष्ण कुशवाहा, कमालुद्दीन, राजेश कुमार सहित जिला स्तरीय नेता मझरुद्दीन खान बबलू, शंभू कुशवाहा, बालेश्वर मेहता, मकेश्वर कुंवर, ललित साह, विजय कुशवाहा, परशुराम सिंह, शंभू सिंह, शंभू कुशवाहा, मकेश्वर कुंवर, ललित साह, सलामत राईन, बबलू कुंवर, आरती देवी, बबीता देवी, कंचन झा, शोभा देवी एवं ललिता देवी उपस्थित रही।




बैठक में जिलाध्यक्ष व प्रदेष के नेतागण

# 36 आवेदनों पर हुई सुनवाई, संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देशः डीएम

**स्हरसा (एनएसबी)। शुक्रवार** को जिलाधिकारी दीपेश कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में सेवा संवाद समाधान अनुसरण प्रणाली के अंतर्गत आयोजित जनता दरबार में आम नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों की सुनवाई की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को सरकारी सेवाओं तक सहज एवं सरल पहुंच उपलब्ध कराना, उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना तथा प्रशासन एवं जनता के बीच विश्वास एवं संवाद को और अधिक सुदृढ़ बनाना है। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए नागरिकों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसी क्रम में जिले के सभी वरीय पदाधिकारियों ने भी अपने-अपने कार्यालय कक्ष में आमजन की समस्याओं की सुनवाई कर उनके समाधान की दिशा में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की। आयोजित जनसुनवाई में कुल 36 आवेदनों पर सुनवाई की गई तथा सभी मामलों के समयबद्ध निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। सुनवाई के क्रम में उग्रसेन पासवान, सदानंद कुमार, ई. इंद्रजीत प्रसाद गुप्ता, बिंदेश्वरी मेहता, अरुण शर्मा तथा नुनूलाल साह सहित अन्य आवेदकों द्वारा भूमि विवाद एवं अन्य जनसमस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए गए। प्राप्त आवेदनों के सम्यक एवं समयबद्ध निष्पादन हेतु अंचलाधिकारी महिषी, अंचलाधिकारी कहरा, अंचलाधिकारी सोनवर्षा, भूमि सुधार उप समाहर्ता तथा भूमि सुधार उप समाहर्ता, सिमरी बख्तियारपुर सहित संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि सभी मामलों का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायतों के समाधान में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए तथा नागरिकों को अनावश्यक रूप से सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। जनसुनवाई कार्यक्रम प्रशासन और जनता के बीच विश्वास एवं संवाद को सुदृढ़ करने का प्रभावी माध्यम है



जनता की आवाज सुनते डीएम

# आजाद युवा विचार मंच द्वारा पं चंद्रशेखर आजाद एवं बाल गंगाधर तिलक के जन्म जयंती पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** आजाद युवा विचार मंच द्वारा मां भारती के वीर शहीद, अमर बलिदानी पं चंद्रशेखर आजाद एवं स्वराज्य हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है के महानायक बाल गंगाधर तिलक के जन्मजयंती पर भव्य पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। बनगांव पूर्व मुखिया धनंजय झा उर्फ भगवान जी की अध्यक्षता, संजीव कुमार झा के संचालन एवं अशोक झा लाल के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर बैन प्रिया, विशिष्ट अतिथी डा रमण झा, शिक्षाविद शैलेन्द्र शैली अधिवक्ता मंटु झा, पूर्व पंचायत समिति शिवेंद्र झा, जिला पार्षद प्रतिनिधि रजनीश कुमार, समाज सेवी बिरबल झा, रोटी बैंक के रौशन माधव, बनगांव पार्षद अमित चैधरी, मुकेश कुमार, अखिलेश झा, संतोष झा, शैलेश कुमार झा, मृत्युंजय झा, प्रणव प्रेम, अंशु झा, अंशु मिश्रा, टिंकू पाण्डेय, अधिवक्ता सुर्य प्रकाश झा, पेक्स अध्यक्ष औरस कुमार, अधिवक्ता, विकास झा, रिटायर्ड फौजी विकास कुमार, राहुल बनगांव, संतोष झा सहित अन्य लोगो ने पुष्पांजलि अर्पित कर मां भारती के विर शहिदों को नमन किया। आयोजित कार्यक्रम में महापौर ने कहा कि आजाद युवा विचार मंच द्वारा जनसहयोग से आज ब्रोंज कि 7-5 फिट की भव्य प्रतिमा स्थापित होनी थी, जो राजनीतिक कारणों से नहीं लगया जा सका, स्वतंत्रता संग्राम के महानायक किसी जाति संप्रदाय या व्यक्तिगत नहीं होते है, सभी को एकजुटता के साथ ऐसे कार्यो के लिए आगे आना चाहिए। डा रमण झा ने कहा कि आज का दिन आजाद युवा विचार मंच के बेनर तले बहुत ही भव्य होने वाला था, जब सहरसा के पावन धरती पर आजाद जी कि भव्य 7ष 5श कि प्रतिमा का अनावरण समाज के हरेक लोगों के जनसहयोग से होता लेकिन कुछ लोगों को शहीद कि शौर्य गाथा और प्रतिष्ठाओ से बढ़कर अपनी झूठी शान है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्षता कर रहे धनंजय झा ने कहा कि हम-सभी के द्वारा आजाद जी के प्रतिमा स्थापना हेतु जनसहयोग का रास्ता अपनाया गया था ताकि एक अमर बलिदानी के प्रतीमा स्थापना में पूरे सहरसा जिले के लोग यह कहें कि देखो यह प्रतिमा हमारे द्वारा लगाया गया है, लेकिन ऐसा प्रयास सफल नहीं हो सका। 16 दिनों के बाद जब प्रतिमा का डमी तैयार भी हो चुका था राजनीतिक लोगों द्वारा मंच के द्वारा किये जा रहे इस महत्वाकांक्षी कार्य को बाधित कर विवाद खड़ा कर दिया गया। साथ ही इस कार्यक्रम में जो लोग शामिल होकर अपना शारीरिक योगदान दे रहे थे। उनके जीविकोपार्जन के साधन पर अनावश्यक रूप से प्रशासनिक दबाव बनाया जाने लगा। जिस कारण मंच द्वारा बैठक करके प्रतिमा लगाने के कार्य से पीछे हटते हुए लोगों द्वारा किये गये जनसहयोग को वापस करने का निर्णय लिया गया एवं अभीतक मे क्रमवार रुप से लगभग तिहाई व्यक्तियों का सहयोग वापस कर क्षमा मांग ली गई है। लेकिन दुखद है कि जिन्होंने आज प्रतिमा लगाने कि बाते कही थी उनके द्वारा भी आज के दिन प्रतिमा स्थापना का कार्य नहीं किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शैलेश कुमार झा ने कहा की समस्त समाज ने प्रतिमा स्थापना के कार्य में जो विस्वास मंच के ऊपर जताया वो मंच से जुड़ें सभी कार्यकताओं के लिए बहुत ही बड़ी बात है हम-सभी क्षमा प्रार्थी है जो आपसबो के विश्वास पर खड़े नहीं उतर सके, कार्यक्रम को सफल करने में खुशी भारद्वाज, सुरज झा चुन्नू, शिवम कुमार बिल्लू, रवि कुमार, हर्ष भारद्वाज, भूषण कुमार झा, ऋषभ राज पांडे, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



पुष्पांजलि कार्यक्रम में महापौर व मंच कार्यकत्त्रा

## संक्षिप्त खबरें

### प्रभारी शिक्षा पदाधिकारी ने किया वृक्षारोपण



**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय फकीर टोला परिसर में प्रखंड प्रभारी शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार ने पौधारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लेने की अपील की। प्रभारी शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि वे विद्यालय के नियमित निरीक्षण के लिए पहुंचे थे। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के शिक्षकों के आग्रह पर उन्होंने विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उनकी देखभाल और संरक्षण भी उतना ही आवश्यक है। इससे पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हरित वातावरण मिल सकेगा। उन्होंने विद्यालय की साफ-सफाई, मध्याह्न भोजन की व्यवस्था, रसोईघर, खाद्यान्न के रखरखाव तथा पठन-पाठन की स्थिति का भी जायजा लिया। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान विद्यालय की व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। विद्यालय परिसर साफ-सुथरा था और निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालित होती मिली। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक-शिक्षिकाएं, रसोईयां एवं अन्य विद्यालय के कर्मी उपस्थित रहे।

### गोगरी में जमीन विवाद को लेकर मारपीट, कई घायल

**गोगरी (दैनिक नवसंदेश)।** शाहनगर जमालपुर गांव में जमीन विवाद को लेकर जमकर मारपीट हुई जिसमें कई लोग घायल हो गए। मामले में दोनों पक्षों के पीड़ितों ने थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। आवेदन में पीड़ित नौशाद ने आरोप लगाया है कि गांव के कुछ लोग लाठी-डंडा एवं अन्य हथियार लेकर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने पहुंचे परिवार के अन्य सदस्यों के साथ भी मारपीट की गई। पीड़ित ने आवेदन में मोजाहिद, रेहान, निगार, इस्लाम, नदीम सहित कुल नौ लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया है। आरोप है कि मारपीट के दौरान महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार भी किया गया तथा घर में रखे सामान को नुकसान पहुंचाया गया। साथ ही नकदी और आभूषण छीन लेने का भी आरोप है। वहीं दूसरे पक्ष कि ओर से जूही खातून ने भी आवेदन देकर कई लोगों को नामजद करते हुए न्याय कि गुहार लगाई है। थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार ने कहा कि जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

### सीपीआईएम ने अलौली प्रखंड कार्यालय के समक्ष दिया धरना

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** अलौली प्रखंड कार्यालय के समीप सीपीआईएम ने धरना दियात्र धरना में मौजूदा नीट पेपर लीक कांड को मुद्दा बनाया गया। साथ ही धरना के माध्यम से बेघर भूमिहीनों को बसने के लिए पांच डिसमिल जमीन देने, जो गरीब भूमिहीन वर्षों से कहीं बसे हैं उन्हें पर्चा देने, सामाजिक सुरक्षा पेंशन का नियमित भुगतान करने, राशन कार्ड धारियों के नामों की छटनी पर तुरंत रोक लगाने एवं बिहार सरकार द्वारा गांव के लोगों का होल्डिंग टैक्स और स्टेट हाईवे पर टोल टैक्स वसूलने के फैसले को वापस लेने की मांगों को प्रमुखता से उठाया गया। वक्ताओं ने 10 अगस्त को जनसंगठनों के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर समाहरणालय पर आयोजित जेल भरो आंदोलन में बड़ी संख्या में लोगों को शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

### एएनएम स्कूल में कैपिंग समारोह का हुआ आयोजन



**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** सदर अस्पताल परिसर स्थित एएनएम स्कूल सभागार में शुक्रवार को आयोजित लैंप लाइट और कैपिंग शपथ ग्रहण समारोह का उद्घाटन प्रिंसिपल अमृता प्रिया एवं शिक्षिकाओं ने किया। मुख्य अतिथि सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. राजेश कुमार चौधरी, अस्पताल प्रबंधक प्रणव कुमार, जीएनएम स्कूल प्रिंसिपल सरफीना कुमारी और पारा मेडिकल टीचर चुन्नी कुमारी ने छात्राओं को कैप पहनाया। छात्राओं ने स्वागत गान की प्रस्तुति के साथ समारोह की शुरुआत की। इस अवसर पर दुनिया की पहली नर्स फ्लोरेंस नाइटिंगेल के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धा पूर्वक याद किया गया। प्रिंसिपल अमृता प्रिया ने बताया कि सत्र 2025-2027 की 55 छात्राओं को निष्ठापूर्वक नर्सिंग सेवा, व्यावसायिक आचरण के साथ चिकित्सकों के आदेश का सदैव ईमानदारी पूर्वक पालन करने की शपथ दिलाई गई। समारोह में प्रिंसिपल ने अतिथियों को अंग वस्त्र और उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपाधीक्षक डॉ. राजेश कुमार चौधरी ने कहा कि मानव सेवा को समर्पित जीवन से बेहतर कुछ भी नहीं। राखी, प्रीति, निभा, श्वेता, वन्दना, रजनी मनीषा और काजल ने बेहतरीन गीत के साथ नृत्य प्रस्तुत कर समारोह को काफी आकर्षक बना दिया। इस अवसर पर डॉ. शशि कुमार, एनएम स्कूल की टीचर खुशबू कुमारी, आरती कुमारी, वार्डेन कुमारी उर्मिला और प्रेमा कुमारी समेत दर्जनों सीनियर छात्राएं मौजूद थीं। मंच का संचालन सोम्या भारती और इंशा खानम ने किया।

### शराब के नशे में हंगामा कर रहा युवक गिरफ्तार

**पसराहा (दैनिक नवसंदेश)।** महद्दीपुर गांव निवासी भवेश कुमार को शराब के नशे में घर में हंगामा करने के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भवेश शराब के नशे में परिवार के लोगों के साथ मारपीट कर रहा था, जिससे परेशान होकर परिजनों ने इसकी सूचना पसराहा थाने को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेकर थाने ले आई। थाने में ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच करने पर शराब पीने की पुष्टि हुई। इसके बाद बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत शुक्रवार को उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पसराहा थानाध्यक्ष राजीव कुमार रंजन ने बताया कि शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

### अलग-अलग मामलों में दो लोगों को गिरफ्तार

**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** चौथम पुलिस ने अलग-अलग मामलों में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पहली कार्रवाई में चौथम थाना कांड संख्या 171/26 के नामजद जयकुमार उर्फ दुकान सिंह, निवासी बेलदौर, को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी प्रतिबंधित कफ सिरप के अवैध कारोबार से जुड़े मामले में वांछित था। वहीं दूसरी कार्रवाई में चौथम थाना कांड संख्या 296/25, 3 नवंबर, 2025 के आरोपी किशन कुमार, निवासी बूटी खेल, थाना बेलहर, जिला जमुई, को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक यह मामला थाना क्षेत्र के छुट्टी मोहनपुर गांव से युवती के अपहरण से संबंधित है, जिसमें आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था।

# चार करोड़ से होगा पसराहा रेलवे स्टेशन का कायाकल्प

**रेल मंत्रालय ने आधुनिकीकरण के लिए दी मंजूरी**

दैनिक नवसंदेश

**खगड़िया।** पसराहा रेलवे स्टेशन के दिन अब बहुरने वाले हैं। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के सांसद राजेश वर्मा के अथक प्रयासों के बाद रेल मंत्रालय ने पसराहा स्टेशन के विकास और आधुनिकीकरण के लिए चार करोड़ की राशि स्वीकृत कर दी है। इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए सांसद राजेश वर्मा ने खगड़िया की जनता की तरफ से रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया।

सांसद राजेश वर्मा ने बताया कि पसराहा रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के अभाव का मुद्दा उनके लिए हमेशा से प्राथमिकता रहा। उन्होंने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से व्यक्तिगत मुलाकात के दौरान और रेलवे की संसदीय समिति की बैठकों में पसराहा स्टेशन के कायाकल्प का मुद्दा कई बार प्रमुखता से उठाया था। उनके इसी सतत प्रयास का परिणाम है कि आज मंत्रालय ने इस प्रोजेक्ट को हरी झंडी दे दी। उन्होंने कहा कि इस फंड से स्टेशन पर प्लेटफॉर्म की ऊंचाई में वृद्धि होगी। इससे यात्रियों को ट्रेन में चढ़ने और उतरने में होने वाली असुविधा से निजात मिलेगी और सफर भी सुरक्षित होगा। यात्रियों को चिलचिलाती धूप और बारिश से बचाने के लिए स्टेशन पर एक नया और विशाल यात्री शेड बनाया जाएगा।



सांसद राजेश वर्मा।

**इस राशि से रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म होंगे ऊंचे, विशाल यात्री शेड का होगा निर्माण**

वहीं परिसर का सौंदर्यीकरण, स्टेशन परिसर को साफ-सुथरा, हरा-भरा और आकर्षक बनाने के लिए विशेष कार्य किए जाएंगे। यात्रियों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए स्टेशन पर कई नई और आधुनिक सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। पसराहा रेलवे स्टेशन के अपग्रेडेशन की खबर से स्थानीय यात्रियों, दैनिक यात्रियों और व्यापारियों में खुशी की लहर है। सांसद राजेश वर्मा ने आश्वस्त किया है कि वे आगे भी खगड़िया के विकास के लिए निरंतर ऐसे ही प्रयासरत रहेंगे।

## सुसरालवालों पर लगाया प्रताड़ित करने का आरोप

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** नगर पंचायत क्षेत्र की 26 वर्षीया रिमझिम कुमारी ने अपने पति सहित अन्य ससुराल वालों पर शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना का गंभीर आरोप लगाते हुए बेलदौर थाना अध्यक्ष को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि उनका पति राजेश भगत आए दिन किसी न किसी बहाने उनके साथ मारपीट करता है। इस प्रताड़ना में उनके जेठ बबलू भगत और जेठानी निशु देवी भी पति का साथ देते हैं। सभी मिलकर उन्हें घर से भगाने का प्रयास कर रहे हैं। आवेदन में पीड़िता ने आरोप लगाया है कि उनके पति राजेश भगत का किसी अन्य महिला के साथ अवैध संबंध है, जिसके कारण वह घर में लगातार विवाद और मारपीट करते हैं। पीड़िता ने यह भी कहा कि पति द्वारा उन्हें खाने-पीने और दैनिक खर्च के लिए पैसे भी नहीं दिए जाते हैं। पीड़िता के अनुसार जब भी वह इस दुर्व्यवहार और अन्याय का विरोध करती हैं, पति द्वारा उन्हें जान से मारने और जबरन घर से निकाल देने की धमकी दी जाती है।

## प्रधानाध्यापिका निलंबित, रसोइयों की सेवा समाप्त, एमडीएम प्रभारी के वेतन में कटौती

**कन्या मध्य विद्यालय, धुतौली में एमडीएम में सांप मिलने का मामला**

**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** कन्या मध्य विद्यालय धुतौली में एमडीएम के दौरान छात्रा की थाली में सांप जैसा दिखाई देने वाला कीड़ा मिलने के मामले में शिक्षा विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। जांच के बाद विद्यालय की प्रधानाध्यापिका को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है, सभी रसोइयों की सेवा समाप्त कर दी गई है तथा प्रखंड एमडीएम प्रभारी से स्पष्टीकरण मांगते हुए उनके वेतन में 25 प्रतिशत कटौती की कार्रवाई की गई है।

गुरुवार को विद्यालय में मध्याह्न भोजन के दौरान एक छात्रा की थाली में सांप जैसा प्रतीत होने वाला कीड़ा मिलने से विद्यालय परिसर में अफरा-तफरी मच गई। घटना की जानकारी आसपास के क्षेत्र में फैलते ही लोगों ने इसे संभावित फूड प्वाइजनिंग से जोड़कर देखना शुरू कर दिया। एहतियात के तौर पर जिन बच्चियों ने मध्याह्नभोजन किया था, उन्हें तत्काल चौथम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। हालांकि चिकित्सकों ने जांच के बाद स्पष्ट किया कि किसी भी बच्ची में फूड प्वाइजनिंग के लक्षण नहीं पाए गए और सभी सुरक्षित हैं। इसके बाद प्रशासन और अभिभावकों ने राहत की सांस ली।

घटना की गंभीरता को देखते हुए अनुमंडल पदाधिकारी धनंजय कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार गौड़ सहित प्रखंड और जिला स्तर के कई अधिकारी विद्यालय एवं स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। अधिकारियों ने बच्चों का हालचाल जाना और पूरे मामले की जानकारी ली। जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देश पर प्रखंड प्रभारी शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक ने संयुक्त रूप से विद्यालय की जांच की। जांच में मध्याह्न भोजन व्यवस्था में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। जांच टीम ने पाया कि विद्यालय में मध्याह्न भोजन तैयार करने के लिए मानकों के अनुरूप व्यवस्था नहीं थी। भोजन बनाने में अनुपयुक्त ईंधन (बलारी) का प्रयोग किया जा रहा था। इसके अलावा भंडार गृह में चावल बिखरा हुआ मिला, रसोई एवं भंडारण कक्ष में साफ-सफाई की स्थिति अत्यंत खराब पाई गई तथा पर्याप्त रोशनी का भी अभाव था। जांच रिपोर्ट में स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा मानकों की अनदेखी की पुष्टि होने के बाद विभाग ने तत्काल कार्रवाई की।

**प्रभारी शिक्षा पदाधिकारी और जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने की विद्यालय की जांच**

**स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती बच्चियों का हाल जानने अनुमंडल पदाधिकारी और जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित प्रखंड व जिला स्तर के कई अधिकारी पहुंचे**

जांच रिपोर्ट के आधार पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका संजुला कुमारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय, मानसी निर्धारित किया गया है। वहीं विद्यालय में कार्यरत सभी रसोइयों को भी चयनमुक्त कर दिया गया है। मामले में केवल विद्यालय स्तर पर ही नहीं, बल्कि निगरानी व्यवस्था को लेकर भी कार्रवाई की गई है। प्रखंड एमडीएम प्रभारी से स्पष्टीकरण मांगा गया है। विभागीय आदेश के तहत उनके वेतन में 25 प्रतिशत की कटौती करते हुए उन्हें जिला कार्यालय से संबद्ध (अटैच) कर दिया गया है। साथ ही जिला स्तर से अंशु कुमार को तत्काल प्रभाव से चौथम प्रखंड का नया एमडीएम प्रभारी प्रतिनियुक्त किया गया है। शिक्षा विभाग की इस कार्रवाई से स्पष्ट है कि मध्याह्न भोजन योजना में किसी भी प्रकार की लापरवाही या स्वच्छता संबंधी अनियमितता को गंभीरता से लिया जाएगा। विभाग ने सभी विद्यालयों को एमडीएम की गुणवत्ता, साफ-सफाई और खाद्य सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## विधायक आईपी गुप्ता के साथ बदसलूकी की निष्पक्ष जांच हो

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** इंडियन इंक्लूसिव पार्टी की जिला इकाई ने बिहार विधानसभा में विधायक आईपी गुप्ता के साथ हुई घटना पर आक्रोश व्यक्त करते हुए इसकी निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। पार्टी के जिलाध्यक्ष मनोज तांती एवं जिला प्रधान महासचिव घनश्याम कुशवाहा ने संयुक्त रूप से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि बिहार विधानसभा में नीट पेपर लीक मामले पर चर्चा के दौरान विधायक ई. आईपी गुप्ता ने कड़ा विरोध किया। उनका कहना था कि लाखों छात्र-छात्राएं कठिन परिश्रम और संघर्ष के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। ऐसे में उनके सम्मान को ठेस पहुंचाने वाली किसी भी टिप्पणी का लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करना प्रत्येक जनप्रतिनिधि का दायित्व है। नेताओं ने आरोप लगाया कि छात्र-युवाओं के सम्मान और अधिकारों की आवाज बुलंद करने के कारण सत्ता पक्ष के कुछ विधायक अपना आपा खो बैठे तथा उन्होंने ई. आईपी गुप्ता के साथ अभद्र व्यवहार किया। यह लोकतांत्रिक मूल्यों, संसदीय परंपराओं और जनता की आवाज पर हमला है। उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा लोकतंत्र का सर्वोच्च मंच है जहां सत्ता और विपक्ष दोनों को अपनी बात रखने का समान अधिकार है। यदि सदन के भीतर जनहित के मुद्दे उठाने वाले जनप्रतिनिधियों को दबाव और धमकी का सामना करना पड़े, तो यह लोकतंत्र के लिए अत्यंत गंभीर और चिंताजनक विषय है।

## बीडीओ-बीईओ ने कई विद्यालयों का किया निरीक्षण

**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** कन्या मध्य विद्यालय धुतौली में मध्याह्न भोजन में कीड़ा मिलने के बाद प्रखंड प्रशासन सतर्क हो गया है। इसी कड़ी में प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड प्रभारी शिक्षा पदाधिकारी कुमार श्रीवास्तव ने प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया। अधिकारियों ने विद्यालयों में साफ-सफाई, मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता, भोजन तैयार करने की व्यवस्था, एमडीएम स्टोर रूम की स्थिति, खाद्यान्न के सुरक्षित भंडारण, शौचालयों की स्वच्छता, पेयजल व्यवस्था तथा पठन-पाठन की स्थिति का बारीकी से निरीक्षण किया। अधिकारियों ने विशेष रूप से विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों और एमडीएम से जुड़े कर्मियों को निर्देश दिया कि भोजन तैयार करने से लेकर परोसने तक प्रत्येक चरण में स्वच्छता और गुणवत्ता के मानकों का कड़ाई से पालन किया जाए। साथ ही खाद्यान्न के रखरखाव, रसोईघर की साफ-सफाई और स्टोर रूम की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने को कहा गया। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने मध्य विद्यालय धनछड़ और बुच्चा का भी दौरा किया, जहां विद्यालय निरीक्षण के साथ-साथ आयोजित राशन कार्ड शिविर का जायजा लिया। इसके अलावे मध्य विद्यालय फकीर टोला तथा मध्य विद्यालय फर्रे सहित अन्य विद्यालयों का भी निरीक्षण किया गया।



## उच्च शिक्षा विधेयक के विरोध में सांकेतिक धरना



**केडीएस कॉलेज के शिक्षकों ने धरना का किया आयोजन**

**गोगरी (दैनिक नवसंदेश)।** केडीएस कॉलेज में शुक्रवार को विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (मुगुटा) के आह्वान पर सभी विभागों के शिक्षकों ने प्रस्तावित उच्च शिक्षा विधेयक के विरोध में सांकेतिक धरना दिया। इस दौरान महाविद्यालय के शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने भी धरना का समर्थन किया। धरना कार्यक्रम से पूर्व महाविद्यालय शिक्षक संघ ने प्राचार्य ड़ रोशन रवि को ज्ञापन सौंपकर सांकेतिक धरना आयोजित करने की सूचना दी। शिक्षकों ने बताया कि हाल ही में एक अखबार में प्रकाशित खबर के माध्यम से प्रस्तावित उच्च शिक्षा विधेयक की जानकारी मिली, जिसके बाद राज्य स्तरीय शिक्षक संघ ने इसका विरोध करने का निर्णय लिया। शिक्षकों का कहना है कि अखबार में प्रकाशित जानकारी के अनुसार प्रस्तावित विधेयक में महाविद्यालयों की स्वायत्तता समाप्त करने सहित कई ऐसे प्रावधान शामिल हैं, जो उच्च शिक्षा व्यवस्था और शिक्षकों के हितों के प्रतिकूल हैं। इसी के विरोध में राज्यव्यापी आह्वान के तहत केडीएस कलेज में सांकेतिक धरना आयोजित किया गया। धरना में शामिल शिक्षकों ने सरकार से प्रस्तावित विधेयक के विवादित प्रावधानों पर पुनर्विचार करने तथा महाविद्यालयों की स्वायत्तता एवं शिक्षा व्यवस्था के हितों की रक्षा करने की मांग की। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी विभागों के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बाल विवाह, नशा व दहेज उन्मूलन पर जागरूकता शिविर का आयोजन



**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बाल विवाह, नशा एवं दहेज प्रथा उन्मूलन के विषय पर जागरूकता शिविर का आयोजन जवाहर उच्च विद्यालय, महेशखूंट, गोगरी के सभागार में किया गया। उक्त जानकारी देते हुए प्राधिकार के सचिव चंदन कुमार ने बताया कि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेश कुमार बच्चन के निर्देशानुसार नालसा के विभिन्न स्कीम के तहत विद्यालय के बच्चों के बीच बाल विवाह उन्मूलन, नशा उन्मूलन एवं दहेज प्रथा उन्मूलन के विषय पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

अध्यक्षता प्राधिकार के सचिव ने की। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बच्चों को बताया कि बाल विवाह सामाजिक बुराई है, इसको हम सबको मिलकर मिटाना होगा। बाल विवाह को रोकने हेतु बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम बनाया गया है जिसके तहत लड़की की शादी के लिए उम्र 18 वर्ष से अधिक एवं लड़के की शादी के लिए उम्र 21 वर्ष से अधिक निर्धारित किया गया है, अगर कोई अभिभावक अपने बच्चों का विवाह कानून द्वारा निर्धारित उम्र के अंदर ही करते हैं तो वह दंड के भागी होंगे एवं ऐसे विवाह में सम्मिलित होने वाले परिजन, विवाह को प्रोत्साहन देने वाले व्यक्ति, विवाह कराने वाले ब्राह्मण, तथा हर वह व्यक्ति जो इस विवाह में सम्मिलित हुआ है दंड के भागी होंगे। बाल विवाह के मामले में दोषियों को 2 वर्ष का कारावास तथा 100000 जुर्माना अथवा दोनों हो सकता है। बच्चों का विवाह कम उम्र में हो जाने के कारण कई सारी कठिनाइयों का सामना उन बच्चों को करना पड़ता है। बच्चों का भविष्य अंधकार में हो जाता है वह अपने जीवन में आगे नहीं बढ़ पाती हैं उनकी पढ़ाई रुक जाती है। कम उम्र में शादी होने के कारण बच्चियां कम उम्र में ही मां बन जाती हैं और वह खुद तथा उसके होने वाले बच्चे कुपोषण का शिकार हो जाते हैं। विद्यालय के बच्चों को विवाह मुक्त भारत बनाने हेतु संकल्प दिलाया गया कि अगर आपके आसपास किसी बच्चे का बाल विवाह कराया जा रहा है तो इसका विरोध करें एवं इसकी सूचना नजदीकी थाना अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकार खगड़िया को टोल फ्री नंबर 15100 के माध्यम से दें। इसी तरह बच्चों को वक्ताओं ने सूखा नशा एवं दहेज प्रथा के विषय पर कानूनी बिंदुओं से अवगत कराया।

**जवाहर उच्च विद्यालय, महेशखूंट के बच्चों को दी गयी जानकारी**

## डीएम के पास पहुंचे 32 आवेदन



**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** जिलाधिकारी विक्रम वीरकर ने षुक्रवार को समाहरणालय में आयोजित 'जनसमाधान कार्यक्रम' में आमजन की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया। प्राप्त आवेदनों के त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन हेतु संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनसमाधान कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 32 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें विद्युत विभाग से 2, सदर एवं गोगरी अनुमंडल में अतिक्रमण से संबंधित 8, खनन विभाग से 3,भू-अर्जन विभाग से 4,शिक्षा विभाग से 1,आवास योजना से 1, 'डीसीएलआर सदर एवं गोगरी से 4,स्वास्थ्य विभाग से 1, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग से 3, पथ निर्माण विभाग से 2, पुल निर्माण निगम से 1, 'समेकित बाल विकास सेवा से 1 तथा जिला कल्याण विभाग' से 1 आवेदन प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं विधिसम्मत निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनसमाधान कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना तथा नागरिकों को सुगम एवं प्रभावी प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध कराना है।

## स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद की मनाई गई जयंती

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** परबत्ता प्रखंड के मध्य विद्यालय सौढ़ भरतखण्ड में स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षक सिद्धार्थ कुमार ने कहा कि आजाद का जन्म 23 जुलाई 1906 को भावरा, मध्यप्रदेश में हुआ था। वे भारत मां को अंग्रेजों के जुल्म से आजाद कराने के लिए मुस्कराते हुए जान लुटाने वालों में से थे। चंद्रशेखर आजाद की खासियत थी कि न तो वे दूसरों पर जुल्म करते थे और न स्वयं सहन करते थे। 1919 में अमृतसर के जलियांवाला बाग कांड ने उन्हें झकझोर कर रख दिया। चंद्रशेखर उस समय पढ़ाई कर रहे थे। तभी से उनके मन में आग धधक रही थी। महात्मा गांधी द्वारा असहयोग आंदोलन खत्म किए जाने के बाद सैकड़ों छात्रों के साथ चंद्रशेखर भी सड़कों पर उतरे। छात्र आंदोलन के वक्त वो पहली बार गिरफ्तार हुए। चंद्रशेखर आजाद ने भगत सिंह और अन्य क्रांतिकारी साथियों के साथ मिलकर स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी। हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन से जुड़े क्रांतिकारियों का उद्देश्य राजनीतिक आजादी के साथ ऐसे समाज की स्थापना करना था जहां किसान और आम जनता को सम्मान, समानता और न्याय मिल सके। 27 फरवरी, 1931 को पुलिस से घिरने के बाद अल्फ्रेड पार्क इलाहाबाद में स्वयं को गोली मारकर अपने प्राणों की आहुति दे दी।

## संक्षिप्त खबरें

### नई सरकार के 100 दिन पूरे होने पर होगा कार्यक्रम

**जमालपुर (मुंगेर)** - बिहार की नई सरकार का 100 दिन पूरे होने के उपलक्ष पर जमालपुर प्रखंड के 10 पंचायत में सरकार के विगत किए गए उपलब्धियां को व्यापक प्रचार प्रसार के माध्यम से कार्यक्रम का आयोजन शनिवार से किया जाएगा इसकी जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी श्वेता कुमारी ने दिए।

### भाजपा नगर मंडल किसान मोर्चा उपाध्यक्ष का अंग-वस्त्र से सम्मानित

**सोनपुर (एनएसबी)** दिनांक 24 -7-2026 को शहीद महेश्वरी चौक सोनपुर में भाजपा सोनपुर नगर मण्डल किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष बनाये जाने पर विजय रंजन सिंह को अंग वस्त्र से भाजपा नगर अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह बब्लु द्वारा सम्मानित किया गया एवं मिठाई भी बांटा गया। विजय रंजन सिंह ने कहा की मुझे पार्टी ने जों जिम्मेवारी दिया है उसे मै मजबूती से निभाउंगा। इस पद के लिए मै सारण पूर्वी जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह, विधायक विनय कुमार सिंह, मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह बब्लु को बहुत --बहुत बधाई देता हुँ। मौके पर नमामिगंगे जिला संयोजक सुनील दुबे,अशोक कुमार सिंह, ष्णन्दन दास, अजय तिवारी, रंजीत कुमार, पप्पु कुमार सिंह, इंद्रजीत सिंह, भरत राय, प्रिंस कुमार सहित शामिल हुए।

### पशु मित्रों की हड़ताल से चरमराई पशु स्वास्थ्य व्यवस्था

**सोनपुर (एनएसबी)** विहार राज्य पशु मित्र संघ, पटना, के राज्यव्यापी आह्वान पर सोनपुर अनुमंडल पशु मित्र संघ दिनांक 09.07.2026 से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर हैं। नियमित मासिक मानदेय की मांग को लेकर शुरु हुए, इस आंदोलन का असर सोनपुर अनुमंडल सहित प्रदेश में खुरहा और मुंह पक्का रोग, (एफएमडी) राउंड 07 टीकाकरण अभियान पर पड़ रहा है। संघ के स्पष्ट है कि जबतक सरकार उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं होती जबतक पशु मित्र द्वारा कार्य बंद रहेगा। स्थानीय सोनपुर अनुमंडल राजबली दास, मोहन प्रसाद यादव, सुबोध कुमार, धनंजय कुमार, राकेश कुमार, प्रेमनाथ कुमार,बिट्टू कुमार, सनी कुमार, पंकज कुमार, राहुल कुमार, अवधेश कुमार,दिनेश कुमार, आनंद कुमार,सुजीत कुमार,मुकेश कुमार,पिंटू कुमार सिंह के पशु मित्रों एवं टीका कर्मी राज्य व्यापी हड़ताल का समर्थन करते हुए अपनी मांगों को दोहराया और कहा की पिछले दस वर्षो से पशु मित्र एवं टीका कर्मियों विभाग के निर्देशानुसार पशुओं के टीकाकरण संक्रामक रोगों की रोकथाम तथा विभिन्न पशु स्वास्थ्य कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहें हैं। इसके बावजूद आज तक उन्हें नियमित मासिक मानदेय अथवा स्थायी व्यावस्था का लाभ नहीं मिल सका है। इनका कहना है कि बिना निश्चित आय के लगातार कार्य करना आर्थिक रुप से कठिन होता जा रहा है। पशु मित्र का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालकों और विभाग के बीच महत्वपूर्ण कड़ी है। समय-समय पर टीकाकरण अभियान जागरुकता कार्यक्रम तथा पशु स्वास्थ्य सेवाओ का सफल बनाने में उनकी भागीदारी रहती है।

### सोनपुर मंडल में संरक्षा जागरूकता हेतु नुक्कड़ नाटक का आयोजन, लेवल क्रसिंग सुरक्षा का दिया गया संदेश

**सोनपुर (एनएसबी)** पूर्व मध्य रेल के सोनपुर मंडल में रेल संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जन-जागरूकता अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 23 जुलाई 2026 कोे ।ᑭ स्थित लेवल क्रसिंग गेट संख्या 43ᖱᖱ पर प्रभावी नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य राहगीरों, वाहन चालकों तथा रेल कर्मचारियों को लेवल क्रसिंग पर सुरक्षित व्यवहार अपनाने के प्रति जागरूक करना था। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि लेवल क्रसिंग गेट बंद होने की स्थिति में किसी भी परिस्थिति में उसे पार करने का प्रयास न करें, क्योंकि ऐसा करना स्वयं के साथ-साथ अन्य लोगों के जीवन को भी गंभीर खतरे में डाल सकता है। नाटक के माध्यम से दोपहिया एवं चारपहिया वाहन चालकों को समझाया गया कि बंद गेट को पार करने की जल्दबाजी किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। रेलवे द्वारा निर्धारित सुरक्षा नियमों का पालन करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है तथा कुछ क्षणों का धैर्य अनेक अनमोल जीवन बचा सकता है। नुक्कड़ नाटक में उपस्थित लोगों को रेलवे संरक्षा नियमों की जानकारी दी गई तथा उनसे अपील की गई कि वे स्वयं भी इन नियमों का पालन करें और अपने परिवार एवं समाज के अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें। इस जन-जागरूकता अभियान का सफल संचालन सोनपुर मंडल की संरक्षा (ैमिजल) टीम एवं स्काउट्स एवं गाइड्स टीम द्वारा किया गया। सोनपुर मंडल यात्रियों सुरक्षित रेल परिचालन के लिए सभी नागरिकों से रेलवे सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील करता है।

# कांवरियों की सुरक्षा लेकर रेल पुलिस अलर्ट, 400 से अधिक जवान तैनात

## 24 स्पेशल ट्रेनों में स्कॉट पार्टी के साथ प्लेटफॉर्म पर भी रहेगी कड़ी निगरानी

### सुल्तानगंज से देवघर तक प्रमुख रेलखंडों पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला को लेकर रेल पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापक तैयारी पूरी कर ली है। श्रद्धालुओं की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रेल जिला जमालपुर के पुलिस अधीक्षक विद्यासागर ने शुक्रवार को अपनी टीम के साथ सुल्तानगंज स्टेशन का जायजा लेने के लिए रवाना होने के दौरान जमालपुर में सुरक्षा तैयारियों की जानकारी दी।रेल एसपी ने बताया कि श्रावणी मेला के दौरान लाखों कांवरिया सुल्तानगंज से जल भरकर विभिन्न मार्गो से देवघर के लिए प्रस्थान करते हैं। श्रद्धालु अपनी सुविधा के अनुसार जिस भी रेल मार्ग या स्टेशन का उपयोग करेंगे, वहां उन्हें रेल पुलिस की ओर से व्यापक सुरक्षा उपलब्ध कराई जाएगी। पहली बार



सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रेल एसपी।

सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुढ़ करते हुए 400 से अधिक रेल पुलिस के जवानों की प्रतिनियुक्ति की गई है।उन्होंने बताया कि ये जवान 24 विशेष श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेनों में स्कट पार्टी के रूप में तैनात रहेंगे। इसके अलावा प्रमुख रेलवे स्टेशनों के प्लेटफर्म, प्रवेश और निकास द्वार सहित संवेदनशील स्थानों पर भी विशेष निगरानी रखी जाएगी। ट्रेनों में बढ़ने वाली भीड़ का फायदा उठाकर चोरी, छिनतई या अन्य आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले असामाजिक तत्वों पर रेल पुलिस की पैनी नजर रहेगी। ऐसे अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान भी चलाया जा रहा है।रेल एसपी ने बताया कि भागलपुर जमालपुर किऊल, जमुई झाझा जसीडीह सहित सुल्तानगंज से देवघर जाने वाले प्रमुख रेलखंडों के सभी महत्वपूर्ण स्टेशनों पर पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों की विशेष तैनाती की गई है। उन्होंने कहा कि श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम यात्रा और अपराधमुक्त माहौल सुनिश्चित करना रेल पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## आखिर पोस्टमार्टम रिपोर्ट में क्यों हो रही देरी शिवम हत्याकांड को आठ दिन बीत जाने के बाद भी मामले का खुलासा नहीं

**जमालपुर (मुंगेर)।** खलासी मोहल्ला मोहनपुर जमालपुर निवासी छात्र शिवम हत्याकांड को आठ दिन बीत जाने के बाद भी मामले का खुलासा नहीं होने से परिजनों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। सबसे बड़ी नाराजगी इस बात को लेकर है कि अब तक पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी परिजनों को उपलब्ध नहीं कराई गई है। उनका कहना है कि रिपोर्ट में हो रही देरी से जांच की गति भी प्रभावित हो रही है और कई सवाल अनुत्तरित बने हुए हैं।शिवम के पिता वीरेंद्र बिंद,माता सुनीता देवी और भाई अमरदीप का आरोप है कि जमालपुर पुलिस जांच को सही दिशा में आगे नहीं बढ़ा रही है। उनका कहना है कि पुलिस ने केवल शिवम के दोस्त अंकित को एक दिन हिरासत में लेकर पूछताछ की और अगले ही दिन उसे छोड़ दिया। इसके बाद जांच में कोई ठोस प्रगति सामने नहीं आई। परिजनों का दावा है कि जिस छात्रा के साथ कोचिंग में विवाद की बात सामने आई थी, उससे या उसके माता-पिता से अब तक पूछताछ नहीं की गई। उनका मानना है कि यदि पुलिस समय रहते इस पहलू पर कार्रवाई करती तो मामले का खुलासा हो सकता था।परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि मुख्य आरोपित जमालपुर छोड़ चुका है, लेकिन वह अब भी पुलिस के संपर्क में है। उनका कहना है कि यदि पुलिस गंभीरता से कार्रवाई करती तो आरोपी तक पहुंचना मुश्किल नहीं होता। फिलहाल परिवार की उम्मीद जमालपुर पुलिस से अधिक पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद के आश्वासन पर टिकी हुई है।इधर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शिवम हत्याकांड तथा थाने में परिजनों के साथ कथित गाली-गलौज और मारपीट से जुड़े वायरल वीडियो की जांच के लिए साइबर डीएसपी के नेतृत्व में विशेष जांच टीम गठित की गई है। जांच जारी है और जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने भरोसा दिलाया कि शिवम हत्याकांड का जल्द ही खुलासा किया जाएगा।



छात्र शिवम के साथ आरोपित छात्रा का फाइल फोटो।

## मुख्यमंत्री के 100 दिन पूरे होने पर जिले में आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**मुंगेर ।** मुख्यमंत्री के 100 कार्य दिवस पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित होने वाले विशेष कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर की अध्यक्षता में आज समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की सभी तैयारियों का बिंदुवार आकलन किया गया तथा सफल एवं व्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में अपर समाहर्ता मनोज कुमार, उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री के 100 कार्य दिवस पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम शासन की उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुँचाने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय



तैयारी को लेकर बैठक करते जिलाधिकारी।

के साथ निर्धारित समय-सीमा में सभी तैयारियां पूर्ण करने का निर्देश दिया।जिलाधिकारी ने सभी नोडल पदाधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का समय पर निर्वहन सुनिश्चित करने तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का आयोजन गरिमामय, सुव्यवस्थित एवं सफल होना चाहिए। इसके लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।

## हर वार्ड में लगे स्वास्थ्य शिविर तभी मिलेगी बीमारियों से राहत

### मुंगेर इमरजेंसी हस्पिटल सफियाबाद की ओर से लगाया गया जांच शिविर

**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 28 में मुंगेर इमरजेंसी हस्पिटल, सफियाबाद की ओर से निरूशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने पहुंचकर अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। चिकित्सकों की टीम ने मरीजों का ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, ईसीजी सहित अन्य आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण किए। जांच के बाद मरीजों को आवश्यक परामर्श दिया गया तथा जरूरत के अनुसार निरूशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। कुछ मरीजों को आगे के उपचार के लिए बाजार से आवश्यक दवाइयां खरीदने की सलाह दी गई।शिविर के दौरान कई ऐसे मरीज मिले जिनका रक्तचाप सामान्य से अधिक पाया गया। चिकित्सकों ने उन्हें नियमित दवा लेने, संतुलित आहार अपनाने, नमक का सीमित सेवन करने और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह दी। डक्टर दिलीप एवं शैलेश ने कहा कि शुरुआती जांच से कई गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान संभव है, जिससे उपचार आसान हो जाता है।वार्ड पार्षद राकेश तिवारी ने कहा कि इस तरह के स्वास्थ्य शिविर प्रत्येक वार्ड में नियमित रूप से आयोजित होने चाहिए, ताकि आम लोगों को घर के समीप ही स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि समय पर जांच और उचित उपचार से गंभीर बीमारियों पर नियंत्रण पाया जा सकता है तथा लोगों को स्वस्थ जीवन जीने में मदद मिलेगी। जांच में लगभग 143 लोगों का जांच किया गया जबकि स्थानीय लोगों ने भी ऐसे शिविरों के आयोजन की सराहना करते हुए इसे जनहित में महत्वपूर्ण पहल बताया।



- स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की जांच करते चिकित्सक।

## पटना में पत्रकारों पर हमले के विरोध में इंडियन जर्नलिस्ट मुजफ्फरपुर ने राज्यपाल व मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिला पदाधिकारी को सौंपा

**सोनपुर (एनएसबी)** इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन, बिहार के प्रदेश वरीय उपाध्यक्ष श्री संतोष कुमार ने 22 जुलाई 2026 को पटना में प्रदर्शन के दौरान न्यूज कवरेज कर रहे पत्रकारों के साथ हुई बदसलूकी, मारपीट एवं हमले की घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए माननीय मुख्यमंत्री, बिहार सरकार तथा माननीय राज्यपाल, बिहार के नाम एक ज्ञापन मुजफ्फरपुर के जिलाधिकारी कुमार गौरव से मिलकर सौपा गया। मौके पर मुजफ्फरपुर जिलाध्यक्ष मंजय कुमार, वरीय उपाध्यक्ष ब्रह्मदेव कुशवाहा भी साथ में मौजूद रहे। ज्ञापन में कहा गया है कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ हैं। समाचारों का निष्पक्ष संकलन एवं प्रसारण करना उनका संवैधानिक दायित्व है। कवरेज के दौरान पत्रकारों के साथ हिंसक व्यवहार न केवल उनकी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर आघात है, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों एवं स्वतंत्र पत्रकारिता के लिए भी गंभीर खतरा है। इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन ने राज्य सरकार से मांग की है कि घटना की निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच कर दोषी व्यक्तियों की पहचान करते हुए उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही घायल पत्रकारों को समुचित चिकित्सा सुविधा एवं आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाए। एसोसिएशन ने यह भी मांग की है कि भविष्य में किसी भी प्रदर्शन, आंदोलन अथवा संवेदनशील घटनाओं की कवरेज के दौरान पत्रकारों की जान-माल एवं कार्य की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए तथा पत्रकारों के साथ हिंसा एवं उत्पीड़न की घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था एवं आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। श्री संतोष कुमार ने कहा कि पत्रकारों की सुरक्षा लोकतंत्र की सुरक्षा से जुड़ा विषय है। सरकार को इस गंभीर मामले का संज्ञान लेते हुए त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि पत्रकार निर्भीक होकर अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें। वही आज इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन, मुजफ्फरपुर के जिलाध्यक्ष सह न्यूज लाईन नेटवर्क के ब्यूरो प्रमुख श्री मंजय कुमार और वरीय उपाध्यक्ष सह मौर्यध्वज एक्सप्रेस के चीफ एडिटर ब्रह्मदेव कुशवाहा को प्रदेश वरीय उपाध्यक्ष श्री संतोष कुमार के द्वारा संगठन का परिचय पत्र पहनाकर सम्मानित किया गया। ज्ञापन की प्रतिलिपि आवश्यक कार्रवाई एवं सूचनार्थ प्रेस काउंसिल अफ इंडिया, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, मुख्य सचिव, बिहार तथा पुलिस महानिदेशक (डीजीपी), बिहार को भी प्रेषित की गई है। इस अवसर पर मुजफ्फरपुर जिलाध्यक्ष मंजय कुमार,जिला वरीय उपाध्यक्ष ब्रह्मदेव कुशवाहा, मिर्जा मेंहदी अब्बास, सुशील कुमार, जूही कुमारी, राहुल राणा, उमाशंकर गिरी, अजीत कुमार मौजूद रहे।



जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपते इंडियन जर्नलिस्ट

# स्टेशन पर बढ़ेंगी सुविधाएं,प्लेटफॉर्म व पिट लाइन विस्तार की तैयारी तेज

## कोलकाता के डिप्टी चीफ सीओएम चंद्रशेखर सैनी ने किया निरीक्षण

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** पूर्व रेलवे के कोलकाता मुख्यालय से आए डिप्टी चीफ सीओएम कोचिंग चंद्रशेखर सैनी ने शुक्रवार को जमालपुर स्टेशन का विस्तृत निरीक्षण किया।अपने एकदिवसीय दौरे के दौरान उन्होंने स्टेशन की मौजूदा परिचालन व्यवस्था का जायजा लेने के साथ भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए प्लेटफर्म एवं पिट लाइन के विस्तार की संभावनाओं पर अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की।जमालपुर स्टेशन पहुंचने पर स्टेशन प्रबंधक दीपक कुमार ने उनका स्वागत किया। इसके बाद स्टेशन के विभिन्न विभागों के सुपरवाइजरों के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसमें रेल परिचालन, यात्री सुविधाओं, कोचिंग संचालन तथा भविष्य की विकास योजनाओं पर विस्तार से मंथन हुआ। बैठक में अधिकारियों ने स्टेशन की वर्तमान



निरीक्षण करते डिप्टी चीफ सीओएम कोलकाता।

स्थिति और बढ़ते रेल परिचालन के अनुरूप आवश्यक संसाधनों के विकास संबंधी सुझाव भी दिए।बैठक के उपरांत डिप्टी चीफ सीओएम ने लोको स्थित पिट लाइन, आरआरआई, प्रस्तावित नए कोचिंग डिपो तथा माल गोदाम क्षेत्र की पिट लाइन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपलब्ध संसाधनों और भविष्य की जरूरतों का आकलन किया। उन्होंने कहा कि जमालपुर स्टेशन का महत्व लगातार बढ़ रहा है, ऐसे में प्लेटफर्मो की संख्या बढ़ाने और पिट लाइन का विस्तार करने की दिशा में गंभीरता से योजना बनाई जा रही है। इससे ट्रेनों के परिचालन में सुविधा होगी, समयबद्ध संचालन सुनिश्चित होगा तथा यात्रियों को भी बेहतर सेवाएं मिल सकेंगी।उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक तकनीकी बिंदुओं का अध्ययन कर प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान स्टेशन प्रबंधक दीपक कुमार, सीएचआई मुकेश कुमार, सुपरवाइजर शशि,सबरेश भगत, एसक़े भारती सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद जमालपुर स्टेशन की आधारभूत संरचना और परिचालन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल के लिए विधानसभा में गूंजी आवाज

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी और इससे प्रभावित हो रही स्वास्थ्य सेवाओं का मुद्दा अब बिहार विधानसभा तक पहुंच गया है। बाढ़ के विधायक ड़ सियाराम सिंह ने विधानसभा की कार्यवाही के दौरान बिहार विधानसभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली-23(क) के अंतर्गत शून्यकाल में इस अत्यंत लोकमहत्वपूर्ण विषय को प्रमुखता से उठाते हुए सरकार का ध्यान आष्ट कराया।विधायक ड़ सियाराम सिंह ने सदन में कहा कि पटना जिले के बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल में प्रतिनियुक्त विशेषज्ञ चिकित्सकों की लगातार अन्यत्र प्रतिनियुक्ति किए जाने के कारण अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था प्रभावित हो रही है। इसका सीधा असर उन हजारों मरीजों पर पड़ रहा है, जो प्रतिदिन इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचते हैं। विशेषज्ञ चिकित्सकों की अनुपलब्धता के कारण मरीजों को अपेक्षित चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पा रही है और उन्हें मजबूर होकर पटना या अन्य बड़े अस्पतालों का रुख करना पड़ता है।उन्होंने सरकार से मांग की कि बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल में कार्यरत विशेषज्ञ चिकित्सकों की अन्यत्र प्रतिनियुक्ति तत्काल समाप्त की जाए तथा उन्हें स्थायी रूप से इसी अस्पताल में पदस्थापित किया जाए, ताकि क्षेत्र की जनता को गुणवत्तापूर्ण एवं समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सके।विधायक ने सदन में यह भी कहा कि बाढ़ अनुमंडल और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की बड़ी आबादी इस अस्पताल पर निर्भर है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए पटना जाकर इलाज कराना आसान नहीं होता। ऐसे में यदि स्थानीय अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध रहें तो गंभीर मरीजों को समय पर इलाज मिल सकेगा और अनावश्यक आर्थिक बोझ से भी राहत मिलेगी।ड़ सियाराम सिंह ने कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते क्षेत्र की जनता की समस्याओं को विधानसभा तक पहुंचाना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क और बुनियादी सुविधाओं से जुड़े मुद्दों को वे लगातार सरकार के समक्ष उठाते रहे हैं। बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता भी क्षेत्र की जनता से सीधे जुड़ा विषय है, जिस पर सरकार को शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेना चाहिए।स्थानीय लोगों का भी मानना है कि यदि विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियमित और स्थायी तैनाती सुनिश्चित हो जाए तो अनुमंडलीय अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार आएगा तथा मरीजों को बेहतर इलाज के लिए बाहर जाने की मजबूरी काफी हद तक समाप्त हो जाएगी।

### हथियारबंद नकाबपोशों ने परिवार को बंधक बनाकर लाखों के जेवरात लूटे

#### बुढ़नीचक गांव में सुबह-सुबह वारदात से दहशत, मारपीट कर घर में मचाया तांडवय पुलिस हर पहलू से कर रही जांच

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ थाना क्षेत्र में अपराधियों के बढ़ते दुस्साहस का एक और मामला सामने आया है। बाढ़ रेलवे स्टेशन के समीप स्थित बुढ़नीचक (बुधनउद्दीन चक) गांव में सोमवार की सुबह दिनदहाड़े हथियारबंद नकाबपोश बदमाशों ने एक घर में धावा बोलकर परिवार को बंधक बना लिया और लाखों रुपये मूल्य के जेवरात व अन्य कीमती सामान लूटकर फरार हो गए। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है, जबकि सूचना मिलते ही बाढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई।जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 7रू30 बजे कई नकाबपोश अपराधी चयचंद्र नामक व्यक्ति के घर में घुस गए। पीड़ित परिवार का आरोप है कि बदमाशों ने हथियार के बल पर पूरे परिवार को अपने कब्जे में ले लिया। विरोध करने पर घर के सदस्यों के साथ मारपीट की गई तथा उन्हें भयभीत कर घर में रखे अलमारी और बक्सों की तलाशी ली गई।परिजनों के अनुसार, बदमाश करीब 15 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात, नकदी और अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गए। हालांकि लूटे गए सामान की वास्तविक कीमत का आकलन पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।घटना की सूचना मिलते ही बाढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है तथा घटना के विभिन्न पहलुओं की जांच की जा रही है। घटनास्थल से मिले संभावित साक्ष्यों के आधार पर अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पीड़ित परिवार के बयान दर्ज किए जा रहे हैं तथा मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। जांच पूरी होने के बाद ही घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी।दिनदहाड़े हुई इस वारदात ने स्थानीय लोगों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ा दी है। ग्रामीणों का कहना है कि सुबह के समय इस तरह की दुस्साहसी घटना ने इलाके में भय का माहौल पैदा कर दिया है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से शीघ्र अपराधियों की गिरफ्तारी तथा क्षेत्र में गश्ती बढ़ाने की मांग की है। फिलहाल पुलिस का कहना है कि मामले की हर बिंदु पर जांच की जा रही है और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### गंगा स्नान बना काल : दो किशोरों की डूबने से दर्दनाक मौत

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** पटना जिले के हाथीदह थाना क्षेत्र अंतर्गत दरियापुर गांव में शुक्रवार की सुबह गंगा ान के दौरान एक दर्दनाक हादसे में दो किशोरों की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसर गया। एक साथ दो किशोरों की असमय मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दरियापुर वार्ड संख्या-7 निवासी मो. जयद (14 वर्ष) और मो़ रेहान शुक्रवार की सुबह गंगा नदी में ान करने गए थे। ान के दौरान दोनों किशोर गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक दोनों पानी में समा चुके थे।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग बड़ी संख्या में घटनास्थल पर जुट गए। काफी मशक्कत के बाद दोनों किशोरों को नदी से बाहर निकाला गया। हालांकि, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मां-बाप और स्वजन का विलाप सुनकर मौके पर मौजूद लोगों की आंखें भी नम हो गईं।सूचना पर हाथीदह थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी लेते हुए आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है तथा नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।इस दर्दनाक हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने गंगा घाटों पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम, गहरे पानी वाले क्षेत्रों की पहचान तथा सावधानी संबंधी चेतावनी बोर्ड लगाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।एक ही गांव के दो किशोरों की एक साथ हुई मौत ने पूरे दरियापुर को गहरे सदमे में डाल दिया है। गांव में हर ओर शोक का माहौल है और लोग ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति तथा शोकाकुल परिवारों को इस असहनीय दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना कर रहे हैं।

### ट्रक और पिकअप से 14 लाख की अवैध शराब जब्त

**फतुहा ।**थाना क्षेत्र के भिखुआ के समीप शुक्रवार की सुबह मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर अवैध शराब की एक बड़ी खेप बरामद की है। कार्रवाई के दौरान विभाग की टीम ने मौके से एक ट्रक और एक पिकअप वाहन को जब्त किया है। दोनों वाहनों की तलाशी लेने पर विभिन्न नामी ब्रांडों की भारी मात्रा में विदेशी शराब और बीयर बरामद हुई। जब्त की गई शराब की अनुमानित बाजार कीमत लगभग 14 लाख रुपये बताई जा रही है। छापेमारी अभियान का नेतृत्व मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग के इंस्पेक्टर नरेंद्र कुमार कर रहे थे। हालांकि, कार्रवाई की भनक लगते ही शराब कारोबारी और तस्कर पुलिस बल को चकमा देकर मौके से फरार होने में सफल रहे। घटना के संबंध में बताया जाता है कि विभाग को भिखुआ के पास वाहनों से शराब की बड़ी खेप उतारे जाने या आगे भेजे जाने की गुप्त जानकारी मिली थी। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर नरेंद्र कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन कर बताए गए स्थल पर तुरंत घेराबंदी की गई। पुलिस टीम को देखकर तस्कर वाहन छोड़कर भाग निकले। उत्पाद विभाग की टीम ने दोनों वाहनों समेत पूरी शराब को अपने कब्जे में ले लिया है। इंस्पेक्टर नरेंद्र कुमार के अनुसार मामले में अज्ञात शराब तस्करों और वाहन मालिकों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। फरार तस्करों की पहचान और उनकी गिरफ्तारी के लिए आसपास के इलाकों में संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। साथ ही जब्त वाहनों के निबंधन संख्या के आधार पर उनके मालिकों का पता लगाया जा रहा है।



भोजपुर के बिठौली गांव में पुलिस के कथित इनकाउंटर में मारे गए भरत भूषण तिवारी के परिजनों ने शुक्रवार को राजधानी पटना स्थित मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात की। इस दौरान परिजनों ने भरत भूषण तिवारी के कथित इनकाउंटर में शामिल पुलिस पदाधिकारियों और जवानों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने और न्याय दिलाने की मांग की। बाद में मुख्यमंत्री ने भरत भूषण तिवारी के परिजनों के साथ अपनी तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा करते हुए लिखा कि स्वर्गीय भरत तिवारी जी के परिवार को न्याय मिलेगा।

## भरत तिवारी मामले में एसपी कार्यालय का घेराव आज

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** पुलिस एनकाउंटर में कथित तौर पर मारे गए बिलौटी गांव निवासी भरत भूषण तिवारी के परिजन अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कल एसपी कार्यालय का घेराव करेंगे। मृतक के छोटे भाई चंदन तिवारी ने बताया कि सुबह नौ बजे एसपी आवास के समीप प्रदर्शन करते हुए घेराव किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नामजद दोषी पुलिसकर्मियों की शीघ्र गिरफ्तारी तथा भरत तिवारी का मोबाइल परिवार को सौंपने की मांग है। उन्होंने कहा कि जब तक न्याय नहीं मिलेगा तब तक परिवार का आंदोलन जारी रहेगा।

## बीस सूत्री समिति की बैठक में कई विभागों के अधिकारी रहे गैर हाजिर

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में शुक्रवार को प्रखंड बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक प्रखंड अध्यक्ष अंकित पांडे की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई तथा विभागवार प्रगति की जानकारी ली गई।

बैठक के दौरान कई विभागों के पदाधिकारी अनुपस्थित रहे। इसके कारण संबंधित विभागों की योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा नहीं हो सकी। इस पर बीस सूत्री अध्यक्ष अंकित पांडे सहित समिति के सदस्यों ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि अगली बैठक में सभी विभागों के



पदाधिकारियों की उपस्थिति हर हाल में सुनिश्चित की जाए, ताकि योजनाओं की प्रभावी समीक्षा हो सके। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी शत्रुंजय कुमार सिंह, बीस सूत्री समिति के उपाध्यक्ष हीरालाल गुप्ता, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी शंभु कुमार प्रसाद सहित समिति के सदस्य एवं विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### विधानसभा में गूंजा रतनपुरा की जर्जर सड़क का मामला

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** शाहपुर प्रखंड के रतनपुरा गांव की जर्जर मुख्य संपर्क सड़क और जल-निकासी की समस्या का मामला बिहार विधानसभा में गूंजा। स्थानीय विधायक राकेश रंजन के तारांकित प्रश्न के जवाब में पंचायती राज विभाग ने स्वीकार किया कि सड़क जर्जर है तथा जल-निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) के तहत सड़क और नाला निर्माण कराने का आश्वासन दिया। विधायक ने पूछा था कि शाहपुर प्रखंड के रतनपुर गांव की मुख्य संपर्क सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है। जल-निकासी की व्यवस्था नहीं होने से नाली का गंदा पानी सड़क पर बहता रहता है। पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश की ओर से दिए गए विभागीय उत्तर में कहा गया कि जिला पदाधिकारी, भोजपुर ने 18 जुलाई, 2026 की रिपोर्ट में रतनपुर गांव की समस्या की पुष्टि की है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) के तहत जर्जर मुख्य संपर्क सड़क तथा जल-निकासी के लिए नाला निर्माण कराया जाएगा।

### 100 दिन पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राज्यस्तरीय कार्यक्रम आज

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार सरकार के 100 दिन पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 25 जुलाई को पटना में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम का जिला मुख्यालय से लेकर प्रखंड एवं पंचायत स्तर तक सीधा प्रसारण किया जाएगा। जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में समाहरणालय में समीक्षा बैठक में राज्यस्तरीय कार्यक्रम के सीधा प्रसारण, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन, सम्मान समारोह तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि पटना में आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला मुख्यालय के साथ-साथ सभी प्रखंडों एवं पंचायतों में निर्धारित स्थलों पर सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन सरकार के प्रथम 100 दिनों में किए गए विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी पहलों से सीधे जुड़ सकें।

### सदर अस्पताल से चोरी करते दो पकड़ाये

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** सदर अस्पताल परिसर के पुराने इमरजेंसी वार्ड से समान चोरी कर भाग रहे दो चोरों को सुरक्षाकर्मियों ने रंगेहाथ दबोच लिया। उनके पास से चोरी का सामान भी बरामद हुआ। चोरों में मुफस्सिल थाना के बभनौली गांव निवासी पुत्र सोनू कुमार एवं उसी गांव के पप्पू कुमार शामिल हैं।

### नदी में छलांग लगाने वाले किशोर का नहीं मिला शव

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** गजराजगंज ओपी क्षेत्र के अखियारपुर (बड़का गांव) में बच्चों के बीच खेल के दौरान नदी में छलांग लगाने वाले किशोर के शव का पता नहीं चल पाया है। एसडीआरएफ की टीम ने दूसरे दिन भी सघन अभियान चलाया। एसडीआरएफ के तलाशी अभियान को देखने के लिए पुल के दोनों और काफी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी रही। लापता किशोर गजराजगंज ओपी क्षेत्र के बखियारपुर बड़का गांव निवासी अजय पासवान का 15 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार है।

### सरकारी भूमि से हटाया गया अतिक्रमण

**कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)।** पटना उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में अंचल कार्यालय, कोईलवर ने सरकारी भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई संपन्न की। यह कार्रवाई स्थानीय निवासी रमेश सिंह द्वारा दायर वाद के आलोक में की गई। अंचलाधिकारी उदय प्रताप सिंह के नेतृत्व में मौजा पचौना, थाना गिद्धा, खाता संख्या 234 एवं खेसरा संख्या 725 स्थित सरकारी भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराया गया। उक्त सरकारी भूमि पर बीरबल सिंह एवं भगवान सिंह ने अवैध अतिक्रमण किया था।

### शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी में दिव्यांग बच्चों पर होगी चर्चा

**पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** सरकारी विद्यालयों में शनिवार को आयोजित होने वाले शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का थीम होगा समावेशी शिक्षा : हमारा हर बच्चा महत्वपूर्ण। इसके तहत शिक्षक अभिभावक गोष्ठी में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के अभिभावक को अनिवार्य रुप से आमंत्रित करने का निर्देश दिया गया है। गोष्ठी में समावेशी शिक्षा की मुख्य अवधारणा जैसे-विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की पढ़ाई हेतु शुरु की गई सरकारी योजनाएं, समावेशी शिक्षा अंतर्गत संचालित गतिविधियों, विद्यालय की मौलिक सुविधाओं व दिव्यांग बच्चों से संबंधित अधिकार पर चर्चा की जाएगी। डीपीओ प्रारंभिक शिक्षा व सर्व शिक्षा अभियान राहुल रंजन ने समावेशी शिक्षा अंतर्गत संचालित गतिविधियों व योजनाओं की जानकारी अभिभावकों को देने के लिए निर्देशित किया है।

### पंचायतों में रविवार को मनेगा पंचायत विकास दिवस

**आरा/पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** ग्राम पंचायत के निर्वाचित प्रतिनिधियों, ग्राम सभा के सदस्यों, महिलाओं, युवाओं व अन्य हितधारकों की भागीदारी व उनके बीच सार्थक संवाद से संबंधित उद्देश्यों की पूर्ति करने,विकास की किरण को आम ग्रामीणों तक पहुंचाने व सतत विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने के साथ-साथ विकास कार्यक्रम में सभी नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित कराने हेतु प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को सभी ग्राम पंचायतों में विकास दिवस का आयोजन किया जाना है। जिले की 226 पंचायतों में जुलाई महीने के अंतिम रविवार 26 जुलाई को यह आयोजन होगा।

### ट्रक ने सवारियों से भरी बस में मारी टक्कर

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** टाउन थाना क्षेत्र के बाईपास रोड सपना सिनेमा मोड़ के समीप शुक्रवार की सुबह ट्रक ने सवारियों से भरी बस में टक्कर मार दी। हादसे में बस चालक समेत आधा दर्जन लोग जख्मी हो गए।

### बर्थडे पार्टी में तमंचा लहराना पड़ा महंगा, युवक गिरफ्तार

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** पवना थाने के पवना गांव में बर्थडे पार्टी में अवैध हथियार लहरा रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से देशी कट्टा एवं जिंदा कारतूस बरामद किया गया। वह पवना थाना क्षेत्र के पवना गांव का निवासी पप्पू कुमार है। पुलिस अधीक्षक राज ने बताया कि पवना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पवना गांव निवासी छठु राम की नातिन आराध्या कुमारी का बर्थडे पार्टी मनाया जा रहा है। जिसमें छोटू राम का भतीजा अवैध हथियार लहरा रहा है जिससे लोगों में दहशत का माहौल है।

### ठनका गिरने से बुजुर्ग महिला की मौत, दो घायल

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** संदेश थाना क्षेत्र के दलेलगंज बधार में शुक्रवार की दोपहर ठनका गिरने से बुजुर्ग महिला की ही मौत हो गई। जबकि उसी गांव की एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। मृतका संदेश थाना क्षेत्र के पंडुरा रामपुर गांव निवासी गबुधन राम की 61 वर्षीया पत्नी बलेरिया देवी है। घायलों में विनय राम की 44 वर्षीया पत्नी लाखो देवी एवं बिजेंदर पासवान की 45 वर्षीया पत्नी तीरा देवी है।

### अपर समाहर्ता द्वारा जन संवाद

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिला पदाधिकारी के निर्देशानुसार जीवन जीने में आसानी अभियान के अंतर्गत अपर समाहर्ता शशि शेखर ने जन संवाद आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्राप्त विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों एवं आवेदनों की सुनवाई करते हुए अपर समाहर्ता ने संबंधित पदाधिकारियों को सभी मामलों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# 55 लाख की पकड़ी गयी शराब, दो तस्कर गिरफ्तार

दैनिक नवसंदेश

**दस चक्का कंटेनर से जारी है शराब की तस्करी**



**कंटेनर से 4449 लीटर विदेशी शराब बरामद, चंडीगढ़ से लायी जा रही थी शराब**

**सहायक आयुक्त मद्य निषेध ने कहा-जिलाधिकारी के निर्देशन में जारी रहेगा अभियान**

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया के आदेश पर मद्यनिषेध विभाग द्वारा जिले में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार छापेमारी एवं वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में सहायक आयुक्त मद्यनिषेध रजनीश कुमार को गुप्त सूचना मिली कि चंडीगढ़ की ओर से कंटेनर द्वारा भारी मात्रा में विदेशी शराब बिहार लायी जा रही थी। सहायक आयुक्त मद्यनिषेध द्वारा निरीक्षक अनिल कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। इसी क्रम में वाहन जांच के क्रम में बक्सर-पटना फोरलेन पर बिहिया थाना क्षेत्र के बिहियां चौरास्ता मोड़ के पास से एक दस चक्का कंटेनर से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद किया गया। वाहन पर यूपी का निबंधन संख्या अंकित पाया गया। टीम ने मौके से वाहन के चालक पंजाब के गुरदासपुर जिले के बटाला थाना अंतर्गत हाउस नंबर-297-5, अरबन स्टेट लेबर कलोनी निवासी स्व् प्रेम सिंह का पुत्र नव ज्योति सिंह एवं उसी थाना क्षेत्र के तलवंडी निवासी बक्सिस सिंह का पुत्र हरप्रीत सिंह को गिरतार कर लिया। दोनों को अग्रतर कार्रवाई हेतु न्यायालय को सुपुर्द कर दिया गया। उक्त वाहन से 13776 पीस में 4448880 लीटर विदेशी शराब जप्त किया गया। जप्त शराब का बाजार मूल्य करीब 55 लाख रुपये आँका गया। जप्त शराब को चंडीगढ़ से बिहार में लायी जा रही थी। छापेमारी दल में निरीक्षक अनिल कुमार, सहायक अवर निरीक्षक मदन लाल यादव एवं सहायक अवर निरीक्षक राणा विकास कुमार के साथ-साथ मद्यनिषेध सिपाही, सैप और होमगार्ड के जवान शामिल थे। सहायक आयुक्त श्री रजनीष ने बताया कि जिलाधिकारी के सतत् निर्देषन में की जा रही छापेमारी में प्रषासन के सहयोग एवं समन्व से यह उपलब्धि हासिल हुई है।

## डीएम-एसपी ने किया आरा रेलवे स्टेशन का निरीक्षण



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिला पदाधिकारी, तनय सुल्तानिया एवं पुलिस अधीक्षक, श्री राज ने विधि-व्यवस्था संधारण के.ष्टिकोण से आरा रेलवे स्टेशन का संयुक्त निरीक्षण किया। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान रेलवे स्टेशन परिसर, प्रवेश एवं निकास मार्गो, प्लेटफर्म तथा अन्य संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई। प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को सतर्क एवं सक्रिय रहकर विधि-व्यवस्था बनाए रखने तथा किसी भी अप्रिय स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के निर्देश दिया गया है। जिला प्रशासन ने आमजन से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। साथ ही स्पष्ट किया गया कि जिले में विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त प्रशासनिक एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है।

## पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च, शांति की अपील

**कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)।** संभावित छात्र आंदोलन और बंद के मद्देनजर कोईलवर थाना क्षेत्र में पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से शुक्रवार को पुलिस ने लैग मार्च निकालकर लोगों से सहयोग और आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की। एसडीपीओ सदर-2 रणजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में आयोजित लैग मार्च में कोईलवर थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र, अपर थानाध्यक्ष सुभाष कुमार मंडल, क्यूआरटी बल, थाना रिजर्व तथा अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। लैग मार्च के दौरान पुलिस टीम ने कोईलवर बाजार, प्रमुख चौक-चौराहों, रेलवे स्टेशन और अन्य संवेदनशील स्थानों का भ्रमण किया। इस दौरान अधिकारियों ने लोगों से अफवाहों से बचने, शांति बनाए रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। एसडीपीओ सदर-2 रणजीत कुमार सिंह ने कहा, क्षेत्र में कानून-



व्यवस्था बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी व्यक्ति को शांति भंग करने या अफवाह फैलाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। आम नागरिक निडर होकर अपने दैनिक कार्य करें और किसी भी संदिग्ध सूचना की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। वहीं, कोईलवर थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र ने बताया कि थाना क्षेत्र में स्थिति पूरी तरह सामान्य और शांतिपूर्ण है। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस की विशेष निगरानी रखी जा रही है तथा किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात हैं। उन्होंने लोगों से प्रशासन का सहयोग करने और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

## 52.56 करोड़ की बोल्डर पिचिंग पर गंगा का पानी भारी

**गंगा बढ़ी, डूबने लगा कटाव निरोधी कार्य 31 जुलाई की डेडलाइन पर संकट**

**800 मजदूरों की जगह 200 के भरोसे अटका प्रोजेक्ट**

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** जवइनिया गांव के समीप गंगा नदी के तट पर चल रहे कटाव निरोधी कार्य की रफ्तार नहीं बढ़ सकी। करीब 1200 मीटर लंबाई में हो रहे बोल्डर पिचिंग कार्य के पूर्वी छोर पर लगभग 300 मीटर हिस्सा अब भी अधूरा है। गंगा के लगातार बढ़ते जलस्तर के कारण निर्माणाधीन पार्कोपाइन संरचनाएं पानी में डूबने लगी हैं जबकि बेसमेंट में किया गया कार्य भी पूरी तरह जलमग्न हो चुका है।

ग्रामीणों का कहना है कि विभाग द्वारा तय की गई 31 जुलाई की समय-सीमा के भीतर कार्य पूरा होना अब संभव नहीं दिख रहा है। लोगों का आरोप है कि संवेदक की मनमानी और अधिकारियों की उदासीनता के कारण करोड़ों रुपए पानी में डूब रहे हैं। विभाग के प्रधान सचिव, उड़नदस्ता टीम और डीएम द्वारा संवेदक को स्पष्ट निर्देश दिया था कि श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर 800 की जाए। ताकि बाढ़ से पहले कार्य पूरा हो सके। श्रमिकों की कमी का मुद्दा विधायक राकेश रंजन ने विधानसभा में उठाया। बावजूद मजदूरों की संख्या 200 से नहीं बढ़ाई गई।

कार्य की धीमी गति को लेकर शिकायत करने वाले जनप्रतिनिधियों को भी संवेदक चुनौती देता रहा। उड़नदस्ता टीम ने निर्माण सामग्री के नमूने जांच के लिए लिए थे। करीब 70 प्रतिशत कार्य पूरा होने के बाद भी जांच रिपोर्ट अब तक सार्वजनिक नहीं की गई। परियोजना पर 52.56 करोड़ रुपए खर्च का प्रावधान है। लेकिन धीमी प्रगति और बढ़ते जलस्तर ने इसकी गुणवत्ता एवं पूर्णता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## शाहपुर नगर पंचायत वार्ड पार्षद विवाद चार माह में निपटारा करने का निर्देश

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** शाहपुर नगर पंचायत के मुख्य पार्षद विवाद मामले में पटना हाईकोर्ट ने राज्य निर्वाचन आयोग को लंबित अपील का शीघ्र निपटारा करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति ए अभिषेक रेड्डी की एकल पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि अपील पिछले लगभग दो वर्षों से लंबित है। आयोग कानून के अनुसार यथाशीघ्र अधिमानतः आदेश की प्रति प्राप्त होने की तिथि से चार माह के भीतर इसका निष्पादन करे। मामला शाहपुर नगर पंचायत की मुख्य पार्षद जुगनू देवी द्वारा दायर सिविल रिट से संबंधित है। याचिका में राज्य सरकार, राज्य निर्वाचन आयोग, जिला प्रशासन समेत अन्य पक्षकारों को प्रतिवादी बनाया गया था। हाई कोर्ट में नगर पंचायत के अधिवक्ता अभय कुमार पांडे ने बताया कि नगर पंचायत के वार्ड संख्या नौ व चार के दो व्यक्तियों द्वारा मुख्यपार्षद पर कई आरोप लगाते हुए सदस्यता समाप्त करने की अपील राज्य निर्वाचन आयोग से की गयी है।

## राजद नेता मनोज सिंह ने पीड़ित परिवार से मिलकर दी सांत्वना

**उदवंतनगर (दैनिक नवसंदेश)।** मसाढ़ गांव में पिछले सप्ताह हुई प्रीतम सिंह की निर्मम हत्या के बाद आज राजद के प्रदेश महासचिव मनोज सिंह ने मृतक के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। सिंह ने कहा कि घटना के कई दिन बीत जाने के बाद भी अब तक वरीय पुलिस अधिकारियों का मृतक के परिवार से मिलने नहीं पहुंचना प्रशासन की संवेदनहीनता को दर्शाता है। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना प्रशासन की जिम्मेदारी है और दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाना चाहिए। उन्होंने मांग की कि हत्याकांड की निष्पक्ष जांच कर सभी आरोपियों को अविलंब गिरफ्तार किया जाए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई तो राजद कार्यकर्ताओं एवं आम जनता के साथ मिलकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान व्यवस्था में आम जनता की समस्याओं की



अनदेखी हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन आम लोगों की सुरक्षा के बजाय माफियाओं के दबाव में काम कर रहा है। मौके पर राकेश सिंह (मुखिया), भरत सिंह, संजय सिंह, आकाश पासवान, राजेश सिंह, मिथिलेश सिंह, प्रिंस सिंह, दामोदर सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल थे। सभी ने मृतक परिवार को न्याय दिलाने और दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की।

## अर्थव्यवस्था की मजबूती कृषि, एमएसएमई व रिटेल क्षेत्रों पर आधारित

**पीएनबी आरा मंडल का एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम आयोजित**

**विभिन्न ऋण योजनाओं के अंतर्गत कुल 244 लीड जेनरेट**

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** पंजाब नैशनल बैंक, आरा मंडल द्वारा रिटेल, कृषि एवं एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन होटल आरा ग्रांड में किया गया। अध्यक्षता मंडल प्रमुख उत्पल कुमार द्वारा की गई। क्लस्टर अप्रोच के अंतर्गत यह कार्यक्रम एक साथ आरा, बक्सर, बिहिया, गिद्धा, भभुआ, कुदरा तथा अखोड़ी में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राहकों के साथ सीधा संवाद स्थापित कर उनकी वित्तीय आवश्यकताओं के अनुरूप बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना तथा बैंकिंग सेवाओं को ग्राहकों के निकट तक पहुँचाना था। इस दौरान विभिन्न ऋण योजनाओं के अंतर्गत कुल 244 लीड जेनरेट की कई, जिनकी अनुमानित राशि लगभग 75 करोड़ रही तथा 1350 करोड़ की स्वीति दे दी



गई। आरा में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मुख्य प्रबंधक श्रीमती स्वाति सिंह, पीएलपी प्रमुख अमित कुमार तथा एलडीएम विभूति पांडे आदि उपस्थित रहे। मंडल कार्यालय एवं विभिन्न शाखाओं के अधिकारी एवं कर्मचारी, बड़ी संख्या में किसान, उद्यमी, व्यापारी तथा सम्मानित ग्राहक उपस्थित रहे। मण्डल प्रमुख उत्पल कुमार ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था की मजबूती कृषि, एमएसएमई एवं रिटेल जैसे तीन महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर आधारित है। कृषि देश की जीवनरेखा है। एमएसएमई रोजगार सृजन एवं स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करता है तथा रिटेल बैंकिंग प्रत्येक परिवार के सपनों को साकार करने का सशक्त माध्यम है। पीएनबी का उद्देश्य केवल बैंकिंग सेवाएँ उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि प्रत्येक ग्राहक के जीवन में विश्वास, सुविधा और समृद्धि का सहभागी बनना है। कार्यक्रम के दौरान आरा मण्डल के सोहेल अहमद, प्रबन्धक, धर्मवीर कुमार, वरिष्ठ प्रबन्धक तथा पंकज कुमार गौतम द्वारा रिटेल, कृषि एवं एमएसएमई ऋण, डिजिटल बैंकिंग, सरकार प्रायोजित योजनाओं तथा अन्य बैंकिंग उत्पादों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में चयनित ग्राहकों को रिटेल, .षि, एमएसएमई हेतु ऋण स्वीति पत्र वितरित किए गए। मंच संचालन अमूल्य दर्शन, जीएडी, वरिष्ठ प्रबन्धक ने किया।

## जिलाधिकारी के जनता दरबार में 54 आवेदकों की सुनवाई

आरा (दैनिक नवसंदेश)। जिला पदाधिकारी, तनय सुल्तानिया द्वारा ईज अफ लिविंग के अंतर्गत 'जिला जनता दरबार' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल 54 आवेदकों द्वारा अपनी-अपनी समस्याएँ प्रस्तुत की गईं, जिनकी जिला पदाधिकारी ने गंभीरतापूर्वक सुनवाई की। सुनवाई के उपरांत जिला पदाधिकारी महोदय ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों पर नियमानुसार त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आवेदन का समयबद्ध एवं प्रभावी निष्पादन सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, ताकि आमजन को शीघ्र न्यायोचित राहत एवं आवश्यक सेवाओं का लाभ प्राप्त हो सके।

## संक्षिप्त खबरें

### अलकनंदा बने लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के महिला प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष , कार्यकताओं ने दी बधाई

**शहरतेलपा (एनएसबी)।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान के बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट विजन से प्रभावित होकर समाजिक कार्यकर्ता एवं भाजपा नेत्री अलकनंदा ने लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के सदस्यता ग्रहण करने के उपरांत पार्टी के महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्षा कुमारी शोभा सिन्हा ने पार्टी के प्रदेश कार्यालय पटना में अलकनंदा को अरवल जिला लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास महिला प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मनोनीत किया । इस मौके पर पार्टी के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने कहा कि अलकनंदा के पार्टी के महिला प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मनोनीत किये जाने से पार्टी को मजबूती प्रदान करने में सहयोग मिलेगा। उक्त मौके पर पार्टी के प्रदेश महासचिव सह पालीगंज विधानसभा के पूर्व एनडीए प्रत्याशी सुनील यादव, पार्टी के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन, जिला प्रधान महासचिव राजेन्द्र यादव, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख रमेश रजक, जिला उपाध्यक्ष शिवशंकर शर्मा, जिला उपाध्यक्ष रामबचन पासवान, जिला महासचिव रामानंद भगत, जिला महासचिव संजीव कुमार, जिला सचिव अमित कुमार, जिला सचिव सर्वजीत कुमार, जिला सचिव भोला पासवान, सभी प्रखंड अध्यक्ष ने बधाई दिया ।


प्रमाण पत्र लेते अलकनंदा।

### शहर तेलपा पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**शहरतेलपा (एनएसबी)।** नीट पेपर लीक के मुद्दे पर देश व्यापी हो रहे प्रोटेस्ट मे छात्रों का गुस्सा लगातार बढ़ता जा रहा है। इसको लेकर 25 जुलाई 2026,को बिहार बंद का आह्वान किया गया है।छात्र संगठनों का आरोप है कि ठएएळ पेपर लीक के विरोध में दिल्ली के जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिसिया दमन किया गया। इसी के विरोध में छात्रों और विभिन्न संगठनों ने बिहार बंद में शामिल होने की अपील की है।प्रशासन अलर्ट मोड में है,बंद को देखते हुए शहर तेलपा थाने की पुलिस द्वारा आज क्षेत्र में एहतियातन फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च का उद्देश्य ,शांति व्यवस्था बनाए रखना और किसी भी प्रकार की हिंसा/तोड़फोड़ को रोकना है।पुलिस प्रशासन का कहना है कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन की इजाजत है, लेकिन जो भी लोग कानून को हाथ में लेंगे उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। आम जनता से अपील की गई है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और प्रशासन का सहयोग करें।

### बिहार बंद को अराजक तत्वों से सावधान होकर शांतिपूर्ण व अनुशासित तरीके से कराने का आह्वान

**अरवल (एनएसबी)।** दिल्ली में चल रहे जंतर मंतर पर छात्र आंदोलन पर पुलिसिया दमन और पटना में छात्रों द्वारा राजभवन मार्च में बर्बर लाठी चार्ज एवं दर्जनों की गिरफ्तारी के खिलाफ , केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की इस्तीफा देने व बिहार में ऑनर्स में 75 प्रतिशत अंक की अनिवार्यता समाप्त करने के लिए 25 जुलाई 2026 बिहार बंद को सफल बनाने के लिए आज अरवल में नुक्कड़ सभा व प्रचार किया गया । इन्कलाबी नौजवान सभा के जिला सचिव एवं अध्यक्ष क्रमशः टुन्ना एवं शाह शाद ने बिहार बंद को अराजकता से बचने, शांतिपूर्ण व अनुशासित तरीके से सफल बनाने का अपील की है । नेताओं ने न्याय पसन्द लोगों, बुद्धजीवी लोगों से अपील है कि शांतिपूर्ण आंदोलन का समर्थन कीजिए । नीट पेपर लीक में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफा देने और ग्रामीण शिक्षा एजुकेशन को मजबूत करने, ऑनर्स में 75 % अंक की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग को लेकर छात्र पटना में प्रदर्शन कर रहे थे। जिनपर पुलिसिया दमन किया गया। दर्जनों छात्रों को गिरफ्तार किए हुए है और किसी को पता भी नही दे रहा है ।

### पॉक्सो एक्ट के अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मेहंदिया (एनएसबी)।** परासी थाना पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के एक मामले में फरार चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के लिए न्यायालय भेज दिया। पुलिस के अनुसार, परासी थाना कांड संख्या-48/24 (पॉक्सो एक्ट) के अभियुक्त भोला कुमार, पिता सुनील कुमार, निवासी ग्राम जमुहारी, थाना मेहंदिया, जिला अरवल को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में अगली कार्रवाई हेतु भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि मामले में अग्रेतर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### वाहन जांच अभियान में 6 हजार रुपये जुमार्ना वसूला

**मेहंदिया (एनएसबी)।** यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने तथा सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से कलेर थाना पुलिस द्वारा शुक्रवार की शाम थाना क्षेत्र के कलेर स्थित मुख्य सोन नहर पुल के समीप विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों की सघन जांच की गई। इस दौरान वाहनों के आवश्यक कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट, प्रदूषण प्रमाण पत्र सहित अन्य दस्तावेजों की जांच की गई। जांच के क्रम में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों से कुल 6,000 रुपये का जुमार्ना वसूला गया। वाहन जांच के कारण कुछ देर तक राहगीरों में हलचल रही, वहीं पुलिस ने नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों की सराहना भी की। इस संबंध में कलेर थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से वाहन जांच अभियान नियमित रूप से चलाया जा रहा है।

### बिहार बंद को लेकर कलेर, मेहंदिया एवं परासी पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**मेहंदिया (एनएसबी)।** शनिवार को प्रस्तावित बिहार बंद को देखते हुए कलेर प्रखंड क्षेत्र में शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। कलेर, मेहंदिया एवं परासी थाना की पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के विभिन्न संवेदनशील स्थानों पर फ्लैग मार्च निकाला गया। कलेर थाना पुलिस द्वारा कलेर बाजार एवं आसपास के इलाकों में फ्लैग मार्च किया गया, जबकि मेहंदिया थाना पुलिस ने मेहंदिया बाजार सहित प्रमुख मार्गों पर मार्च निकालकर लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। वहीं परासी थाना पुलिस द्वारा परासी, सकरी सहित अन्य क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व मेहंदिया थाना अध्यक्ष मनोरंजन कुमार, कलेर थाना अध्यक्ष अमित कुमार एवं परासी थाना अध्यक्ष मोहम्मद सिराज ने किया।इस दौरान थाना अध्यक्षों ने कहा कि बिहार बंद के दौरान किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह तैयार है।

### गोपालगंज बाजार के देवी मंदिर में नौ दिवसीय अखंड 'सीताराम जय सीताराम' संकीर्तन का समापन

**घोषी (जहानाबाद) ।** गोपालगंज बाजार स्थित देवी मंदिर परिसर में आयोजित नौ दिवसीय अखंड 'सीताराम जय सीताराम' संकीर्तन का शुक्रवार को वैदिक विधि-विधान के साथ श्रद्धापूर्वक समापन हो गया। नौ दिनों तक चले इस धार्मिक आयोजन से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा। समापन अवसर पर अखंड संकीर्तन की पूणार्हुति के बाद विधिवत हवन-पूजन एवं कन्या-पूजन संपन्न हुआ। इसके उपरांत आयोजित विशाल महाप्रसाद (भंडारा) में लगभग पाँच हजार श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। आयोजन के दौरान प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने संकीर्तन, पूजा-अर्चना एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठानों में उत्साहपूर्वक भाग लिया।



# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत सेविकाओं के बीच सखी वार्ता का आयोजन

**अरवल (एनएसबी)** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत संचालित जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ विमेन अरवल द्वारा करपी प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत आंगनबाड़ी सेविकाओं के साथ सखी वार्ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सेविकाओं को महिला सशक्तिकरण, बालिका शिक्षा, लिंगानुपात में सुधार एवं कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम के प्रति जागरूक करना था। सखी वार्ता के दौरान जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस सह नोडल पदाधिकारी महिला एवं बाल विकास निगम अरवल एवं मिशन शक्ति के जिला मिशन समन्वयक धीरेन्द्र कुमार ने सेविकाओं को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना की विस्तृत जानकारी दी। सेविकाओं से अपने-अपने क्षेत्र में बालिकाओं को योजनाओं से जोड़ने की अपील की गई।

## जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा पर दी गई जानकारी


सखी वार्ता में भाग लेती आंगनवाड़ी सेविका।

कार्यक्रम में जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा को लेकर भी विशेष जागरूकता सत्र चलाया गया। जिसमें सेविकाओं को परिवार नियोजन के महत्व, छोटे परिवार के लाभ, बाल विवाह के दुष्प्रभाव एवं किशोरियों के स्वास्थ्य के बारे में बताया गया। डीपीओ आईसीडीएस द्वारा सेविकाओं को निर्देश दिया गया कि वे अपने आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से नवविवाहित दंपतियों एवं गर्भवती महिलाओं को परिवार नियोजन की जानकारी दें। इस दौरान उपस्थित सेविकाओं एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं को बालिका शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस मौके पर डीपीओ आईसीडीएस श्रीमती माला कुमारी ने कहा कि सेविकाएं समाज और सरकार के बीच की कड़ी हैं। बेटियों को शिक्षित और सशक्त बनाकर ही हम लैंगिक समानता और जनसंख्या नियंत्रण का लक्ष्य हासिल कर सकते हैं।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी सेविकाएं एवं विभाग के कर्मी उपस्थित रहे।

## बिहार बंद से पहले अरवल प्रशासन ने निकाला गया सघन फ्लैग मार्च


फ्लैग मार्च निकालते पुलिस।

**कुर्था (एनएसबी)।** नीट पेपर लीक मामले को लेकर विभिन्न छात्र संगठनों द्वारा आहूत बिहार बंद के मद्देनजर अरवल पुलिस पूरी तरह सतर्क नजर आई। पुलिस अधीक्षक डॉ. नवजोत सिमी के निर्देश पर कुर्था एवं मानिकपुर थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से क्षेत्र में सघन फ्लैग मार्च निकालकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और आम लोगों में विश्वास का माहौल बनाया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व कुर्था थानाध्यक्ष चंदन कुमार झा व मानिकपुर थानाध्यक्ष स्मिता उपाध्याय ने किया। इस दौरान पुलिस बल बाजारों, प्रमुख चौक-चौराहों, बस स्टैंड, संवेदनशील स्थलों एवं मुख्य मार्गों से होकर गुजरा। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से शांति, सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने की अपील करते हुए किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान नहीं देने का आग्रह किया। कुर्था थानाध्यक्ष चंदन कुमार झा ने बताया कि बिहार बंद के आह्वान को देखते हुए पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में है। क्षेत्र में लगातार गश्त की जा रही है तथा असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था भंग करने या आम जनजीवन बाधित करने की कोशिश करने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं मानिकपुर थानाध्यक्ष स्मिता उपाध्याय ने कहा कि क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पुलिस लगातार गश्त कर रही है और हर स्थिति पर नजर बनाए हुए है। उन्होंने आम नागरिकों से पुलिस का सहयोग करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल स्थानीय थाना या पुलिस नियंत्रण कक्ष को देने की अपील की।

## बिथरा मोड़ पर मानिकपुर पुलिस ने चलाया सघन वाहन जांच अभियान

### नियम तोड़ने वालों से वसूला गया 10 हजार रुपये का जुमार्ना

**कुर्था (एनएसबी)।** मानिकपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बिथरा मोड़ के समीप शुक्रवार को सड़क सुरक्षा एवं अपराध नियंत्रण को लेकर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। यह अभियान मानिकपुर थानाध्यक्ष स्मिता उपाध्याय के नेतृत्व में संचालित किया गया। जांच के दौरान आने-जाने वाले दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों को रोककर उनके आवश्यक दस्तावेजों की गहन जांच की गई। वाहन जांच के दौरान पुलिस टीम ने वाहन चालकों से ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन का रजिस्ट्रेशन प्रमाणपत्र (आरसी), बीमा, प्रदूषण प्रमाणपत्र (पीयूसी) सहित अन्य आवश्यक कागजातों की जांच की। जिन वाहन चालकों के पास आवश्यक दस्तावेज नहीं मिले अथवा यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाए गए, उनके विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए कुल 10 हजार रुपये का चालान काटा गया। थानाध्यक्ष स्मिता उपाध्याय ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने तथा अपराधियों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से नियमित रूप से वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे सभी आवश्यक कागजात अपने साथ रखें, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें तथा यातायात नियमों का पालन करें। नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद रहा। जांच के कारण कुछ समय के लिए वाहनों की गति धीमी रही, लेकिन पुलिस ने व्यवस्थित तरीके से जांच पूरी कर यातायात को सुचारु बनाए रखा। स्थानीय लोगों ने भी सड़क सुरक्षा और कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए चलाए जा रहे इस अभियान की सराहना की।


वहां चेक करते थानाध्यक्ष।

## कलेर प्रखंड में बिजली संकट गहराया, घंटों की कटौती से जनजीवन अस्त-व्यस्त


सबस्टेशन पहलेजा।

**मेहंदिया (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र में मानसून की शुरूआत से ही बिजली आपूर्ति की समस्या लगातार गंभीर बनी हुई है। पहले विद्युत विभाग की ओर से बारिश, तेज हवा, पोल एवं तार टूटने को बिजली बाधित होने का कारण बताया जाता था, लेकिन अब जबकि न तेज हवा चल रही है और न ही कोई प्राकृतिक बाधा है, इसके बावजूद कई गांवों में घंटों तक बिजली गायब रह रही है। इससे आम लोगों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है।बिजली की अनियमित आपूर्ति का सबसे अधिक असर घरेलू जीवन के साथ-साथ छोटे व्यवसाय, खेती, पढ़ाई और दैनिक रोजगार पर पड़ रहा है। आज के समय में अधिकांश कार्य बिजली पर निर्भर हैं। बिजली नहीं रहने से दुकानदारों का कारोबार प्रभावित हो रहा है, विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित हो रही है, किसानों को सिंचाई में कठिनाई हो रही है तथा घरेलू कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। उमस भरी गर्मी में घंटों बिजली नहीं रहने से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि बिजली आपूर्ति बाधित होने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संपर्क करना भी लगभग असंभव हो जाता है। लोगों का कहना है कि सब-स्टेशन के संपर्क नंबरों को कई बार कॉल डायवर्ट कर दिया जाता है, जिसके कारण फोन लगातार 'बिजी' बताता रहता है।

**अधिकारी भी नहीं उठा रहे फोन**

## उद्घाटन के वर्षों बाद भी लारी एपीएचसी का आवासीय भवन खाली

**कुर्था (एनएसबी)।** अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लारी में स्वास्थ्यकर्मियों के रहने के लिए बनाए गए आवासीय भवन का उद्घाटन हुए कई वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन स्वास्थ्य विभाग की उदासीनता के कारण आज तक किसी भी चिकित्सक या स्वास्थ्यकर्मी को आवासीय फ्लैट आवंटित नहीं किया गया है। इससे स्वास्थ्यकर्मियों को निजी मकानों में रहना पड़ रहा है और इसका सीधा असर स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, एपीएचसी लारी में कार्यरत चिकित्सक एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी कुर्था, टेकारी तथा अन्य स्थानों पर निजी मकान किराए के रूप में रहते हैं। दूर से आने-जाने के कारण कई बार स्वास्थ्यकर्मियों के स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने में विलंब हो जाता है। इसका खामियाजा इलाज के लिए आने वाले मरीजों को भुगतना पड़ता है। सुबह के समय मरीजों को चिकित्सक और अन्य कर्मियों के आने का इंतजार करना पड़ता है, जिससे उन्हें काफी असुविधा होती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकार ने स्वास्थ्यकर्मियों की सुविधा और ग्रामीण क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आवासीय भवन का निर्माण कराया था, लेकिन वर्षों बाद भी उसका उपयोग नहीं हो रहा है। भवन खाली पड़ा रहने से सरकारी संसाधनों का भी समुचित उपयोग नहीं हो पा रहा है। सूत्रों के अनुसार अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लारी में एक चिकित्सक सहित लगभग नौ स्वास्थ्यकर्मी पदस्थापित हैं। इसके बावजूद किसी भी कर्मी को आवासीय परिसर का फ्लैट आवंटित नहीं किया गया है। यदि आवास उपलब्ध कराया जाए तो स्वास्थ्यकर्मी समय पर ड्यूटी पर पहुंच सकेंगे और मरीजों को बेहतर एवं त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुर्था के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार से उनका पक्ष जानने के लिए संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका। स्वास्थ्यकर्मियों को आवास आवंटित नहीं किए जाने के पीछे विभाग का पक्ष स्पष्ट नहीं हो पाया है। स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग के वरीय अधिकारियों से शीघ्र आवासीय फ्लैट आवंटित कराने की मांग की है, ताकि स्वास्थ्यकर्मियों को रहने की सुविधा मिल सके और एपीएचसी लारी में स्वास्थ्य सेवाएं समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से संचालित हो सकें।


बंद पड़ा आवासीय परिसर।

**स्वास्थ्यकर्मियों को उठानी पड़ रही परेशानी**

## जहानाबाद पुलिस हाई अलर्ट पर, प्रमुख चौक-चौराहों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी

**जहानाबाद (एनएसबी)।** राज्य में जारी सुरक्षा चुनौतियों एवं विभिन्न स्थानों पर हो रहे प्रदर्शनों को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कोटा किरण कुमार जहानाबाद के निर्देश पर जिलेभर में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ कर दी गई है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले के सभी थाना क्षेत्रों की पुलिस हाई अलर्ट पर है। पुलिस बल आधुनिक सुरक्षा गियर एवं आवश्यक उपकरणों से लैस होकर शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, संवेदनशील स्थानों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में लगातार गश्त कर रही है। संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रही है तथा प्रत्येक गतिविधि की सतत निगरानी की जा रही है। जिला पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शांति, सौहार्द और जनसुरक्षा बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी अप्रिय स्थिति या कानून-व्यवस्था भंग करने के प्रयास से सख्ती एवं तत्परता के साथ निपटा जाएगा। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सभी थाना प्रभारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को सतर्क रहने, संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने तथा आमजन के साथ निरंतर संवाद बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। जहानाबाद पुलिस ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें।



## छात्र आंदोलन के समर्थन में अरवल बंद शांतिपूर्ण हो

**अरवल (एनएसबी)।** अधिवक्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता निसार अख्तर अंसारी ने 25 जुलाई 2026 (शनिवार) को प्रस्तावित बिहार बंद के समर्थन में अरवल बंद का जोरदार समर्थन करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि छात्रों का आंदोलन अब केवल छात्रों तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह जन-आंदोलन का स्वरूप ले चुका है। देशभर के छात्र और नौजवान अपनी विभिन्न मांगों को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। निसार अख्तर अंसारी ने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक को शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखने और विरोध दर्ज कराने का संवैधानिक अधिकार प्राप्त है। उन्होंने अरवल जिले के सभी नागरिकों, छात्र-युवाओं, सामाजिक संगठनों एवं आम जनता से अपील की कि वे 25 जुलाई को शांतिपूर्ण एवं अनुशासित तरीके से बंद को सफल बनाएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी परिस्थिति में कानून को अपने हाथ में न लें तथा किसी भी सरकारी या निजी संपत्ति को नुकसान न पहुँचाएँ। हमारा विरोध सरकार की नीतियों से है, न कि सार्वजनिक या निजी संपत्ति से। शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक आंदोलन ही जनशक्ति की सबसे बड़ी पहचान है। उन्होंने प्रशासन से भी आग्रह किया कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वाले नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों का सम्मान किया जाए तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखते हुए सहयोगात्मक रवैया अपनाया जाए।


निसार अख्तर।